अधिकतम :36°C
न्यूनतम: 22°C
सेंसेक्स 79,801.43
निफ्टी 24,246.70
सोना 98,900
चांदी 1,00,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 174 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 26 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**पाकिस्तान से इजरायल जैसा बदला ले भारत: माइकिल रुबिन**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**भारत पाक के खिलाफ द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेलेगा: राजीव शुक्ला**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो टूक

# आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का आ गया है समय



मधुबनी, वार्ता

- कहा : आतंकियों एवं साजिशकर्ताओं को ऐसी सजा मिलेगी, जो उनकी कल्पना से भी बड़ी होगी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को भारत की आत्मा पर हमला बताया और देश की 140 करोड़ आबादी की इच्छाशक्ति के संबल से दहाड़ते हुए गुरुवार को कहा कि अब आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है और आतंकियों एवं साजिशकर्ताओं को ऐसी सजा मिलेगी, जो उनकी कल्पना से भी बड़ी होगी।

पीएम मोदी ने गुरुवार को यहां झंझारपुर के लोहना पंचायत में पंचायती राज स्थापना दिवस पर आयोजित सभा में 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है। देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी -शेष पृष्ठ दो पर

### पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सभी वीजा सेवाएं बंद

**नई दिल्ली।** सरकार ने जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने यहां बताया कि भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल से रद्द कर दिए गए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल तक वैध होंगे। वर्तमान में भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को संशोधित समयसीमा के हिसाब से वीजा की समाप्ति से पहले भारत छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। पाकिस्तान में मौजूद भारतीय नागरिकों को भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी जाती है।

## सर्वदलीय बैठक में मोदी के साथ एकसुर हुआ पूरा विपक्ष

- सर्वदलीय बैठक में केंद्र सरकार ने चूक स्वीकार की
- राहुल बोले- विपक्ष का केंद्र सरकार के हर एक्शन को समर्थन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले में सुरक्षा में चूक हुई है। सर्वदलीय बैठक में सरकार ने यह बात मानी है। गुरुवार को पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मीटिंग के बाद कहा कि आईबी और गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने नेताओं को चूक के बारे में जानकारी दी। गुरुवार की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह ने भी माना कि चूक हुई। उन्होंने कहा कि अगर कुछ नहीं हुआ होता, तो हम यहां क्यों बैठे होते। बैठक में सभी दलों ने कहा कि वे सरकार के साथ हैं और आतंकवाद के खिलाफ हैं। बैठक में विपक्ष के सांसदों ने आतंकी कैंपों को नष्ट करने की मांग की। साथ ही कहा कि सरकार सरकार आतंक के खिलाफ कड़े कदम उठाए। सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि सभी ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की। विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है। बैठक में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। ज्यादातर राजनीतिक दलों ने इंटेलिजेंस फेलियर और वहां पर प्रॉपर -शेष पृष्ठ दो पर



### पर्यटकों के हत्यारे आतंकियों पर 20 लाख का इनाम

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम हमले के आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। आतंकवादियों की पहचान अनंतनाग के निवासी आदिल हुसैन ठोकर, हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान और अली भाई उर्फ तलहा भाई के रूप में हुई है। पुलिस ने इन फरार आतंकवादियों के बारे में जानकारी देने पर 20 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया है। एनआईए की टीम भी जांच में शामिल हो गई है। गृह मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिसमें हमले पर चर्चा की गई।

## शिमला समझौता स्थगित करने की पाकिस्तान ने दी धमकी

इस्लामाबाद, वार्ता

- कहा: अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है, तो इसे एक्ट ऑफ वॉर जंग की तरह माना जाएगा

**पहलगाम हमले** के बाद भारत के कड़े फैसलों के जवाब में पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच सभी द्विपक्षीय समझौते स्थगित करने की बात कही है। इसमें 1972 का शिमला समझौता भी शामिल है।

पाकिस्तान की नेशनल सिक्योरिटी कमेटी (एनएससी) में गुरुवार को ये फैसले लिए गए। इसकी अध्यक्षता पीएम शहबाज शरीफ ने की। एक दिन पहले भारत ने भी सिंधु जल समझौता स्थगित करने समेत 5 बड़े फैसले लिए थे। पाकिस्तान ने कहा कि अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है, तो इसे एक्ट ऑफ वॉर यानी जंग की तरह माना जाएगा। पाकिस्तान ने कहा कि पाकिस्तान की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे का सभी क्षेत्रों में मजबूती से जवाब दिया जाएगा। हम किसी भी आतंकवादी गतिविधि की निंदा करते हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक एनसीएस की बैठक में कहा गया कि भारत में वक्फ विधेयक को जबरन पारित कराया गया, यह मुसलमानों को हाशिए पर डालने का प्रयास है। मीटिंग में पीएम शहबाज शरीफ, आर्मी चीफ आसिम मुनीर और अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारी शामिल हुए। उधर भारत सरकार ने बुधवार देर रात पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक साद अहमद वराइच को दिल्ली में तलब किया और उनके सैन्य राजनयिकों के खिलाफ पर्सोना नॉन ग्राटा का आधिकारिक नोट सौंपा। उन्हें एक सप्ताह के भीतर भारत छोड़ना होगा। पर्सोना नॉन ग्राटा का मतलब अवांछनीय व्यक्ति है। यह एक लैटिन शब्द है। इसका उपयोग ऐसे व्यक्ति के लिए किया जाता है, जिसे किसी देश में रहने या आने की अनुमति नहीं है। यह आमतौर पर डिप्लोमेटिक मामलों में इस्तेमाल किया जाता है।

### आईएनएस सूरत युद्धपोत से मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य की सटीकता से सफल परीक्षण किया है। ये मिसाइल परीक्षण हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। जानकारी के मुताबिक, भारतीय नौसेना की तरफ से अरब सागर में मिसाइल का परीक्षण किया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद आईएनएस सूरत पर किया गया परीक्षण दुश्मन देशों के लिए किसी चेतावनी से कम नहीं है। आईएनएस आईएनएस सूरत एक गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है, जिसे नौसेना के वारशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया और इसे मझगांव डाक शिपबिल्डर्स ने तैयार किया।

## अटारी बॉर्डर पर पाक के साथ सभी रस्म खत्म

- न खोले जाएंगे गेट और न होगी कोई सेरेमनी

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच एक बार फिर से तनाव का माहौल बन गया है। भारत के एक्शन के बाद पाकिस्तान ने भी कई फैसले लिए। इसके बाद भारत ने अटारी बॉर्डर पर पाकिस्तान के साथ सभी रस्म को खत्म करने का ऐलान किया।

अटारी बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट परेड के दौरान भारत की तरफ के गेट नहीं खोले जाएंगे और ना ही पाकिस्तान के जवानों के साथ हाथ मिलाने की सेरेमनी होगी। एक और शांति और दूसरी तरफ उकसाने के लिए इस तरह की आतंकी हरकतें एक साथ नहीं चल सकती। अटारी बॉर्डर, हुसैनीवाला बॉर्डर और सदकी बॉर्डर पर झंडा उतारने की रस्म के दौरान ना तो गेट खोले जाएंगे और ना ही झंडा उतारने के बाद पाकिस्तान के जवानों के साथ हाथ मिलाने की रस्म होगी।

### गलती से सीमा पार करने वाला BSF का जवान पाक हिरासत में

**नई दिल्ली।** पंजाब के फिरोजपुर में तैनात सीमा सुरक्षा बल का एक जवान बुधवार को गलती से सीमा पार चला गया, जहां उसे पाकिस्तानी रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया। सीमा सुरक्षा बल के अनुसार इस जवान को वापस लाने के लिए पाकिस्तान के अधिकारियों के साथ फ्लैग मीटिंग हुई। दोनों देशों की सीमाओं पर इस तरह की घटनाएं पहले भी हुई हैं जब जवान गलती से दूसरे देश की सीमा में प्रवेश कर गए थे।

## पाक का कॉपी-पेस्ट एक्शन

इस्लामाबाद, वार्ता

- पाक ने भारतीय राजनयिकों की संख्या कम की, 30 तक भारतीय राजनयिकों को लौटना होगा

**पहलगाम आतंकी** हमले के बाद भारत के एक्शन पर पाकिस्तान सरकार ने बड़ा फैसला किया है। एनएससी की बैठक के बाद पाकिस्तान सरकार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा है कि भारत ने पाकिस्तान पर एकतरफा कार्रवाई की है।

भारत की यह कार्रवाई गैरकानूनी है। भारत ने हमारे खिलाफ जो एक्शन लिया है, हमने उसका एक-एक कर जवाब दिया है। पाकिस्तान ने भारतीय राजनयिकों की संख्या कम कर दी है। 30 अप्रैल तक भारतीय राजनयिकों को यहां से लौटना होगा। भारत के लिए एयरस्पेस को बंद कर दिया गया है। भारत ने अटारी बॉर्डर को बंद कर दिया, हम भी बाघा बॉर्डर बंद कर रहे हैं। पाक ने कहा कि सिख तीर्थयात्रियों पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। सिंधु जल समझौते को लेकर पाकिस्तान ने कहा कि हम भी समझौतों पर प्रतिबंध लगा सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में पांच नक्सली ढेर

- 100 से अधिक सुरंगों को किया निष्क्रिय

**बीजापुर/बस्तर।** छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में पिछले 48 घंटों से नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा संयुक्त अभियान चल रहा है।

अब तक पांच नक्सली मारे गए हैं और आधुनिक हथियारों और विस्फोटक सामग्री का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। इस दौरान सुरक्षा बलों ने 100 से अधिक बारूदी सुरंगों का पता लगाया और उन्हें निष्क्रिय किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मारे गए नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बलों ने इस क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया है, जिसमें केंद्रीय सुरक्षा बलों, कोबरा बटालियन, जिला रिजर्व पुलिस बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल और महाराष्ट्र एवं तेलंगाना की कुलीन सी-शॉट कमांडर इकाइयों सहित कई बलों के लगभग 5,000 कर्मी शामिल हैं।

## कश्मीरी छात्रों के लिए दून पुलिस पूरी तरह सतर्क

मयूर गुप्ता

- एसएसपी ने दिए विशेष निर्देश
- विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कुल 1201 कश्मीरी छात्र-छात्राएं अध्ययनरत



**देहरादून।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुई आतंकी घटना के बाद देहरादून में रह रहे कश्मीरी मूल के छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस सक्रिय हो गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निवासरत एवं अध्ययनरत कश्मीरी छात्रों के सतत संपर्क में रहें तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

वर्तमान में देहरादून जनपद में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कुल 1201 कश्मीरी छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। जनपद पुलिस द्वारा इन सभी छात्रों का विवरण प्राप्त कर उनका सत्यापन पहले ही किया जा चुका है। एसएसपी अजय सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि बिधौली चौकी क्षेत्र में स्थित शिक्षण संस्थानों एवं पीजी संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित पक्षों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्हें यह भी कहा गया कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या सुरक्षा संबंधी चिंता की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें, साथ ही छात्रों को भरोसे में लेकर उन्हें सुरक्षा का पूर्ण आश्वासन दिया जाए। एसएसपी ने बताया कि ऐसे सभी स्थान जहां कश्मीरी छात्र-छात्राएं निवासरत हैं, वहां अतिरिक्त पीएसी बल की तैनाती की गई है, जो निरंतर गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर रहा है। इसके अतिरिक्त, पहलगाम घटना के संदर्भ में सोशल मीडिया पर प्रसारित आपत्तिजनक पोस्ट्स पर जनपद की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। अब तक 25 आपत्तिजनक पोस्ट्स को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटवाया गया है। साथ ही, धार्मिक उन्माद फैलाने वाले भड़काऊ भाषण के एक मामले में संबंधित संस्था के खिलाफ 'हेट स्पीच' और अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। एसएसपी अजय सिंह ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी नागरिक की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और पुलिस हर स्थिति में सतर्क व तैयार है।

### यूपी बोर्ड की 10वीं-12वीं का परीक्षा परिणाम आज

**प्रयागराज।** एशिया की सबसे बड़ी परीक्षा कराने वाली संस्था उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं का परिणाम शुक्रवार (आज) को घोषित किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने कहा कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परीक्षाफल शुक्रवार को अपरान्ह 12.30 बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद मुख्यालय प्रयागराज से घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षाफल को माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू-यूपीएमएसपी-ईडीयू-इन तथा डिजीलॉकर की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू-रिजल्ट्स-डिजीलॉकर-जीओवी-इन पर देखा जा सकता है।

### बॉम्बे हाईकोर्ट बोला-केवल तीन तलाक पर रोक


**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि केवल तत्काल तीन तलाक पर रोक है, तलाक-ए-अहसन पर नहीं। हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच के जस्टिस विभा कंकनवाड़ी और जस्टिस संजय देशमुख ने कहा कि मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम के तहत तलाक की परिभाषा में तलाक के वे रूप शामिल हैं, जिनका प्रभाव तत्काल होता है, या जिन्हें बदला नहीं जा सकता है। इस कमेंट के साथ ही कोर्ट ने जलगांव के एक शख्स और उसके माता-पिता के खिलाफ दर्ज शिकायत पर मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम की धारा 4 के तहत 2024 में दर्ज मामले को खारिज कर दिया। इस धारा के तहत कोई भी मुस्लिम व्यक्ति जो अपनी पत्नी को तीन तलाक देता है, जिसे तलाक-ए-बिद्दत कहा जाता है, उसे तीन साल तक की जेल की सजा दी जाएगी।

### उधमपुर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उधमपुर के डुडू-बसंतगढ़ इलाके में लट्टी के वन क्षेत्र में आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में विशेष सूचना मिलने पर जब तलाशी अभियान शुरू किया गया, तब सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच संक्षिप्त संपर्क स्थापित हुआ। आतंकवादियों ने तलाशी दल पर गोलीबारी की, जिसका जवाब दिया गया।

### सुप्रीम कोर्ट में गोधरा कांड पर सुनवाई 6 व 7 मई को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 6 और 7 मई को 2002 के गोधरा कांड मामले में गुजरात सरकार और दोषियों की याचिकाओं पर सुनवाई होगी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। बेंच ने बताया कि वह 6 और 7 मई को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा। पूरी सुनवाई में कम से कम दो हफ्ते का समय लगेगा।



# जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकियों के स्कैच जारी किए

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकवादी हमले में कथित रूप से शामिल दो पाकिस्तानी नागरिकों सहित तीन आतंकवादियों के स्केच जारी कर दिए हैं और 1500 से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने गुरुवार को यहां बताया कि तीन आतंकवादियों के स्केच जारी किए है और जारी जांच के तहत 1,500 से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

गौरतलब है कि प्रदेश के सुप्रसिद्ध पर्यटक स्थल पहलगाम के बैसरन मैदान में 22 अप्रैल को सबसे बर्बर आतंकवादी हमले में 27 लोगों की मौत हो गई। जिनमें से 25 पर्यटक और एक स्थानीय निवासी तथा एक नेपाली युवक को आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस बीच पुलिस ने आज यहां तीन हमलावरों के स्केच जारी किए और उनकी पहचान अनंतनाग के आदिल हुसैन थोकर और दो पाकिस्तानियों अली बही उर्फ तल्हा बही तथा हाशिम मूसा



■ 1500 से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया

उर्फ सुलेमान के रूप में की। पुलिस ने हमले के बारे में जानकारी या सुराग साझा करने वाले को 20-20 लाख रुपए का इनाम देने की भी घोषणा की। पुलिस ने बताया कि तीनों आतंकवादी बैसरन पहलगाम में नागरिकों पर आतंकवादी हमले में शामिल हैं। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के समर्थन वाले 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' नामक आतंकी संगठन (टीआरएफ) ने पर्यटकों पर हमले की जिम्मेदारी ली है। इस बीच पहलगाम हमले की जांच के दौरान घाटी के कई जिलों से करीब 1,500 संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों में संदिग्ध तौर पर आतंकियों की मदद करने वाले और आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े पूर्व रिकॉर्ड वाले लोग शामिल हैं। इस मामले की जांच अभी राज्य पुलिस कर रही है और उसने इस बाबत पहलगाम पुलिस थाने में मामला दर्ज भी कर लिया है। हालांकि आने वाले दिनों में यह मामला राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंपे जाने की संभावना है।

### जम्मू-कश्मीर से बाहर रहने वाले कश्मीरियों को सुरक्षा मिले, उमर व महबूबा ने उठाई मांग

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पहलगाम में हुए सबसे घातक आतंकी हमले के बाद कश्मीरियों की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच गुरुवार को कहा कि सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अन्य राज्यों के अधिकारियों के संपर्क में है। पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी इस मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की और उनसे देश भर में धमकियों और उत्पीड़न का सामना कर रहे कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की जान जाने के बाद कई राज्यों में कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों को धमकी और दुर्व्यवहार का सामना करने की खबरें सामने आई हैं। देहरादून में हिंदू रक्षा दल ने कथित तौर पर एक अल्टीमेटम जारी किया है, जिसमें कश्मीरियों को दस दिनों के भीतर शहर छोड़ने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार उनकी सुरक्षा के लिए अन्य राज्यों की सरकारों के संपर्क में है। उमर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार उन राज्यों की सरकारों के संपर्क में है, जहां से ये रिपोर्ट आ रही हैं। मैं इन राज्यों के अपने समकक्ष मुख्यमंत्रियों के भी संपर्क में हूं और उनसे अतिरिक्त सावधानी बरतने का अनुरोध किया है।

# पाक से इजरायल जैसा बदला ले भारत

वाशिंगटन, वार्ता

■ पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल बोले- अब कोई रास्ता नहीं, पाक सेना प्रमुख असीम मुनीर के उस भाषण को जिम्मेदार ठहराया

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में गुस्सा है। सभी पहलगाम के बायसरन में हुए आतंकी हमले की निंदा कर रहे हैं। इस बीच, पेंटागन के पूर्व अधिकारी ने इस हमले को लेकर सीधे तौर पर पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के उस भाषण को जिम्मेदार ठहराया है जिसमें उन्होंने कहा था कश्मीर पर हमारा रुख एकदम साफ है, यह हमारी गर्दन की नस थी, यह हमारी गर्दन की नस रहेगी। हम इसे नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके संघर्ष में नहीं छोड़ेंगे।

पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि इस हमले के बाद साफ है कि भारत को पाकिस्तान की गर्दन काटने की ज़रूरत है। इसमें कोई शक या संदेह नहीं होना चाहिए। पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि हम जानते हैं कि पाकिस्तान कई आतंकवादी समूहों का घर है, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा भी शामिल है। दुर्भाग्य से, पाकिस्तानी राजनयिकों द्वारा पश्चिम को मूर्ख बनाने के कारण आतंकवाद विरोधी कार्रवाई की कमी के कारण, अब हमारे पास न केवल पाकिस्तान में बल्कि बांग्लादेश में भी ऐसी ही समस्या का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में खुफिया जानकारी सामने आएगी। मुझे यकीन है कि कुछ संकेत मिलेंगे। वैचारिक दलदल के आधार पर कहा जा सकता है कि यह पाकिस्तान की आईएसआई है, तथा वे ही तार्किक और वैचारिक रूप से एकमात्र देश हैं जो इस समय संदिग्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह वैसा ही है जैस 7 अक्तूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर हमला किया था। वह हमला खास तौर पर यहूदियों के खिलाफ था और सिर्फ यहूदियों के खिलाफ ही नहीं, बल्कि उन सबसे उदार यहूदियों के खिलाफ था जो गाजा पट्टी के साथ शांति और सामान्य स्थिति चाहते थे। अब छुट्टी मनाने वाले रिसार्ट पर मध्यम वर्ग के हिंदुओं को निशाना बनाने से साफ है कि पाकिस्तानी अब वही रणनीति अपना रहे हैं। ऐसे में अब भारत का कर्तव्य है कि वह पाक और पाक की आईएसआई के साथ वैसा ही करे जैसा इजरायल ने हमास के साथ किया था। अब समय आ गया है कि आईएसआई के नेतृत्व को खत्म कर दिया जाए और उन्हें एक नामित आतंकी समूह के रूप में माना जाए और मांग की जाए कि भारत का सहयोगी हर देश, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का सहयोगी हर देश ऐसा ही करे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में तीन दिन चलेगी लू, फिर पड़ सकती हैं बौछारें

**लखनऊ।** भीषण गर्मी की चपेट में आए उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में अगले तीन दिनो तक 'लू' चलने के आसार है, जबकि 27 अप्रैल से पूर्वी उत्तर प्रदेश और 29 अप्रैल से समूचे राज्य में तेज आंधी और बौछार पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घटों में राज्य के अधिकतर इलाकों में मौसम आमतौर पर शुष्क रहने का अनुमान है। इस अवधि में उष्ण लहर (लू) लोगों को परेशान करेगी। हालांकि 27 अप्रैल से पूर्वी उत्तर प्रदेश में बूंदाबांदी से तापमान में मामूली गिरावट के आसार है। मौसम में फौरी परिवर्तन का दौर 30 अप्रैल तक जारी रहने का अनुमान है और 29 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश को भी बूंदाबांदी से राहत मिलने के आसार हैं। इस बीच भीषण गर्मी को देखते हुए लखनऊ जिला प्रशासन ने आठवीं तक की कक्षाओं को सुबह सात बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक संचालित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी विशाख जी ने कहा कि अगले आदेश तक स्कूलों में छात्रों के लिए बाहरी गतिविधियों पर भी रोक लगाई जाए।

### तुर्की में आ सकता है 7.2 तीव्रता का भूकंप

**इस्तांबुल।** तुर्की में हाल ही में आए 6.2 तीव्रता के भूकंप को 7-7.2 की तीव्रता वाले भूकंप के पूर्व संकेत के रूप में देखा जा रहा है जिसकी वर्ष 2045-2075 के बीच आने की आशंका है। तुर्की के भूकंप विज्ञानी अहमत एरकन ने गुरुवार को रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को बताया कि इस्तांबुल में हाल ही में आया 6.2 तीव्रता का भूकंप 2045-2075 में आने वाले 7-7.2 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप का पूर्व संकेत था। उन्होंने कहा, बुधवार को आया भूकंप पूर्वी थ्रेस क्षेत्र में आने वाले 7-7.2 तीव्रता के भूकंप की चेतावनी थी या उससे पहले एक तरह का वार्म-अप था। नए भूकंप का केंद्र जमीन से सात से 13 किलोमीटर हो सकता है, लेकिन लेकिन झटके 22 गुना अधिक शक्तिशाली होंगे। मेरे शोध के अनुसार, इस शक्तिशाली भूकंप के 2045 और 2075 के बीच आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस्तांबुल के वे निवासी जिनके घर 1999 के बाद बने हैं, जब सख्त निर्माण नियम लागू किए गए थे, और जो ठोस जमीन पर स्थित हैं, उन्हें बहुत चिंतित होने की जरूरत नहीं है।

# यूपी में एडेड विद्यालयों के शिक्षकों का मानदेय बढ़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मृतक आश्रितों की नियुक्ति पर लगी रोक हटी, रोक हटी, परिवहन निगम में होगी 1164 भर्ती

**लखनऊ।** उप्र कैबिनेट बाई सर्कुलेशन द्वारा कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगाई। इन फैसलों में कानपुर बनारस, बाराबंकी की कई सड़कों के लिए बजट मंजूर किया गया। अयोध्या एयरपोर्ट की भूमि पर स्टांप शुल्क पर सरकार ने छूट दी है। हाईकोर्ट के सेवारत और सेवानिवृत्त जजों को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी।

प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों में मानदेय पर तैनात 1020 से अधिक शिक्षकों को बड़ी राहत दी गई है। कैबिनेट ने बाई सर्कुलेशन इनका मानदेय बढ़ाने और दो सत्र का कार्यकाल बढ़ाने को सहमति दे दी है। इसके तहत पूर्व मध्यमा (हाईस्कूल) में पढ़ा रहे शिक्षकों का मानदेय 12 से बढ़ाकर 20 हजार और उत्तर मध्यमा (इंटर) में पढ़ा रहे शिक्षकों का मानदेय 15 से बढ़ाकर 20 हजार करने पर कैबिनेट ने सहमति दे दी है। वहीं एडेड व राजकीय संस्कृत विद्यालयों में शिक्षकों की कमी और छात्रों की पढ़ाई पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए, नियमित नियुक्ति न होने के कारण 2021 व 2023 में रखे गए व वर्तमान में काम कर रहे मानदेय शिक्षकों का कार्यकाल शैक्षिक सत्र 2025-26 व 2026-27 के लिए बढ़ाने पर भी सहमति दी गई है। इस निर्णय से राजकीय संस्कृत विद्यालयों में पढ़ाई करा रहे मानदेय शिक्षक भी लाभांवित होंगे। उनका भी कार्यकाल दो सत्र के लिए बढ़ जाएगा। परिवहन निगम में 1164 मृतक आश्रितों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। निगम के इस प्रस्ताव को बृहस्पतिवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी दे दी गई है। सार्वजनिक उद्यम विभाग ने 11 जुलाई 2003 को उपक्रमों एवं निगमों में मृतक आश्रितों की नियुक्ति पर रोक लगा दी गई थी। इसके विरोध में कई बार कर्मचारी संगठनों ने निगम मुख्यालय पर धरना- प्रदर्शन भी किया। ऐसे में परिवहन निगम ने सार्वजनिक उपक्रमों एवं निगमों में मृतक आश्रित के सेवायोजन पर लगे प्रतिबंध को शिथिल करने और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में मृतक आश्रितों की नियुक्ति की अनुमति मांगी। कैबिनेट बाई सर्कुलेशन इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस प्रस्ताव के मंजूर होने के बाद निगम में 1164 मृतक आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी मिल सकेगी। निगम की ओर से तय किए गए इन मृतक आश्रितों में अलग-अलग कैडर के आश्रित हैं।

## आतंकवादियों और उनके आकाओं को मिलेगी कृत्य की सजा: योगी

# साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा

कानपुर, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादियों और उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हे इस जघन्य कृत्य की कठोर सजा जल्द मिलेगी।

पहलगाम में आतंकवादी हमले के शिकार शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद योगी ने परिजनों को ढांढस बंधाया और विश्वास दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर कायम है और पहलगाम में वीभत्स, कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों, उनके आकाओं और साजिशकर्ताओं को उनके अंजाम तक जल्द पहुंचाएगी। योगी ने बाद में एक संक्षिप्त प्रेस वार्ता में कहा कि पहलगाम की घटना दर्शाती है कि आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। बहन बेटियों के सामने उनका सुहाग उजाड़ने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके इस कृत्य की सजा मिलेगी। देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा है। केंद्र सरकार ने कल ही महत्वपूर्ण फैसले लिए है।

आतंकवाद और उग्रवाद पर भाजपा सरकार जीरो टालरेंस नीति पर कायम है। इस कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया ने पहलगाम के आतंकवादी हमले की निंदा की है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराया है। योगी ने शुभम के पिता, पत्नी और अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें इस दुख की घड़ी में पूरी सरकार और प्रदेश के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि महाराजपुर क्षेत्र के हाथीगांव निवासी शुभम की पहलगाम में उनकी पत्नी के सामने हत्या कर दी गयी थी। उनका पार्थिव शरीर बुधवार देर रात यहां लाया गया। पार्थिव शरीर के साथ एमएसएमई मंत्री राकेश सचान साथ आए।



■ शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद योगी ने परिजनों को ढांढस बंधाया

### कश्मीर में पर्यटन से मिलती है अल जेहाद को मजबूती: राजा भैया

**प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर कहा कि कश्मीर में पर्यटन आतंकवाद को आर्थिक मदद प्रदान कर रहा है। उन्होंने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक भावुक और कठोर संदेश साझा करते हुए कश्मीर में पर्यटन को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। राजा भइया ने लिखा कि हिंदू पहले ही कश्मीर में मारे जा चुके हैं और जो बच गए, वे आज भी अपने ही देश में शरणार्थी की तरह जीवन बिता रहे हैं। उन्होंने पर्यटकों से अपील करते हुए कहा कि जब हम अपने परिवार को गर्मी की छुट्टियों में कश्मीर घुमाने ले जाते हैं, तो न केवल अपने परिजनों की जान को खतरे में डालते हैं, बल्कि अलगाववादी, आतंकवादी और जिहादी ताकतों को आर्थिक रूप से भी मजबूत करते हैं। कश्मीर में पर्यटन करने से आतंक वाद को मजबूती मिलती है पूर्व मंत्री ने कहा कि डल झील में नाव की सैर करते हुए ली गई तस्वीरें यह झूठा संदेश देती हैं कि कश्मीर में शांति है, जबकि सच बार-बार आतंकी हमलों के ज़रिए सामने आता है।

### पर्यटकों की सुरक्षा में विफल रही सरकार: अखिलेश



**लखनऊ।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी घटना की भर्त्सना करते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा में विफल रही केंद्र सरकार को इन आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यादव ने कहा कि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता, उनका धर्म डर फैलाना होता है, ताकि स्थानीय कारोबार को प्रभावित किया जा सके। अब सरकार ने इस बारे में सर्वदलीय बैठक बुलायी है, तो उनकी पार्टी अपना पक्ष सर्वदलीय बैठक में रखेगी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो रामगोपाल यादव सपा का प्रतिनिधित्व करेंगे।

यादव ने कहा कि किसी भी दल को ऐसी वीभत्स घटना से राजनीतिक लाभ नहीं लेना चाहिए, क्योंकि यह देश हित का मामला है। सरकार की यह भी जिम्मेदारी है कि किसी भी तरह की फेक न्यूज जो हमारी आतंरिक और बाह्य सुरक्षा को ठेस पहुंचाती है, उस पर तुरंत रोक लगाए और सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखे। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी में सरकार ने अपने विवेक के अनुसार निर्णय लिए और अब सरकार की जिम्मेदारी थी कि कश्मीर जा रहे पर्यटकों की सुरक्षा का ध्यान रखे। पहलगाम में जिस स्थान पर आतंकवादियों ने निरीह पर्यटकों पर गोली बरसाई, वह निर्जन स्थान नहीं था, मगर पर्यटकों की सुरक्षा के लिए वहां कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। सरकार को यह जिम्मेदारी लेनी ही होगी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि आतंकवाद की घटना के बाद सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों का उनकी पार्टी स्वागत करती है।


## अर्थ व्यापार

# दिग्गज कंपनियों में मुनाफावसूली से शेयर बाजार ढेर

मुंबई, वार्ता

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इटरनल समेत 16 दिग्गज कंपनियों में हुई मुनाफावसूली से शेयर बाजार पिछले लगातार सात कारोबारी सत्र की तेजी गंवाकर आज गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 315.06 अंक लुढ़ककर 80 हजार के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 79,801.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 82.25 अंक फिसलकर 24246.70 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.16 प्रतिशत उतरकर 43,590.49 अंक और स्मॉलकैप 0.01 प्रतिशत टूटकर 49,267.43 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1920 में लिवाली जबकि 2015 में बिकवाली हुई, वहीं 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2930 कंपनियों में कारोबार



हुआ, जिनमें से 1441 में गिरावट जबकि 1404 में तेजी रही वहीं 85 में टिकाव रहा। बीएसई में सर्विसेज, धातु, हेल्थकेयर और कमोडिटीज में 0.63 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 17 समूहों में मुनाफावसूली का दबाव रहा। इस दौरान सीडी 0.33, ऊर्जा 0.06, एफएमसीजी 0.82, वित्तीय सेवाएं 0.40, इंडस्ट्रियल्स 0.18, आईटी 0.11, दूरसंचार 0.28, यूटिलिटीज 0.28, ऑटो 0.22, बैंकिंग 0.31, कैपिटल गुड्स 0.04, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.19, तेल एवं गैस 0.17, पावर 0.17, रियल्टी 1.39, टेक 0.59 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.24 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.10, जर्मनी का डैक्स 0.36 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.74 प्रतिशत गिर गया, जबकि जापान का निक्केई 0.49 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.03 प्रतिशत की तेजी रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 58 अंक की गिरावट लेकर 80,058.43 अंक पर खुला, लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 80,173.92 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं मुनाफावसूली होने से यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 79,724.55 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 80,116.49 अंक के मुकाबले 0.39 प्रतिशत गिरकर 79,801.43 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी 51 अंक उतरकर 24,277.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,347.85 अंक के उच्चतम जबकि 24,216.15 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,328.95 अंक की तुलना में 0.34 प्रतिशत कमजोर रहकर 24,246.70 अंक पर बंद हुआ। टाइटन 0.83, एशियन पेंट 0.47, बजाज फिनसर्व 0.29, टाटा स्टील 0.28, रिलायंस 0.13, एक्सिस बैंक 0.07, एलटी 0.03 और नेस्ले इंडिया के शेयर 0.03 प्रतिशत लाभ में रहे।

## अर्थ व्यापार

# खाद्य तेलों में रहा टिकाव, चावल महंगा

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकालने से चावल महंगा हो गया, अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा आठ रिंगिट फिसलकर 4134 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.26 सेंट की बढ़त लेकर 48-60 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850- 5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15385 रुपए, मूंगफली तेल 19047 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 14835 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।



## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आतंकियों को...** कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी। श्री मोदी ने बिहार की धरती से आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पूरी दुनिया को एक सशक्त संदेश दिया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत हर उस आतंकवादी और उसके संरक्षक को पहचानेगा, ढूंढ़ेगा और सजा देगा, जो देश की शांति और सुरक्षा को चुनौती देता है। भारत आतंकवादियों को धरती के अंतिम कोने तक खदेड़ेगा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी और आतंकियों को उचित दंड मिलेगा। उन्होंने कहा कि मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों की जनता और नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं, जो इस मुश्किल घड़ी में हमारे साथ खड़े हैं। मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है उससे पूरा देश व्यथित है। कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं।

**सर्वदलीय बैठक...** सुरक्षा डेप्लॉयमेंट की बात उठाई। राहुल गांधी ने भी पूछा कि ऊपर जहां घटना हुई वहां सुरक्षाकर्मी क्यों नहीं थे, जिस पर सरकार का कहना था कि जनरली इस रूट को जून के महीने में खोला जाता है। जब अमरनाथ यात्रा शुरू होती है, क्योंकि अमरनाथ यात्रा के यात्री इस जगह पर रेस्ट करते हैं, लेकिन इस बार लोकल टूर ऑपरेटर्स ने सरकार को बिना जानकारी दिए हुए वहां पर टूरिस्ट की बुकिंग लेनी शुरू कर दी और 20 अप्रैल से वहां पर टूरिस्ट को ले जाना शुरू कर दिया। जिस बात की जानकारी लोकल अथॉरिटीज को नहीं थी। इस वजह से वहां पर डेप्लॉयमेंट नहीं किया गया, क्योंकि इस जगह पर डेप्लायमेंट हर साल जून के महीने में अमरनाथ यात्रा के शुरू होने से पहले होता है। केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि केंद्र सरकार उस देश के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है, जो आतंकवादी समूहों को पनाह देता है। अंतर्राष्ट्रीय कानून हमें पाकिस्तान के खिलाफ आत्मरक्षा में हवाई और नौसैनिक नाकाबंदी करने और हथियारों की बिक्री पर पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाने की भी अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ को बैसरन मैदान में क्यों नहीं तैनात किया गया, त्वरित प्रतिक्रिया दल को वहां पहुंचने में एक घंटा क्यों लगा और उन्होंने लोगों का धर्म पूछकर उन्हें गोली क्यों मारी। कश्मीरियों और कश्मीरी छात्रों के खिलाफ झूठा प्रचार बंद होना चाहिए। जिस तरह से आतंकवादियों ने लोगों का धर्म पूछकर उनकी हत्या की निंदा करता हूं। यह बहुत अच्छी बात है कि सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया गया है, लेकिन हम पानी कहां रखेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जो भी फैसला लेगी हम उसका समर्थन करेंगे। यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। इस अवसर पर डायरेक्टर इंटेलिजेंस ब्यूरो ने 15 मिनट का प्रजेंटेशन दिया।

# डोनाल्ड ट्रम्प की लोकप्रियता में आई गिरावट

## सर्वे में खुलासा- केवल 41 फीसदी लोगों की पसंद हैं राष्ट्रपति

वाशिंगटन, वार्ता

राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प की लोकप्रियता में लगातार गिरावट आ रही है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था, टैरिफ और आव्रजन मुद्दों को लेकर अमेरिकियों का विश्वास ट्रम्प पर से कम हो रहा है।

हाल ही में हुए सर्वे में खुलासा हुआ है कि केवल 41 फीसदी अमेरिकी ही ट्रम्प के समर्थन में हैं। जबकि चुनाव के दौरान यह आंकड़ा कहीं ज्यादा था। इकोनामिस्ट/यूगोव सर्वे में ट्रम्प की रेटिंग में गिरावट सामने आई। अब केवल 41 प्रतिशत अमेरिकी उनके समर्थन में हैं। जबकि जनवरी में यह संख्या लगभग आधे से ज्यादा थी। वहीं प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा किए गए एक अन्य सर्वे में सामने आया कि ट्रम्प के काम की रेटिंग फरवरी में 47 प्रतिशत से गिरकर 40 प्रतिशत हो गई है। यह पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के 59 फीसदी से काफी कम है। वहीं गैलप ने पिछले सप्ताह कहा था कि कुल मिलाकर राष्ट्रपति बनने के पहले तीन महीनों में ट्रम्प की औसत अनुमोदन रेटिंग 45 प्रतिशत रही है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका में निर्वाचित सभी अन्य राष्ट्रपतियों से कम है। इससे साफ है कि अमेरिकियों का ट्रम्प की अर्थव्यवस्था जैसे प्रमुख मुद्दों को संभालने की क्षमता पर विश्वास कम हो रहा है। पिछले वर्ष मतदाताओं ने 78 वर्षीय अरबपति को अर्थव्यवस्था के मामले में मजबूत माना था, लेकिन इस महीने लगाए गए व्यापक टैरिफ ने वैश्विक बाजारों को हिलाकर रख दिया है। इकोनामिस्ट/यूगोव सर्वे के अनुसार अब 54 प्रतिशत अमेरिकियों का मानना है कि अर्थव्यवस्था खराब हो रही है, जबकि जनवरी में यह आंकड़ा 37 प्रतिशत था। इकोनामिस्ट/यूगोव सर्वे में पाया गया कि 45 प्रतिशत अमेरिकी लोग ट्रम्प के आव्रजन संबंधी प्रबंधन के तरीके से सहमत हैं, जबकि दो सप्ताह पहले यह आंकड़ा 50 प्रतिशत था। रायटर्स/इप्सोस सर्वे के मुताबिक जीवन-यापन की लागत के मामले में ट्रम्प की रेटिंग काफी कम है। केवल 31 प्रतिशत अमेरिकी ही इस मुद्दे पर उनके प्रदर्शन को मंजूरी देते हैं।



अमेरिकीयों का विश्वास घटा

### ईरान यूरेनियम संवर्धन छोड़े, तभी समझौता संभव

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि अमेरिका और ईरान में कोई भी समझौता तभी होगा, जब ईरान यूरेनियम संवर्धन बंद करेगा। बुधवार को जारी हुए एक इंटरव्यू में मार्को रूबियो ने ए बात कही। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। एक तरफ अमेरिका के विदेश मंत्री ईरान के यूरेनियम संवर्धन के काम का पूरी तरह से बंद करने की मांग कर रहे हैं, वहीं ईरान का कहना है कि उन्हें अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए यूरेनियम संवर्धन की जरूरत है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
कालीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# शिक्षा में बेमिसाल है नैनीताल

## अनूठा वातावरण, स्वच्छ पर्यावरण और नैसर्गिक सुंदरता से बना नैनीताल शिक्षा का हब



150 सालों से भी अधिक समय से चले आ रहे नैनीताल की स्कूली शिक्षा का कोई जवाब नहीं। जिसके चलते नगर के कई स्कूल देशभर की स्कूलिंग में टॉप टेन में स्थान बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। उत्कृष्ट शिक्षा के कारण देश विदेश के बच्चे अपना भविष्य संवारने के लिए नैनीताल को प्राथमिकता देते हैं।

वर्तमान परिवेश में सामाजिक वातावरण बदला है तो शिक्षा का स्वरूप भी बदल गया है, जो वैश्विक स्तर पर की हो चली है। जिसके अनुरूप खुद को स्थापित कर पाना शिक्षण संस्थानों की मजबूरी हो चली है। इस वजह ने नैनीताल के स्कूलों को बदल डाला है। जिस कारण नगर के नामी स्कूल हाईटेक बन गए हैं। बोलचाल से लेकर खानपान और व्यवहार कुशलता ने यहां शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों की अलग पहचान बनादी है। बच्चों की उत्कृष्ट शिक्षा के चलते देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मान सम्मान के साथ स्थान दिया जाता है। दरअसल नैनीताल की आबोहवा ही कुछ ऐसी है, जो शिक्षण कार्य के अनुकूल है। यह कुदरत का ऐसा वरदान है, जो बच्चों का बौद्धिक व शारीरिक विकास में सहायक है तो स्वास्थ्य के लिए भी बेहद अनुकूल है। प्रदूषणमुक्त साफ सुथरा शांत वातावरण इस नगर को शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया के चुनिंदा स्थानों में शामिल करता है। अनूठा वातावरण, सुंदर पर्यावरण और नैसर्गिक सुंदरता के कारण ही अंग्रेजों ने इस नगर को छोटी विलायत नाम दे डाला और शिक्षा का हब बना दिया। यहां अत्याधुनिक आवासीय विद्यालयों की भरमार है तो छोटे छोटे प्ले स्कूल नन्हे मनों को

सामाजिक समरसता में ढालकर जीवन की डगर को आसान बनाते हैं। नैनीताल उत्तर भारत के अलावा पूर्वी प्रांतों की पहली पसंद है। इन प्रदेशों से हजारों की संख्या में प्रति वर्ष बच्चे इस नगर में शिक्षा ग्रहण करने आते हैं और भविष्य संवारते हैं।

प्रस्तुति :
दिग्विजय सिंह बिष्ट
अकांक्षी मेवाड़ी

### आवासीय विद्यालयों में उत्कृष्ट भूमिका निभा रहा पाइन क्रस्ट स्कूल



आयारपाटा की सुंदर वादियों में पाईन क्रस्ट बोर्डिंग स्कूल देश के विभिन्न प्रांतों के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय में समस्त सुविधायें उपलब्ध हैं। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह जरूरत के मुताबिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती है। विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जाता है। प्रबन्धक संतोष कुमार कहते हैं कि जिम्मेदारी के साथ अपना दायित्व निभा रहे हैं। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास उनका लक्ष्य है।







### शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय भूमिका निभा रहा रामा मॉन्टेसरी



शिक्षा के क्षेत्र में रामा मॉन्टेसरी विद्यालय की भूमिका अद्वितीय रही है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नर्सरी से कक्षा 8वीं के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। बच्चों का बौद्धिक का शारीरिक विकास के साथ प्रतियोगात्मक विकास पर विद्यालय प्रबंधन विशेष ध्यान देता है। जिस कारण यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नीलू एलहंस कहती हैं कि बच्चों की चहुमुखी विकास को लेकर उन्होंने विद्यालय में शिक्षण कार्य शुरू किया था और इसी उद्देश्य की पूर्ति को लेकर प्रयासरत रहती हैं।

### नए अवतार में सीआरएसटी इंटर कॉलेज



मनोज पांडे
प्रधानाचार्य




दीपा बिष्ट,
प्रधानाचार्य
जूनियर विंग।

वर्ष 1858 में स्थापित सीआरएसटी इंटर कॉलेज अब नए अवतार में नजर आएगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस विद्यालय कक्षा छः से 12वीं तक सीनियर विंग के रूप मे विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर रहा है तो दूसरी ओर जूनियर विंग नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के नन्हे मुन्नों के सर्वांगीण विकास में जुटा हुआ है। आधुनिक कक्षाएं व विज्ञान लैब के साथ अत्याधुनिक ऑडिटोरियम ने विद्यालय की कायाकल्प किया कर दिया गया है। साथ ही रंगों कीकलाकृति से सजी दीवारों ने विद्यालय की सूरत बदल डाली है। सीनियर विंग के प्रधानाचार्य मनोज पांडे कहते हैं कि वैश्विक शिक्षा के दौर में खुद को स्थापित करने व विद्यालय के ऐतिहासिक गौरव को बरकरार रखने के लिए विद्यालय को आधुनिक रंग में ढालने का प्रयास किया गया है। साथ ही अंग्रेजी माध्यम से संचालित जूनियर विंग को इस सत्र से जोड़ा गया है। जूनियर विंग पूर्व में अमेरिकन किड्स के नाम से संचालित की जाती थी, अब सीआरएसटी जूनियर विंग के साथ बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रही है। जुनियर विंग की प्रधानाचार्य दीपा बिष्ट कहती हैं कि बच्चों के बहुमुखी विकास को लेकर जीवन समर्पित किया है। पिछले एक दशक से भी अधिक समय से वह अपना दायित्व निभा रही हैं। जिसके फलस्वरूप उनका शैक्षणिक मार्ग अग्रसर है। वर्तमान में विद्यालय का कुशल प्रबंधन पद्मश्री अनूप साह द्वारा किया जा रहा है।




### बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा दे रहा सेंट जॉन्स स्कूल



सेंट जॉन्स स्कूल की शुरुआत वर्ष 1982 में एक प्लेस्कूल के रूप में की गई थी। वर्ष 1989 में इसे श्रीमती ई.थॉमस और श्री एस.ए.थॉमस द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया, जिन्होंने कक्षा 8 तक अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन शुरू किया। वर्तमान में श्रीमती विनीता रावत के रूप में वर्तमान प्राचार्या पद पर कार्य कर रही हैं। इस विद्यालय का वातावरण नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए नगर में विशेष स्थान रखता है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित सेंट जॉन्स स्कूल बेहतर ढंग से बच्चों के चहुमुखी विकास में जुटा हुआ है। अनिवार्य विषयों के अलावा अतिरिक्त विषय भी चला रहा है। जिसके चलते इस विद्यालय के प्रति नगर में लोगों का विश्वास गहराता जा रहा है, जो कक्षा आठवीं तक संचालित की जा रही है।




### VRINDAVAN PUBLIC SCHOOL



Vrindavan Public School was established in 2009 under the aegis of C.L. Sah Memorial Education Society with the aim of fostering the holistic development of young learners. As a Playway and Preparatory School, it has successfully nurtured students in both academics and extracurricular activities.The school's clean, green, sunny and spacious environment provides excellent facilities for the physical and mental growth of children, ensuring they develop into bright and confident individuals.This English-medium school is efficiently managed by a team of dedicated staff members under the guidance of the Principal, Mrs. Rakhee Sah. She emphasizes the school's commitment to providing the best possible atmosphere for the all-round development of her beloved students. The school has also introduced smart classes and projectors, enhancing engagement and making learning more interactive for young minds. These advancements help create a dynamic learning environment. Additionally, the school promotes activities that develop gross motor skills, such as Origami, Dance, Taekwondo, and games, which serve as valuable components of a well-rounded physical education program. The school also has a centralized heating and cooling system for the covinence of the children.

### छात्राओं की विशेष पहचान बनाने में इतिहास रचा है ऑलसैंट्स कालेज ने

ऑलसेंट्स कालेज का गौरवमय इतिहास ब्रिटिश काल से रहा है। इस विद्यालय से हजारों बच्चे शिक्षा प्राप्त कर देश–विदेश में अपना भविष्य संवार चुके है। इस विद्यालय में वैश्विक स्तर पर शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान में कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजना रिचर्डस कुशलतापूर्वक विद्यालय का संचालन कर रही है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित इस विद्यालय की स्थापना 1869 में हुई थी तब से लेकर आज तक यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। देश विदेश के बच्चे इस इस विद्यालय में अध्ययन करने आते है। इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर दर्जनों छात्राएं विश्व स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करने में कामयाब हुई है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजना रिचर्डस कहती है कि शिक्षा के मापदंड ध्यान में रखकर गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने का प्रयास है जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।




### नगर का अग्रणी विद्यालय है बिशप शॉ इंटर कॉलेज




नीलम दानी
(प्रबन्धक)



वीना मैसी
(प्रधानाचार्य)

बिशप शॉ इंटर कॉलेज उत्तराखंड बोर्ड से सम्बद्ध अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के अग्रणी विद्यालयों में स्थान रखता है और अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय प्रबंधन की विशेषता है कि बेहद कम शुल्क में बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर, शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व बखूबी निभाता आ रहा है। तल्लीताल क्षेत्र में झील के समीप विद्यालय का वातावरण शिक्षा के माकूल है। विद्यालय प्रबंधक नीलम दानी कहती है कि उनका प्रयास विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा प्रदान कर बेहतर भविष्य बनाना है। भविष्य में भी उनका प्रयास जारी रहेगा। प्रधानाचार्य वीना मैसी कहती हैं कि वह वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक शिक्षा प्रदान करने में जुटी हुई हैं।



# पुलिस ने विक्षिप्त किशोरी को सहारनपुर से किया बरामद

## दिल्ली रेलवे स्टेशन से साथ ले गया था कुंवरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सहारनपुर से विक्षिप्त किशोरी को बरामद करने के बाद डिडौली पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में बने सेफ हाउस में रखा है। मामले में पुलिस अब उसके पति के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। पिता से तहरीर लेकर गुमशुदगी को मुकदमे में तरमीम कर लिया गया है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की 13 साल की विक्षिप्त बेटी अप्रैल 2024 में अचानक लापता हो गई थी। दो दिन पूर्व पुलिस को उसके सहारनपुर जिले के तीतरो थाना क्षेत्र के गांव पूजना में होने का सुराग मिला था। आधार कार्ड के पते के मुताबिक घर पहुंचे एटीएम कार्ड से इस बात का पता चला था। इसके बाद सहारनपुर पहुंची डिडौली पुलिस की टीम किशोरी को बरामद कर अपने साथ अमरोहा ले आई थी। छानबीन में पता चला था कि वहां रहने वाले कुंवरपाल सिंह ने किशोरी से शादी कर रखी है। किशोरी बीते साल उसे दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर टहलती मिली थी, जिसे कुंवरपाल अपने साथ वहां गांव ले गांव ले गया था। किशोरी फिलहाल गर्भवती है। बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में बने सेफ हाउस में रखा है। किशोरी के बरामद होने के बाद पुलिस अब मामले में उसके पति के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रही है। पिता द्वारा दर्ज कराई गई गुमशुदगी को मुकदमे में तरमीम कर लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि मामले में किशोरी के पति पर कार्रवाई की जाएगी।



नौगांवा सादात। मंगल बाजार में आयोजित कुश्ती में जोर आजमाइश करते पहलवान।

# ताबिश ने प्रीत को दी पटखनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। कुश्ती के पहले दिन अमरोहा के ताबिश कुरैशी ने मुरादाबाद के प्रीत पहलवान को पटखनी दी। नगर के मंगल बाजार में गुरूवार से दंगल का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व चेयरमैन नदीम अब्बास जैदी ने फीता काटकर किया। पहले दिन अमरोहा के ताबिश कुरैशी व मुरादाबाद के प्रीत पहलवान के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें ताबिश ने प्रीत को पटखनी दी। पूर्व चेयरमेन ने कहा कि खेल को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। इससे शरीर स्वस्थ रहता है तथा विकास भी होता है। इस मौके पर गोल्डी जैदी, हुसैन हैदर, हमसर आदि मौजूद रहे।

# भाकिसं ने फूंका पाक पीएम का पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में भारतीय किसान संघ ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का पुतला फूंका। बस स्टैंड पर भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता एकत्र हुए तथा उन्होंने कहा कि जम्मू कशमीर के पहलगाम में आतंकियों ने निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतार दिया। इस हमले में सीधे तौर पर पाकिस्तान का हाथ है। कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान हाय हाय के नारे लगाते प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का पुतला फूंका। पुतला फूंकने वालों में डा. शिवचरन सैनी, अखिलेश शर्मा, कपिल शर्मा, दिव्यांश यादव, जयचंद, सतवीर सिंह, शिव कुमार, नीरज, विजय सैनी, प्रेम सिंह आदि मौजूद रहे।

# समाजसेवा ही रोटरी क्लब का मकसद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। रोटरी क्लब आस्था की पारिवारिक सभा विनय गुप्ता व उमा गुप्ता के आवास पर आयोजित की गई। जिसमें सभी सदस्यो ने सहयोग करके तथा रोटरी फाउंडेशन के चौक देकर क्लब को मजबूत बनाने के लिए योगदान दिया। जिसके लिए उपस्थिति सदस्यो ने कर्तल धवनी से प्रंशसा की। सभा में सुमन वर्मा के राजकीय कन्या इन्टर कॉलेज से सेवा. निवृत होने पर सभी सदस्यो ने उदगार वयक्त कर प्रंशसा की। उपस्थिति सदस्यो ने सुमन वर्मा के काम व सेवा भाव की सराहना की तथा उपहार देकर सुमन वर्मा व उनके पति संदीप भटनागर को सम्मानित किया। सभा में रोटेरियन कृष्ण अवतार अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, डा0 तीर सिंह सिरोही, नेहा सक्सैना, जया सिरोही, क्लब अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, राजीव कंसल, विनोद कुमार सक्सैना, दिनेश कुमार अग्रवाल, चरनजीत सिंह, सुनील कुमार भटनागर,अक्षि अग्रवाल मौजूद रहे। संचालन विशाल अग्रवाल ने सभा का संचालन किया।

# आतंकवाद के विरोध में भाजपा का कैंडिल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कैंडल मार्च निक. ालकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई।

बुधवार की देर रात्रि लगभग 8:30 बजे भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी एवं पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अंबेडकर पार्क से पचपेड़ी तक एक कैंडल मार्च निक. ाला और पचपेड़ी पहुंचकर सभी ने दिवंगत पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई। इसके अलावा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। चेयरमैन राजपाल सैनी ने कहा कि

### मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना

यह बहुत ही दुखद घटना है और भाजपा सरकार इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।कैंडल मार्च निकालने वालों में जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, चेयरमैन राजपाल सैनी, चंद्रपाल खड़गवंशी, संदीप गुप्ता, पुरुष अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, अर्पण गुप्ता, हिमांशु त्यागी, संजय शर्मा, यशपाल सिंह चौहान, मनोज गोयल, विवेक शर्मा, अमित अग्रवाल, सत्येंद्र त्यागी, विक्रांत शर्मा, अरविंद अन्ना, आम्रपाली गुर्जर, टेकचंद चौहान, मनोज सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आतंकियों को दें मुंहतोड़ जवाब

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। महिला भाजपा कार्यकर्ताओं ने जम्मू कश्मीर में हुई आतंकवादी घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कैंडल मार्च निकाला। गुरुवार को भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष उषा शर्मा के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर पार्क से नगर पालिका में स्थित सरदार भगत सिंह की प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकाला। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने जिस तरह सैलानियों पर कायराना हमला कर उनकी जान ली है उसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाये। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने कई बहनों कई माताओं से उनके घर का सहारा छीन लिया है। इस अवसर पर महिला मोर्चा कि जिला अध्यक्ष उषा शर्मा, अंगूरी देवी, सीमा यादव, दीप माला वर्मा, बबीता सैनी, ममता शर्मा, ज्योति गर्ग, सोनिया प्रजापति, भावना चौधरी आदि मौजूद थी।



हसनपुर। आतंकी हमले के विरोध में कैंडिल निकालते नागरिक।

# मुस्लिम समाज के लोगों ने फूंका आतंकवाद का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की हत्या करने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए

### पहलगाम हमले की जितनी निंदा की जाए वह कम ही कम: हाफिज सदाकत

नगर के मोहल्ला चौहानपुरी स्थित मस्जिद की कमेटी ने एक जुलूस निकाला और इंदिरा चौक पर आतंकवाद का प्रतीकात्मक पुतला फूंका। गुरूवार की शाम को छह बजे नगर के मोहल्ला चौहानपुरी



स्थित मस्जिद से सदर मौहम्मद वसीम के नेतृत्व में आंतकवादी घटना के विरोध में एक जुलूस निकाला गया। जुलूस नगर के इंदिरा चौक तक पहुंचा और इंदिरा चौक पर आतंकवाद विरोधी नारे लगाते हुए आंतकवाद का प्रतीकात्मक पुतला फूंकते हुए कड़े शब्दों में निंदा की गई। घटना में जान गंवाने वाले पर्यटकों के गमगीन परिजनों के प्रति पूरी हमदर्दी जताते हुए केन्द्र सरकार से आतंकवादियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। कहा कि ऐसी घटनाएं प्रत्येक देशवासी को बहुत तकलीफ देती हैं। मस्जिद के इमाम हाफिज सदाकत ने कहा कि इस आतंकवादी घटना की जितनी निंदा की जाए वह कम ही कम है। इस मौके पर मोहम्मद जावेद, कामिल मंसूरी, इश्तियाक मलिक, हाफिज सलीम, खलील अहमद, डॉ.नवा. जिश मंसूरी, उवैस, असलम सैफी, मौलाना सलमान मौजूद रहे।

# पर्यटकों की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा

**हसनपुर**। कांग्रेसियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 27 सैलानियों की निर्मम हत्या किये जाने का कड़े शब्दों में निंदा की है। गुरुवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तारिक मोहम्मद खान के आवास पर शौक सभा आयोजित की गई। कांग्रेसियों ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा जिस तरीके से जम्मू कश्मीर में सैलानियों की हत्या की गई है वह बहुत ही कायराना हरकत है। सभा में जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया, पूर्व जिला अध्यक्ष तारिक मोहम्मद खान, जयपाल सिंह जाटव, जिला उपाध्यक्ष विना. ेद कुमार सक्सेना, डॉ इरफान, हर स्वरूप प्रधान, समीर खान, आसिफ खान, फिरासत सैफी, छुनन्न भारती, ताहिर वसीम, ख्याली राम राणा, आदि मौजूद थे।

# ट्रैक्टर चालक व मालिक के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। ट्रैक्टर चालक ने तेजी व लापरवाही के साथ अपना वाहन चलाते हुए गलत साइड में आकर मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला व पीछे बैठे दोनों बच्चे घायल हो गए। बच्चों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें सीधे मुरादाबाद स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक व ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना 12.03.2025 को हुई। नगर के मोहल्ला कृष्णा कॉलोनी भरतिया ग्राम गजरौला स्नेहलता पत्नी

### बाइक में टक्कर मारकर मां बेटों को किया था घायल

मुन्नालाल 12 मार्च को नगर के भानपुर फाटक के पास स्थित एक निजी स्कूल से अपने दो बच्चों को बाइक से लेकर घर जा रही थी। कुछ दूर चलने पर ही गलत दिशा से आए एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में स्नेहलता को भी चोट आई मगर बाइक पर बैठे उनके दोनों बच्चे गजेन्द्र सिंह व मानवेन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। बच्चों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें तत्काल एंबुलैंस के माध्यम से मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को स्नेहलता ने पुलिस को तहरीर देकर ट्रैक्टर चालक के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर चालक रूपचंद व ट्रैक्टर स्वामी अशोक के विरूद्ध संबधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

# आतंकियों पर सख्त कार्रवाई हो: भाकियू



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी के नेतृत्व में चौधरी चरण सिंह नगर स्थित राष्ट्रीय कार्यालय से इंदिरा चौक तक मशाल जुलूस निकालकर पहलगाम में आतंकवादी घटना का शिकार हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई, साथ ही आतंकवाद का प्रतीकात्मक पुतला फूंका गया। नरेश चौधरी ने कहा कि भारत की तरफ किसी ने भी आंख उठाकर देखा तो उसकी आंखे नोंच ली जायेंगी। कहा कि आतंकवाद के विरूद्ध लड़ी जाने वाली लड़ाई में भाकियू संयुक्त मोर्चा भारत सरकार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि जो देश आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हैं, वे स्वयं भुखमरी से जूझ रहे हैं। पाकिस्तान जैसे देश आतंकवाद की खेती करते हैं, इसलिए पाकिस्तान आने वाले समय में दाने दाने को मो. हताज होने वाला है। इस अवसर पर विजयवीर सिंह, अरुण सिद्धू, नितिन चौधरी पाटिल चौधरी, नितिन गोस्वामी, इकबाल सैफी, किरन पाल सिंह दरोगा, ओम प्रकाश दरोगा, अभिषेक भुल्लर, समीर चौधरी, नरेश धारीवाल, अमित चीमा, अजब सिंह, हिटलर उपाध्याय आदि किसान व अन्य लोग मौजूद रहे।

# भोले भाले युवकों को आतंकी राह दिखाना चाहता था अमीन

## एनआईए ने इमरान को पूछताछ के बाद छोड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पंजाब में भाजपा नेता के घर ग्रेनेड हमला करने के आरोपी आतंकी सईदुल अमीन अन्य भोले भाले युवाओं को अपने झांसे में लेने का प्रयास कर रहा था। जब इमरान के बारे में कोई जानकारी नहीं दी तो उसे छोड़ दिया गया।

पंजाब में भाजपा नेता के घर हमला करने वाले आतंकी सईदुल अमीन शहर के भोलेभाले उन युवाओं को अपने झांसे में लेने का प्रयास कर रहा था जिनके घर की आर्थिक स्थिति कमजोर है। इमरान उर्फ नवाब भी उन्हीं में एक है। परंतु इमरान को उसका साथ रास नहीं। दरअसल सईदुल अमीन इमरान को अपने साथ 3 अप्रैल को जालंधर लेकर गया था। वहां काम लगवाने के लिए कहा था। परंतु इमरान उर्फ नवाब को वहां सईदुल की हरकतें ठीक नहीं लगी तो 4 अप्रैल को वह अमरोहा लौट आया था। बता दें कि इमरान उर्फ नवाब के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वह शादी समारोह में दहाडी मजदूरी का काम करता है। इसी संबंध के चलते बीते शुक्रवार को पंजाब पुलिस इमरान उर्फ नवाब को अपने साथ ले गई थी। वहां दोनों का सामना कराया गया। सईदुल ने इमरान के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। केवल मुहल्ले का होने के कारण जान–पहचान बताई। वहीं इमरान उर्फ नवाब की भूमिका भी साफ थी तो उसे क्लीन चिट देकर पंजाब पुलिस ने स्वजन के साथ घर भेज दिया है।

# ग्राम रोजगार सेवक संघ के ब्लॉकाध्यक्ष बने मणिकांत



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। ग्राम रोजगार सेवक संघ की बैठक में पुरानी कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद नवीन कार्यकारिणी के गठन की कार्रवाई की गई। इस दौरान मणिकांत को सर्वसम्मति से ब्लॉकाध्यक्ष मनोनीत किया गया। गुरूवार को नगर के ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में जिला कार्यकारिणी से जिलाध्यक्ष कुबेर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष मुमताज अली, मनोज चौधरी, संजीव यादव, भरत सिंह आदि की उपस्थिति में नवीन कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया अमल में लाई गई। सर्वसम्मति से ब्लॉकाध्यक्ष पद पर मणिकांत व कोषाध्यक्ष पद पर आस मौहम्मद सैफी का मनोनयन किया गया। इस अवसर पर वर्तमान अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मुकेश कुमार और रविंद्र सिंह समेत सभी रोजगार सेवक मौजूद रहे। उन्होंने फूल मालाएं पहनाकर मणिकांत व आसमौहम्मद का स्वागत किया।



जोया। हाइवे पर आतंकवाद का पुतला फूंकते जमियत के पदाधिकारी।

# जमियत ने आतंकवाद का पुतला फूंका

## पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जमीयत उलमा–ए–हिन्द जोया ने कड़ी निंदा की है। पदाधिकारियों ने गुरुवार सुबह जोया चौराहा पर आतंकवाद का पुतला दहन किया और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रांतीय सचिव मौलाना अब्दुल जब्बार ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे मुल्क को झकझोर कर रख दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक आतंकी हमला नहीं, बल्कि इंसानियत का कत्ल है। पूरा मुल्क इस घटना से सदमे में हैं। आतंकवाद के खिलाफ हमें एकजुट होकर लड़ना होगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस दौरान डा. अब्दुल सत्तार, मौलाना इदरीस, रईस अहमद, मौलाना इक्तेदार, कारी आलम, कारी मारूफ, हाफिज कमर, हाफिज मारुफ, कारी असगर आदि मौजूद रहे।

## एमडीए का बुलडोजर फिर गरजा

# गंगनहर के किनारे की अवैध प्लॉटिंग पर चला हथौड़ा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली**। शहर में अवैध निर्माणों के खिलाफ मुजफ्फरनगर और खतौली विकास प्राधिकरण (एमडीए) का अभियान रुकने का नाम नहीं ले रहा। गुरुवार को एमडीए की टीम ने बुढाना मार्ग गंगनहर के समीप की गई अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया। हाईवे किनारे की गई प्लॉटिंग को सीज कर दिया गया। गुरुवार को विकास प्राधिकरण अधीक्षण अभियंता विनीत अग्रवाल और जेई भरतपाल, जयकरण के नेतृत्व में टीम ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों और मशीनों की सहायता से पूरी अवैध प्लॉटिंग को तहस–नहस कर दिया। एमडीए अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और अब अगला निशाना मीरापुर व जानसठ मार्ग पर बने अवैध निर्माण होंगे। इसी दौरान बुढाना मार्ग पर मिटी हटाने को लेकर दो पक्षों में जमकर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि हंगामे की नौबत आ गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने हस्तक्षेप कर हालात को शांत किया और दोनों पक्षों को समझाकर मामले को रफा–दफा किया। लगातार हो रही कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप



मचा है। एमडीए ने साफ किया है कि बिना किसी दबाव के यह अभियान चलता रहेगा और शहर को अवैध निर्माण से मुक्त किया जाएगा।

समाचार विशेष

## दुर्व्यवहार के आरोप में थाना प्रभारी समेत तीन निलंबित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने थाने में पूछताछ के दौरान अभियुक्त से दुर्व्यवहार करने के आरोप में प्रभारी निरीक्षक मुंगरा बादशाहपुर विनोद कुमार मिश्र और दो पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार एक वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि दो पुलिस कर्मी एक युवक को पकघ्कर थाने के पिलर में सटा कर रखे है और दारोगा पट्टे से पीट रहा है। यह वीडियो मुंगराबादशाहपुर के थानाध्यक्ष का है, मामला संज्ञान में आते ही पुलिस अधीक्षक ने तीनों को निलंबित कर दिया। मुंगराबा. दशाहपुर में थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने अंजलि किन्नर की हत्या से संबंधित मामले में एक युवक को पूछताछ के दौरान खंभे में सटाकर पट्टे से पीटा था।पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कोस्तुभ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्हें व दो पुलिस कर्मियों को तत्काल निलंबित कर दिया है और मुंगरा बादशाहपुर के नए प्रभारी के रूप में दिलीप कुमार सिंह को नियुक्त किया गया है।

## पुलिस हिरासत से भागा दुष्कर्मी मुठभेड़ में घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के पिपरी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास किया मगर संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद उसे धर दबोचा गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार ने गुरुवार को बताया कि थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने बुधवार को थाने पर तहरीर दी थी कि उसका दामाद सूरत में नौकरी करता है और चार महीनों से उसकी बेटी अपने 11 वर्षीय पुत्री के साथ हमारे घर में रह रही थी। बुधवार की शाम लगभग चार बजे उसकी नातिन के साथ मंजर खान ने बलात्कार किया। तहरीर मिलते ही पुलिस ने इस मामले में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जांच में लगी पुलिस टीम ने रात भर आरोपी से घटना के समय पहने गए कपघें के बारे में पूछती रही लेकिन वह नहीं बताया। गुरुवार सुबह उसने बताया कि वह अपने कपघे को खाघ्पाथर के पास छिपाया है। इसके बाद पुलिस टीम आरोपी को साथ लेकर मौके पर पहुंची और कपघ्रे को बरामद कर वापस लौटने लगी कि तभी वापस लौटते समय आरोपी एक कांस्टेबल की रायफल छीनकर भागने लगा और पुलिस पर फायरिंग का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग की गई जिसमें एक गोली आरोपी के पैर में लगी और वह घायल हो कर जमीन पर गिर पघ। जिसके बाद पुलिस टीम ने आरोपी को इलाज के लिए म्योरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस टीम द्वारा इस मामलें में अग्रिम कार्यवाही की जा रही हैं।

## गोरखपुर में बॉयलर फटने से सात झुलसे, दो गंभीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गोरखपुर।** पूर्वी उत्तर प्रदेश में गोरखपुर के गीडा सेक्टर 13 में एक फैक्ट्री में बायलर फटने से वहां काम कर रहे सात मजदूर झुलस गए जिनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बॉयलर फटने से हुए हादसे का संज्ञान लिया। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गीडा सेक्टर 13 में फास्ट फूड की एक फैक्ट्री में बुधवार शाम एक बायलर तेज आवाज के साथ फट गया। धमाका इतना तेज था कि फैक्ट्री का टीन शेड और एक दीवार भरभरा कर ढह गई। इस हादसे में सात मजदूर झुलस गए। सभी को आनन फानन में सीएचसी पिपरौली पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि घायलों में उमर फारुख और माजिद की हालत गंभीर बनी हुई है।

# पहलगाम आतंकी हमला सुरक्षा में चूक: मायावती

**'पर्यटन सीजन में सुरक्षा चूक अक्षम्य, सरकार दे जवाब'**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** देश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने पाक-समर्थित आतंकियों द्वारा पर्यटकों की निर्मम हत्या को श्अति-घातकश करार देते हुए सुरक्षा में चूक को बेहद गंभीर बताया है।

मायावती ने ट्वीट कर कहा, ह्पर्यटन सीजन में भी विशेष सुरक्षा की अनदेखी इस वीभत्स नरसंहार का बड़ा कारण बनी है। इससे देश भर में गुस्सा और आक्रोश स्वाभाविक है, जिसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा से जुड़ी इस घटना पर दलों को आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठकर काम करना चाहिए। जनता का भरोसा बहाल करने के लिए केंद्र सरकार को ठोस और पारदर्शी कदम उठाने चाहिए। मायावती का यह बयान ऐसे समय में आया है जब विपक्षी दल लगातार सरकार से यह पूछ रहे हैं कि पर्यटकों जैसे असहाय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में आखिर कहां चूक हो रही है। उन्होंने यह भी चेताया कि अगर ऐसे दर्दनाक हादसे दोहराए गए, तो आम जनता में सरकार के प्रति बिश्वास खत्म हो सकता है। बसपा प्रमुख का यह रुख एक ओर जहां केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाता है, वहीं यह भी दर्शाता है कि अब आतंकी हमलों को लेकर राजनीतिक जवाबदेही से भागना संभव नहीं रह गया है।

### आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन, फूंका पुतला

**अम्बेडकर नगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए निर्दोष पर्यटकों की हत्या के खिलाफ जमालपुर के रामल. ीला मैदान से एक बड़ा विरोध प्रदर्शन हिंदू समाज के नेतृत्व में निकाला गया। हिंदू समाज के सैकड़ों लोगों ने इस कायराना हमले की कड़ी निंदा करते हुए जमालपुर चौराहे पर आतंकवाद का प्रतीकात्मक पुतला फूंक दिया और सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की।रामलीला मैदान से शुरू हुए प्रदर्शन में विहिप पदाधिकारी ओमप्रकाश सिंह, बृजेश सिंह , व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल, आरएसएस पदाधिकारी पंकज हालदार, पूर्व नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र,नगर कार्यवाह अभिषेक, शाश्वत मिश्र,विकाश निषाद,रविन्द्र भारती,व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष हरिओम सोनी,शिवम आर्या,आदित्य गोयल, सीताराम अग्रहरि, सभासद अजीत निषाद, आशीष सोनी,अनुज सोनकर,अमित गुप्ता, गौरव उपाध्याय, रामवृक्ष भार्गव, अनुभव पटेल,शालू सैनी, देवेंद्र मिश्र, प्रहलाद शर्मा, निपेंद्र कुशवाहा शिशु, संदीप गुप्ता, सोनू गौड़, पप्पू गुप्ता, राजेश पांडे , रमेश यादव, सचिन मौर्य, सौरभ चौरसिया, आशुतोष सिंह ,उमेश जायसवाल, आत्माराम गुप्ता, आकाश अग्रहरि, रिनू गुप्ता, संतोष गुप्त, सप्रिय गोयल, सुनील चौहान ,मनोज पांडे समेत हिंदू संगठनों, स्थानीय नेताओं और आम नागरिकों ने भाग लिया।

## संत-कबीरनगर में हिमाचल पुलिस ने पकड़ा फर्जी दरोगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के कोतवाली खलीलाबाद के चौकी कांटे क्षेत्र के टेमा रहमत गांव में किराए के मकान में रह रहे एक व्यक्ति को बुधवार दोपहर में हिमाचल प्रदेश पुलिस की टीम ने खलीलाबाद कोतवाली पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पकड़ा गया फर्जी दरोगा हिमाचल में लाखों की ठगी के मामले में वांछित अभियुक्त है। पुलिस टीम ने गिरफ्तार किए गए फर्जी दारोगा के पास से करीब पांच लाखों रुपए नगद, एक रेसर बाइक, मोबाइल तथा पुलिस की वर्दी और फर्जी दस्तावेज बरामद किया है। हिमाचल प्रदेश के बड्डी जनपद के बरोटीवाला थाने में कार्यरत एएसआई विजय सिंह ने यहां बताया कि अजब सिंह पुत्र सत्यपाल सिंह नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जो हिमाचल प्रदेश में लोगों से ठगी करने व धोखाधड़ी का नामजद वांछित है। सीओ सदर अजीत चौहान ने यहां बताया कि हिमाचल प्रदेश पुलिस के एएसआई विजय सिंह ने अवगत कराया कि आरोपित हिमाचल प्रदेश में फर्जी दरोगा बनकर लाखों की ठगी कर चुका है।

# आईटीआई-पॉलिटेक्निक पास युवाओं के लिए सरकार ने खोले 2800 सेंटर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार का दावा है कि मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत अब तक पांच लाख 66 हजार 483 युवाओं को नौकरियां मिल चुकी हैं जबकि राज्य भर में 2800 प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से युवाओं को आधुनिक और रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान किया जा रहा है।

सरकार की इस पहल का असर नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर और वाराणसी जैसे शहरों में साफ देखा जा सकता है, जहां आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, मैन्युफैक्चरिंग और कृषि आधारित उद्योगों के विस्तार से रोजगार की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। ट्रेनिंग काउंसिललग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खां ने बताया कि विगत 15 अप्रैल को राजकीय आईटीआई, अलीगंज लखनऊ में आयोजित रोजगार मेले में देश की प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे कॉन्टिनेंटल ऑटोमोटिव, एग्लो इंडिया, अडानी लवड, पेटीएम और एजस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने भाग लिया। यहां कुल 22 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जिन्हें 13,000 से लेकर 21,000 रुपए मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। इससे पहले 22 मार्च को आयोजित मिशन रोजगार योजना के तहत 73 युवाओं को रोजगार मिला। वहीं राजकीय पॉलिटेक्निक में 95 अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर किया गया। यह युवाओं को उनके कौशल के अनुसार नौकरी दिलाने की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत 35 वर्ष तक के युवाओं को मुफ्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्ष 2017-18 से मार्च 2025 तक 14-13 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। इसके तहत 24 औद्योगिक प्रतिष्ठानों और 8 प्लेसमेंट एजेंसियों से अनुबंध किया गया है। जिससे प्रशिक्षण और रोजगार का सीधा संबंध स्थापित हो सके। प्रदेश सरकार ने आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया है। ताकि विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकों की जानकारी और उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल मिल सके। यह पहल उत्तर प्रदेश को रोजगार के हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। नवीन औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन कार्यक्रमों के चलते राज्य में निरंतर नई कंपनियां निवेश कर रही हैं। इससे न सिर्फ युवाओं को नौकरी मिल रही है, बल्कि प्रदेश का औद्योगिक विकास भी तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** नवागत जिला. धिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आहूत की गई बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त चिकित्सकों/ सदस्यों से परिचय प्राप्त करते हुए उनके कार्य एवं दायित्वों से अवगत हुए। बैठक के दौरान जिला. धिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत बनने वाले आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत आने वाले समस्त पात्र परिवारों/ लाभार्थियों को योजना से शीघ्र आच्छादित किया जाए। उन्होंने प्रतिरक्षण अधिकारी को समस्त बच्चों को समय पर टीकाकरण से आच्छादित करने के निर्देश दिएउन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए की कोई भी बच्चा टीकाकरण से ड्रॉप आउट ना रहे। जनपद के तीन आकांक्षी ब्लाकों टाण्डा,भीटी एवं भियांव में समस्त स्वास्थ्य इण्डिकेटर को बेहतर बनाने का निर्देश दिया।जनपद में क्षयरोग नियन्त्रण कार्यक्रम को और प्रभावशाली बनाने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा आशा बहुओं को होने वाले भुगतान की समीक्षा की गई और किसी भी तरह से कोई भी वांछित अवशेष न होने हेतु निर्देशित किया गया।

उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में समस्त अधीक्षक सामुद्र/प्रभाद्र चिकित्सा अधिकारी को इस आशय का प्रमाण पत्र देना होगा कि किसी भी आशा का भुगतान अवशेष नहीं है। एफआरयू की समीक्षा में एफआरयू केन्द्रों पर सी. सेक्शन बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त चिकित्सालय में मरीज को बेहतर से बेहतर चिकित्सीय सुविधा सुगमता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया गया कि चिकित्सक मरीजों तथा उनके परिवार. जन के प्रति अच्छा व्यवहार करें।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला,मुख्य चिकित्सा अधिक. ारी,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक संयुक्त जिला चिकित्सालय अम्बेडकरगनर, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एसएमओ, डीएमसी,सहित स्वास्थ्य विभाग के जनपदीय और ब्लाक स्तरीय अधिक. ारी के साथ एनएचएम यूनिट के कर्मचारी उपस्थित हुए।

# विशाल सिंह ने निदेशालय का किया व्यापक निरीक्षण

**सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग और जनपद स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर दिया जोर**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** नवागत सूचना निदेशक विशाल सिंह ने आज प्रात: सूचना निदेशालय का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निदेशालय के प्रथम तल से पंचम तल तक स्थित समस्त प्रभागों, अधिकारियों के कक्षों, और सभागार का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान निदेशक श्री सिंह ने प्रभागीय अधिकारियों से उनकी कार्यप्रणाली, दायित्वों एवं उपलब्धियों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने समर्पणभाव और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया। विशेष रूप से उन्होंने विभागीय कार्यों में नवीन तकनीकों एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का प्रभावी उपयोग करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सूचना विभाग की भूमिका वर्तमान समय में अत्यंत महत्वपूर्ण है, अत: शासन की योजनाओं, नीतियों और उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार में डिजिटल माध्यमों का बेहतर ढंग से प्रयोग होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र प्रचार प्रभाग को और अधिक सक्रिय करने, जनपदीय कार्यालयों की कार्यप्रणाली को चुस्त-दुरुस्त बनाने, और जनपद स्तरीय खबरों पर विशेष



ध्यान देने के निर्देश दिए। प्रशासन प्रभाग में उन्होंने सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त विज्ञापन, प्रकाशन, निरीक्षा, गीत एवं नाटक, सूचना का अधिकार, सन्दर्भ शाखा, टीवी शाखा, लेखा, सूचना ब्यूरो, फोटो शाखा, संपादकीय, प्रेस, व्यवस्था, वेब मीडिया/डिजिटल मीडिया व निकासी जैसे समस्त विभागों का निरीक्षण कर उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी संजय कुमार सिंह, सहायक निदेशक जितेन्द्र प्रताप सिंह, सतीश भारती, संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लखनऊ में सड़क हादसा पिता-पुत्र की मौत, तीन गंभीर घायल

**बरेली से अयोध्या दर्शन को जा रहे परिवार की कार ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई**

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए जा रहे बरेली निवासी एक ही परिवार के लोगों की कार बुधवार देर रात लखनऊ के इटौंजा थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में पिता और पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार के दो सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

सभी घायलों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। मृतकों की पहचान बरेली के थाना इज्जतनगर क्षेत्र निवासी 55 वर्षीय विकास और उनके 30 वर्षीय बेटे गौरव के रूप में हुई है। गौरव की पत्नी प्राची और बेटे आर्यन को ट्रामा सैंटर में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि परिवार अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए निकला था। अर्टिगा कार में कुल पांच लोग सवार थे। लखनऊ-सीतापुर मार्ग पर इटौंजा के पास उनकी कार सडक किनारे खड़ी की गई ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ गई। सम्भावनाएं जताई जा रही हैं कि सुबह के समय चालक को नींद आने के कारण कार अनियंत्रित होकर सडक किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्रोला में पीछे से लड़ गई।

हादसे में कार चालक अर्पित सुरक्षित बच गया है !उसे मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक, ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया गया है चालक मौके से फरार है। मामले की जांच की जा रही है। बरेली के मूल निवासी इस परिवार की यह धार्मिक यात्रा दुखांत में बदल गई।

## अवैध खनन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई, जेसीबी और ट्रैक्टर पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**गोंडा।** जिला प्रशासन ने अवैध खनन के विरुद्ध बीती रात बड़ी कार्रवाई कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में लगी जेसीबी और ट्रैक्टर को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। बताया जाता है कि, यह कार्रवाई बीते बुधवार की देर रात करीब एक बजे जिलाधिकारी नेहा शर्मा को वाट्सएप के माध्यम से अवैध खनन की सूचना मिली थी।

जिसके तुरंत बाद डीएम के निर्देश पर खनन विभाग की टीम हरकत में आ गई। खनन अधिकारी अभय रंजन के नेतृत्व में टीम ने कोतवाली देहात क्षेत्र के चिलबिला खत्तीपुर गांव में करीब 2रू15 बजे छापेमारी की। मौके पर अवैध रूप से मिट्टी खनन करते हुए एक जेस. ीबी और चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पाई गईं, जिन्हें तत्काल जब्त कर लिया गया। खनन अधिकारी ने जानकारी दी कि बिना वैध अनुमति के यह खनन कार्य किया जा रहा था। बताया गया कि एक निर्माणाधीन मैरिज लॉन की भराई के लिए अवैध रूप से मिट्टी निकाली जा रही थी। मौके पर इमरती बिसेन निवासी रमेश यादव की जेसीबी और अमरजीत उपाध्याय को खनन करते हुए पकड़ा गया। सभी जब्त वाहनों को कोतवाली देहात थाने में जमा करा दिया गया है। खनन अधिकारी अभय रंजन ने बताया कि जिस भूमि से मिट्टी खनन किया जा रहा था, उसके स्वामित्व और उपयोग को लेकर भी जांच की जा रही है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जिले में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# थानेदार की अनोखी पहल, अब रहेगी ई-रिक्शाओं पर कड़ी नजर

**सभी की कराई नंबरिंग ,अब नहीं छिपेगी पहचान,अपराधों पर लगेगी लगाम**

शाह टाइम्स संवाददाता

**गोंडा।** अब जिले के वजीरगंज थानाक्षेत्र में ई-रिक्शा चालकों की बदमाशी नहीं छिप सकेगी और न ही वह अपनी पहचान छिपा सकेंगे,क्यों कि,इस इलाके में चलने वाले सभी ई-रिक्शों को वजीरगंज पुलिस ने नंबरिंग करवा दी है। जिससे अब इन पर सवारी करने वाले यात्री सुरक्षित रहेंगे।

वजीरगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र की इस अनोखी पहल से अब क्षेत्र के सभी ई-रिक्शों और उनके चालकों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। जिससे यात्री बेखौफ होकर सुरक्षित तरीके से अपने गंतव्य को पहुंच सकेंगे।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि, हाल के



दिनो में ई-रिक्शा चालकों की बदमा. शियां काफी बढ़ गई हैं,और बहुतों की तो अपराधिक गतिविधियों में भी संलिप्तता सामने आई है।जिसको देखते हुए वजीरगंज थानाक्षेत्र में ई-रिक्शा चलाने वालों की पहचान के लिए उनके रिक्शों के सामने पेंट से पीली पट्टी बनवाकर उस पर उन्हें यूनीक नंबर दिए गए हैं।जिससे जो भी यात्री जिस भी ई-रिक्शे पर बैठेगा तो वह इस यूनीक नंबर को देखकर बैठेगा।जिससे वह अपने गंतव्य तक सुरक्षित यात्रा कर सकेगा।उन्होंने बताया इस यूनीक नंबरिंग से यात्रियों के साथ ई-रिक्शा चालकों द्वारा किसी भी तरह के अपराधों पर अंकुश लगेगा। बहरहाल वजीरगंज प्रभारी निरीक्षक की यह पहल क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है,लोग उनके इस दूरदर्शी सोच और इस तरह की अनोखी पहल की सराहना भी कर रहे हैं।

## भीषण अग्निकांड में गृहस्थी सहित मवेशी जले, लाखों का नुकसान



शाह टाइम्स संवाददाता

**गोंडा।** जिले के करनैलगंज क्षेत्र अन्तर्गत धनावा ग्राम सभा के भूड़कगंज गांव में गुरुवार को हुए भीषण अग्निकांड में एक परिवार की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। इस दौरान वहां आग की चपेट में आकर मवेशी भी झुलस गए।

बताया जाता है कि, गांव के रहने वाले मंगल वर्मा के घर में दोपहर के समय खाना बन रहा था ,कि अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इस दौरान आग की लपटों में घर का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। जिसमें करीब 7 कुंतल गेहूं, सरसों और अन्य अनाज भी आग की भेंट चढ़ गया। आग की चपेट में आकर एक बैल और दो गाएं गंभीर रूप से झुलस गईं। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## दिव्यांगजन से विवाह पर मिलेंगे प्रोत्साहन पुरस्कार

**लखनऊ।** वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों से विवाह करने वाले जोड़ों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाने की योजना संचालित की जा रही है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी लखनऊ, रजनीश किरन ने बताया कि इस योजना के तहत युवक के दिव्यांग होने पर 15,000, युवती के दिव्यांग होने पर 20,000 तथा दोनों के दिव्यांग होने पर 35,000 की अनुदान राशि दी जाएगी। और दोनों आयकरदाता न हों। ऐसे सभी पात्र दिव्यांग दंपति जिनका विवाह चालू वित्तीय वर्ष (2025-26) अथवा गत वर्ष (2024-25) में हुआ हो, ऑनलाइन आवेदन के पश्चात हार्डकॉपी एक सप्ताह के भीतर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय, लखनऊ में जमा करना आवश्यक है।

## अब जन्म प्रमाण पत्र ही होगा जन्मतिथि और जन्म स्थान का एकमात्र मान्य दस्तावेज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 1 अक्टूबर, 2023 के बाद जन्म लेने वाले बच्चों के लिए जन्म प्रमाण पत्र को ही जन्म तिथि एवं जन्म स्थान का एकमात्र वैध दस्तावेज माना जाएगा। यह निर्णय भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में लिया गया है।

निदेशक एवं संयुक्त महारजिस्ट्रार (सीआरएस) ने जानकारी देते हुए बताया कि अब प्रदेश में प्रत्एक जन्म एवं मृत्यु की घटना का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 21 दिन के भीतर निरूशुल्क पंजीकरण कराया जा सकता है, जबकि 22 से 30 दिन के भीतर 2 रुपए, 31 दिन से एक वर्ष तक 5 रुपए और एक वर्ष के बाद 10 रुपए विलंब शुल्क के साथ पंजीकरण किया जाएगा, जिसके लिए संबंधित अधिकारियों की अनुमति आवश्यक होगी। नगर निगम, नगर पालिका, पंचायत, सरकारी चिकित्सालयों और ग्राम पंचायतों के अधिकारी रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) के रूप में अधिसूचित हैं। वहीं, निजी अस्पतालों व नर्सिंग होम को सूचनादाता आईडी प्रदान की गई है ताकि वे ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण करा सकें। प्रत्एक जन्म/मृत्यु का पंजीकरण भारत सरकार के सीआरएस पोर्टल पर करना अनिवार्य है। 1 फरवरी, 2020 से पूर्व के प्रमाणपत्र अब तभी मान्य होंगे जब उन्हें सीआरएस पोर्टल पर डिजिटाइज किया गया हो। प्रदेश के नागरिक अब घर में घटित जन्म-मृत्यु की घटनाओं का पंजीकरण स्वयं ऑनलाइन कर सकते हैं।

# प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग प्रशिक्षण को नया विस्तार

**युवाओं और किसानों को मिलेगा रोजगार का अवसर**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा युवाओं, युवतियों और ख्र षकों को व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर प्रदेशभर के राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्रों और सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्रों पर विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण के तहत खाद्य प्रसंस्करण, बेकरी-कन्फेक्शनरी और कुकरी जैसे क्षेत्रों में एक वर्षीय डिप्लोमा और एक माह के अंशकालिक कोर्स कराए जाएंगे। साथ ही 15 दिवसीय प्रशिक्षण में 15,402 प्रशिक्षणार्थियों को शामिल करने का लक्ष्य है। प्रशिक्षित युवक-युवतियां अपनी स्वयं की यूनिट स्थापित कर अनुदान एवं अन्य सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। प्रदेश के विभिन्न मण्डलों व जनपदों में स्थापित केन्द्रों को लक्ष्य निर्धारण कर निर्देशित किया गया है कि वे नियमानुसार चयन प्रक्रिया अपनाकर प्रभावी प्रशिक्षण सुनिश्चित करें। साथ ही स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को जोड़ते हुए महिला सशक्तीकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 एवं प्रधानमंत्री एफएमई योजना के अंतर्गत प्रत्एक जनपद से 1000 इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है।

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | Pnu-LKO-BSB-Toi-47-24-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.05.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.05.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1216/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आतंकी हमले पर विजय जैन की अनोखी मांग

## एसडीएम को ज्ञापन सौंप पाकिस्तान जाने की मांगी अनुमति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आतंकी हमले के विरोध में गणेश चौथ समिति के बैनर तले संयोजक विजय जैन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल उपजिलाधिकारी रितु रानी से मिला। विजय जैन ने आतंकी हमले पर रोष जताते हुए पाकिस्तान से बदला लेने के लिए पाकिस्तान जाने की अनुमति मांगी।

उन्होंने कहा कि हमले में अपनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार से उपजिलाधिकारी रितु रानी को ज्ञापन के माध्यम से कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि सरकार इस कायराना हमले का मुंहतोड़ जवाब दे और इस घटना में शामिल किसी को नहीं छोड़े। साथ ही बताया कि हम लोगों का एक जत्था पाकिस्तान जाना चाहता है जो धिनौनी हरकत पाकिस्तानियों ने हमारे हिन्दुस्तान में की है। उसी का मुहतोड़ जवाब देने के लिये हमें भी जाने की अनुमति दी जाये। पूरा देश इस घटना से स्तब्ध है। वह इस कायराना हरकत का बदला तुरंत चाहता है। अब समय आ गया है कि मोमबत्ती जलाना या शोक करने से काम नहीं चलेगा। ईंट का जवाब हर हालत में पत्थर से देना होगा। पूरा देश आज इस घृत कार्य का जवाब मांग रहा है। महामहिम जी से नम्र निवेदन है कि हम लोगों को जल्द से जल्द पाकिस्तान जाने की अनुमति दी जाये, जिसमें हम अपने कागजात आपके पास सत्यापन के लिये भेज सके।

गोरक्षक संयम जैन, संजय सैनी, श्याम बाबू, वीरेंद्र कारीगर, व्योमकेश चौहान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### ऑनलाइन जमा होगा गृहकर और जलकर



**स्योहारा।** नगर पालिका ने गृहकर और जलकर ऑनलाइन जमा करने की सुविधा शुरू की है। अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने वेबसाइट nppseohara-org जारी करते हुए बताया है कि नगर पालिका क्षेत्र में सभी नगर वासियों को सुविधा देने के उद्देश्य से यह ऑनलाइन बिल जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ताकि नगर की जनता के लोग अपने घर बैठकर ही अपना गृह कर और जलकर का बिल जमा कर सके। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को इस वेबसाइट में किसी प्रकार की कोई परेशानी आती है तो वह जाकर नगर पालिका में अपनी शिकायत कर सकता है, जिसका निस्तारण तुरंत किया जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि नगर पालिका क्षेत्र में सरकार के द्वारा दी जा रही तमाम सुविधाओं को जनता तक पहुंचाया जाए। ताकि नगर की जनता इसका लाभ उठा सके। सरकार द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि तमाम सुविधाएं ऑनलाइन की जाए। यह उसी का प्रयास है।

### शोकसभा में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**धामपुर।** श्रीमद हनुमत सेवा समिति द्वारा बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज पर बैठक कर कश्मीर के अनंतनाग जनपद के पहलगाम में गत दिवस हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस कायराना आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुये वक्ताओं ने कहा कि यह आतंकी हमला नहीं बल्कि एक वीभत्स नरसंहार है। इस हमले द्वारा भारत की एकता व अखंडता पर सीधा प्रहार करने का दु:साहस किया गया है जो बिल्कुल भी क्षमा करने लायक नही है। पड़ोसी दुश्मन देश जम्मू-कश्मीर राज्य में शांति, विकास व तेजी से बढ़ती आर्थिक संपन्नता को पचा नहीं पा रहा है। सभी लोगों ने भारत सरकार से इस नृशंस आतंकी हमले का शीघ्र ही करारा जवाब देने की मांग की है। इस श्रद्धांजलि सभा में सुभाष कौशिक, बाबा रामदास, पवन कौशिक, डा. अनुज वर्मा, पंकज भटनागर, यतेंद्र शर्मा एडवोकेट, मयंक अग्रवाल, तरुण शर्मा शास्त्री, पुलकित भारद्वाज रचित, कपिल तुली, डा. ईश्वर चंद शर्मा, ध्रुव वर्मा, आयुष राज वर्मा, रजत सक्सेना आदि की उपस्थित रहे।

### हीट वेव से बचाव के बारे में बताया



**बिजनौर।** आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर में प्रधानाचार्या श्रीमती मीरा रानी के निर्देशन में छात्राओं को हीट वेव एवं उससे बचाव व पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत कुपोषण से बचने व पोषक तत्वों का सेवन करने से शरीर में होने वाले रोगों की रोकथाम व स्वस्थ रहने के उपाय बताए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बताया कि इस बदलते मौसम में भीषण गर्मी के चलते अनेक बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। इन दिनों में गर्मी से बचने के लिए पानी की पर्याप्त मात्रा लेना जरूरी है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए पोषक तत्वों का भरपूर प्रयोग करें। इन दिनों में ताजी और हरी सब्जियों का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक रहता है। वाइस प्रिंसिपल डॉ. रंजना ने बताया कि मौसम और खान-पान का हमारे स्वास्थ्य पर विशेष प्रभाव पड़ता है। गर्मी के मौसम में कड़ी धूप से बचना चाहिए। हाथों में पूरी आस्तीन के कपड़े तथा सिर पर धूप से बचाव हेतु छाता या चुनरी ओढ़ना जरूरी है। सुबह को हल्का नाश्ता और समय-समय पर पानी पीते रहने से गर्मी के प्रभाव से बचा जा सकता है। ताजा और शुद्ध भोजन लेना चाहिए। अधिक ठंडा पानी व बाजारु कोल्ड ड्रिंक आदि के सेवन से भी बचें। किसी भी बीमारी के लक्षण दिखाई देते ही चिकित्सक की सलाह अवश्य लें। गर्मी में पानी एवं शुद्ध भोजन पर्याप्त मात्रा में लेते रहना चाहिए। इससे शरीर को नई ऊर्जा मिलती रहती है। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही।

### टिटनेस व डिप्थीरिया की वैक्सीन लगाई



**धामपुर।** लाल केदारनाथ बालिका विद्या मंदिर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से टिटनेस व डिप्थीरिया की वैक्सीन लगाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य श्रीमती अभावती ने पांच छात्राओं के साथ स्वास्थ्य विभाग की अधिकारी अमृता सिंह द्वारा दीप प्रजवलित कर किया। इस अवसर पर लगभग 80 छात्राओं ने इस अवसर का लाभ उठाया कर टीकाकरण कराया। प्रधानाचार्य आभावती ने बताया कि इस वैक्सीन लगवाने से छात्राओं को टिटनेस डिप्थीरिया इत्यादि बीमारी से बचाव किया जा सकता है। वैक्सीन लगवाने वाली छात्राएं इशिका, अनुश्री, अवनी चंद्र, आरुषि, पल्लवी यादव रहीं। कार्यक्रम में रेनू, सरिता, अलका, अपर्णा, खुशबू, प्रीति, अर्चना, इशिका, प्रियंका, पारुल का विशेष सहयोग रहा।

### तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन



**धामपुर।** आरएसएम महाविद्यालय में गांधी नारी कल्याण समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला (जीवन कौशल) का समापन किया गया। समापन प्राचार्य डॉ. रश्मि शर्मा रावल द्वारा किया गया, जिसमें समिति द्वारा प्राचार्य को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. जितेंद्र चौधरी द्वारा योग से रहोगे निरोग एवं योग एक प्राचीन कला है जो आज भी हमें सुकून और संतुलित रखती है विषय पर अपने विचार रखे। तीन दिवसीय कार्यशाला में किशोरावस्था में सभी विद्यार्थियों को अपने भविष्य की चिंता, मन मस्तिष्क का विचलन और सामाजिक समरसता और सामाजिक के कारण अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसके निदान हेतु कार्यशाला का आयोजन किया। महाविद्यालय स्तर पर किया गया। डॉ. रवि धनकड़ ने कैरियर से चिंतित विद्यार्थियों की काउंसलिंग की। डॉ. आकाश ने मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से बचने के लिए कहा और समय का सदुपयोग कर अपने भविष्य को सँवारने की प्रेरणा दी। डॉ. सुमेधा चौहान ने कार्यशाला का महाविद्यालय पर में होने से विद्यार्थियों में होने वाले परिवर्तन पर विचार किया। कार्यक्रम का सफल संचालन नारी समिति की कार्यकर्ता नीरा गोयल द्वारा किया गया। सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्यवाणी की कामना की। कार्यक्रम में डॉ. मधुसूदन, डॉ. अनिल यादव, डॉ. भावना वत्सल, डॉ. भारती चौहान, श्रीमति माला देवी, श्रीमति पामिल अग्रवाल, श्रीमति सुनीता नंदा आदि उपस्थित रहे।

# खुदाई में निकली पीली धातु की शिव शंकर की मूर्ति व सिक्के



## वन्य जीव दफनाने के लिए खोदा जा रहा था गड्ढा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** हल्दौर मार्ग पर वन विभाग की चौकी के पीछे आम के बाग में वन्य जीव नौड़ी का शव दफनाने के लिए खोदे जा रहे गड्ढे के दौरान जमीन में एक पीली धातु की शिव शंकर की मूर्ति निकली। पुराने समय के कुछ सिक्के भी निकले है। मूर्ति निकलने पर आस-पास की महिलाओं व लोगों ने पूजा पाठ करना शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार गांव धनुपुरा अंबर के जंगल में वन विभाग को एक घायल अवस्था में एक वन्य जीव नौड़ी मिला था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। गुरुवार को वन विभाग की टीम उसके शव को दफनाने के लिए हल्दौर मार्ग पर वन विभाग की चौकी के पीछे आम के बाग में एक गड्ढे की खुदाई करा रही थी। खुदाई के दौरान जमीन में एक पीली धातु की शिव शंकर की मूर्ति व पुराने समय के सिक्के निकले है। शिव शंकर की मूर्ति निकलने की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने प्रसाद व पूजा पाठ करना शुरू कर दिया। वन विभाग के रेंजर गोविंद राम गंगवार ने बताया कि वन्य जीव नौड़ी की मौत होने के बाद शव को दफनवा दिया गया है।

# सर्वेक्षण नीति के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** पीबीएस फूड्स शुगर मिल चांदपुर में मिल एवं जीओवी स्टॉफ ने एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में सर्वेक्षण नीति के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गयी।

बैठक में खास बिंदु पर फोकस किया गया। राजस्व अभिलेख, नए सदस्य, किस्म सर्वेक्षण, रैटून विलोपन भौतिक भिन्नता, संयुक्त टीम सर्वेक्षण, नर्सरी, भूखंडों, प्रदर्शन भूखंड, डब्ल्यूएसएचजी भूखंडों का चिह्नांकन, बीज वितरण सत्यापन और बी में जोड़ना, सर्वेक्षण पर्ची, जीपीएस मशीन, अनबॉन्डिंग केन, ट्रांसफर इंट्री प्लॉट, सेल्फ डिक्लेरेशन प्लॉट, ट्रेंच की विशिष्टता, इंटरक्रॉपिंग, ड्रिप सिंचाई, पंचामृत किसान, सर्वेक्षण के साथ-साथ संबंधित गांव में लघु गोष्ठी कर लाल सड़न, नियंत्रण, शीर्ष छेदक, पायरिल्ला नियंत्रण जैसे समवर्ती विषयों पर भी चर्चा करते कहा कि सभी सर्वेक्षण सही और पारदर्शी होने चाहिए। डीसीओ पीएन सिंह ने फैक्ट्री प्रबंधन को हॉट टेप से बचाव के लिए कैप, वॉटर बूटल, मास्क और गुलदार (तेंदुए) से बचाव हेतु यंत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों को फैक्ट्री गन्ना सर्वेक्षण ऐप्स के साथ तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। बैठक पश्चात सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर के संयुक्त निर्देशन में उनके साथ शुगर मिल चांदपुर परिसर से किसानों को उनके गन्ने की फसल और अच्छी पैदावार के लिए प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# सीडीओ ने की लंबित विभागीय प्रकरणों की समीक्षा

## अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति, जिला निर्यात समिति, एमओयू क्रियान्वयन तत्र, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की बैठक आयोजित हुई।

मुख्य विकास अधिकारी श्री बोरा ने प्रदूषण विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित विभागीय प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द पूर्ण गुणवत्ता के साथ उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले का औद्योगिक विकास और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने गत बैठक में उठाये गये प्रकरणों पर दिए गए निर्देश/अद्यतन स्थिति/प्रस्तुत अनुपालन आख्या की बिंदुवार विवरण की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने मुख्य मंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत बैकों को निर्देश दिये कि पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की गुणवत्ता पूर्वक जांच करते हुए सही प्रकार से स्वीकृत करना सुनिश्चित करें जिससे कि योजना का लाभ अधिक से अधिक लाभार्थियों को प्राप्त हो सके।

उन्होंने एमओयू क्रियान्वयन तंत्र की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में हस्ताक्षरित एमओयू को यथाशीघ्र धरातल पर लाने तथा उन्हें यथाशीघ्र उत्पादनरत बनाने के लिए प्रयास करें। उद्योग बंधुओं द्वारा बैठक में उद्योग हित के साथ जनहित से जुड़े कई मसले जैसे सड़क, परिवहन, स्वास्थ्य, बिजली, स्वच्छता, पर्यटन, भूमि आदि से जुड़े मसले उठाए गए, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग अमित कुमार सहित जिले के उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु जुल्फुकार अहमद, विकास कुमार अग्रवाल, मुनिश त्यागी, नितिन अग्रवाल सहित अन्य उद्योग एवं व्यापार बन्धु मौजूद थे।

# एसपी कॉलेज में युवा शिल्प प्रतियोगिता

## शगुन राजपूत ने पाया प्रथम स्थान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** क्षेत्र के ग्राम तिगरी स्थित एसपी ग्रुप ऑफ कालेज में सुम्बुल शेख के निर्देशन में युवा शिल्प प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की थीम 'वेस्ट मेटिरियल से बेस्ट क्राफ्ट' थी, जिसने प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम को दो चरणों में सम्पन्न कराया गया।

पहले चरण में छात्र छात्राओं ने शिल्प प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए सुंदर सुंदर कलाकृतियां बनाकर बाहर से आये अतिथियों और निर्णायक मंडल का ध्यान आकर्षित किया। दूसरे चरण में कार्यक्रम को एक मंच प्रदान किया गया, जिसे महाविद्यालय के अध्यक्ष संदीप बंसल और प्रबंधक राहुल बंसल की उपस्थिति में महाविद्यालय के कपिल शर्मा और इंतिबा अनीस के कुशल संचालन में सम्पन्न कराया गया।

कार्यक्रम को मंच प्रदान करने के दो मुख्य उद्देश्य थे, जिनमें से एक तो निर्णायक मंडल के सदस्यों डॉ. माही मुनीर (प्रधानाचार्य प्राथमिक विद्यालय इस्माइलपुर, चांदपुर) तथा स्वेता अग्रवाल (आर्टिस्ट) की उपस्थिति में चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित करना तथा बाहर से आये अतिथियों जिनमें अचल अग्रवाल, पीयूष राजपूत (संस्थापक सर्वोदय इंटर कालेज सेंद्वार), नसीम अहमद (सहायक अध्यापक सर्वोदय कालेज), नरगिस नईम (उपप्रधानाचार्या रहमानिया इंटर कॉलेज चांदपुर), मलका तरन्नुम और नगमा (सहायक अध्यापिका रहमा. निया इंटर कालेज) तथा रुखशाना (एमएसए पब्लिक स्कूल मुबारकपुर कला) आदि का सम्मान करने के साथ साथ यूनिवर्सिटी परीक्षा में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को प्रदर्शन के आधार पर उनके अभिभावकों की उपस्थिति में सम्मानित करना था। शिल्प प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा शगुन राजपूत (विवेकानंद महाविद्यालय दरबाड़ा चांदपुर) को रूपए 5000 का नकद पुरस्कार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अल्फिशा (वेदिक कन्या इंटर कालेज चांदपुर) को रूपए 3000 का नकद पुरस्कार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा रिद्धि अग्रवाल (आधार शिला द स्कूल दत्तियाना रोड चांदपुर) को रूपए 2000 का नकद पुरस्कार और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रथम 10 (अलीना, मनु वर्मा, सना, हर्षिता त्यागी, अदीना आदि) प्रतिभागियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। युवा शिल्प प्रतियोगिता के साथ -साथ महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को यूनिवर्सिटी परीक्षा में महाविद्यालय स्तर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए भी प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया, जिसमें बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा पलक शर्मा ने 77.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वासुदेव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा लायबा परवीन और फारिया ने बराबर अंक लाकर बीएससी प्रथम वर्ष में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बीए प्रथम वर्ष में अंशिका ने प्रथम, तनु कुमारी और महताब अहमद बराबर अंक लाकर द्वितीय तथा प्रिंस सूर्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ बीएससी गृह विज्ञान प्रथम वर्ष की छात्रा अंशिका ने प्रथम स्थान, नजराना ने द्वितीय स्थान और इरम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य कपिल शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय छात्र- छात्राओं के उत्साह वर्धन के लिए ऐसे आयोजन निरंतर कराता रहता है, जिसके लिए वह महाविद्यालय की प्रबंध समिति का आभारी हूं।

आपको बता दें कि युवा शिल्प प्रतियोगिता में लगभग 25 से अधिक इंटर कालेज और डिग्री कॉलेज के लगभग 250 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिनकी व्यवस्था आदि कार्य योजना में महाविद्यालय के डायरेक्टर अर्पित बंसल के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सुम्बुल शेख, कपिल शर्मा, इंतिबा अनीस, अमानी अतीक, प्रियंका तोमर, संगीता सिंह, सुहाना फिरोज, आसिफ मंसूरी, राजेन्द्र पाल सिंह, विपिन कुमार, जितेन्द्र कुमार, देव मौर्य, इरफान अहमद, अभिषेक अग्रवाल, सोनू कुमार, शुभम कुमार, नमन कौशिक, हिमांशु चन्द्र, विनय गहलोत, युमना फिरोज, मरयम शकील, इरम परवीन आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### शाखा प्रबंधक ने किया सम्मानित



**अफजलगढ़।** ग्राम मेघपुर मार्ग स्थित एक्सिस बैंक शाखा की ओर से खाता धारकों से मिलिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शाखा प्रबंधक ने खाता धारकों की समस्याएं सुनी। स्थानीय एक्सिस बैंक की शाखा प्रबंधक शादमानी मुख्तार ने बैंक खाता धारकों से मिलिए एक कार्यक्रम में केक काटकर उपस्थित खाता धारों को बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर उन्होंने बैंक द्वारा दिए जाने वाले ऋणों कृषि, होम, इंश्योरेंस हेल्थ,कार, शिक्षा ऋण आदि समस्त प्रकार के ऋणों पर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ उठाने पर जोर दिया। उन्होंने बैंक में अधिक से अधिक अकाउंट खुलवाने का आह्वान किया। वही उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट के धामपुर तहसील इकाई के अध्यक्ष इशरत अली को बैंक की शाखा प्रबंधक सादमानी मुख्तार द्वारा सम्मानित किया गया, जिससे उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट के पत्रकारों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर एक्सिस बैंक की शाखा प्रबंधक शादमानी मुख्तार के अलावा, एरिया मैनेजर अक्षय त्यागी, राजा पवार, मौहम्मद शादाब, कपिल, कुमार शुभम सिंह, ऋशिद कुमार, शिवम कुमार, मौहम्मद सलीम आदि बैंक कर्मचारीयों के अतिरिक्त इशरत अली, परवेज विकार, डॉ. विमल कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान मेघपुर रिजवान अहमद, सभासद शाहनवाज अहमद, अमानत हुसैन, मनप्रीत सिंह संधू, डॉ. मौहम्मद ताजीम प्रबंधक एमटी हॉस्पिटल आदि खाताधारक मौजूद रहे।

### नियुक्ति में धांधली का आरोप




**अफजलगढ।** नगर में रिक्त पड़े आंगनबाड़ी केंद्र पद के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायक की एक आवेदक ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर कम मैरिट वाली महिला से घूस लेकर नियुक्ति करने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त और भ्रष्टाचार रोकने के हर संभव प्रयास कर रही है परन्तु कुछ विभाग के कर्मी पर सरकार की जीरो टॉलरेंस पालिसी का कोई असर नहीं पड़ रहा है। जिस कारण सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म देखने को मिलता है। कुछ दिन पूर्व उत्तर प्रदेश बरेली में सीडीपीओ विकास भवन के बाहर ही कार में आंगनबाड़ी भर्ती के लिए महिला से रिश्वत लेता रंगेहाथ पकड़ा गया। एक मामला थाना क्षेत्र बाल विकास पुष्टाहार परियोजना कासमपुर गढ़ी ब्लाक के अन्तर्गत कस्बा अफजलगढ़ का समाने आया है। सरकार ने 2024 में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायक पद के लिए मैरिट के आधार पर रिक्त पद के लिए आवेदन हुए, जिसमें नगर पालिका के वार्ड 02 के लिए कुमारी शीतल पुत्री मनफूल निवासी मोहल्ला किला ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद के लिए आवेदन किया था। जिसकी हाईस्कूल, इंटरमीडिएट,स्नातक के अंकतालिका में 172 मैरिट है। शीतल का आरोप है की ब्लाक कासमपुर गढ़ी अधिकारी द्वारा अन्य दो महिलाओं से मोटी रकम लेकर जिसकी उससे कम मैरिट सूची में है। उनका चयन कर दिया गया। पीड़ित ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पर देकर निष्पक्ष जांच की मांग की। उधर बाल विकास परियोजना अधिकारी सीडीपीओ नीता देवी का कहना कार्यकत्री, सहायक रिक्त पदों के आठ वार्ड के लिये मैरिट, आय, बीपीएल कार्ड धारकों के आधार पर रखा गया। लगाए गए आरोप सभी आरोप निराधार है।

### रोटरी क्लब ने पेडेस्टल फैन बांटे



**बिजनौर।** रोटरी क्लब गंगा बिजनौर के सौजन्य से स्थानीय आर्य समाज के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन कर नगर के 3 व एक ग्रामीण स्कूल तथा चामुंडा मंदिर को तीन-तीन पेडेस्टल फैन वितरित किए गए। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर जाटान, यशपाल आर्य स्कूल जमालपुर पठानी, आर्य समाज प्राइमरी व जूनियर स्कूल, जूनियर हाई स्कूल गंगदासपुर, चामुंडा मंदिर जाटान को 3-3 पेडेस्टल फैन दिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष हितेश कुमार शर्मा एवं संचालन सचिव डॉ राजीव अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर क्लब के सचिव डॉ. राजीव अग्रवाल ने कहा कि रोटरी क्लब गंगा समय-समय पर सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्ग की सहायता करता रहता है। प्रत्येक मौसम के अनुसार समाज के पात्र लोगों को कपड़े, कंबल, पंखे एवं छाता देने का काम करता है। क्लब के सभी सदस्य ऐसे नेक कार्यों को करने में हर समय तत्पर रहते हैं और अपना सौभाग्य मानते हैं। कार्यक्रम में चार्टर अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष डॉ. इंदु मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष गजे सिंह, पूर्व अध्यक्ष आदेश भटनागर, पूर्व अध्यक्ष सुफियान बानो, पूर्व अध्यक्ष खगेश शर्मा एवं क्लब के सदस्यों में रोटेरियन तृप्ति शर्मा, रो. संजीव कुमार शर्मा, रो. रेखा अग्रवाल, रो. देवेंद्र चौहान, रो. विमल गुप्ता, रो. तिलक राज तनेजा, रो. अनिल शर्मा, रो. राजीव गुप्ता, रो. शिखा गुप्ता, रो. संजय भटनागर, रो. डॉ. नवनेश कोठारी, रो. डॉ. हितेश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आर्य समाज के अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस ने अपने संबोधन में रोटरी क्लब गंगा द्वारा समय-समय पर किए गए सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी कहा कि हम सबको भी अपनी अपनी सामर्थ्य अनुसार समाज के कमजोर वर्ग एवं जरूरतमंदों की आवश्यकता अनुसार सेवा करनी चाहिए। सामाजिक कार्यों के करने से अन्य लोगों को भी प्रेरणा दी जा सकती है। इस अवसर पर संबंधित स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं दयानंद जूनियर हाई स्कूल के प्रबंधक मनजीत सिंह, पत्रकार आलोक भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

### आतंकी हमले की निंदा

**चांदपुर।** नगर की सामाजिक संस्था अब्दुल वहीद मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के कार्यकर्ताओं ने समिति कार्यालय पर एक शोकसभा का आयोजन कर जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुई आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए उसमें मारे गये बेकसूर लोगों की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धाारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। समिति प्रबंधक मौलाना मौहम्मद इल्तिफात ने कहा आंतकवाद को कोई धर्म नहीं होता। हमलावर आतंकी जो भी हो सरकार गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दे। शोकसभा में अब्दुर्रहमान, मौहम्मद शरीफ नाजिर, खुर्शीद अहमद, मोहसिन अली, डा. मौहम्मद शुऐब, डा. मौहम्मद फैजान, मौहम्मद फैज, जावेद अख्तर, विक्की सैनी, संजय कुमार, मौहम्मद नादिर बेग एवोकेट, मौहम्मद शाजी, समरजहां, मौहम्मद इशरत, समीरा, सरदार नवजोत सिद्धू, मनीष कुमार, चंचल कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार, आबिद खान आदि उपस्थित रहे। शोकसभा की अध्यक्षता मौलाना इल्तिफात ने की जबकि संचालन गुफरान अहमद ने किया।

## अलग - अलग दुकानों से 72 सिलेंडर पकड़े, दो हिरासत में

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** कस्बे में गैस सिलेंडरो की कालाबाजारी कर रहे दो दुक.ानदारों के पास से छोटे - बड़े 72 सिलेंडर पकड़े गए हैं। पुलिस उपरोक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई है

पूर्ति निरीक्षक व पूर्ति लिपिक मीरगंज व थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने आज कस्बे के बरेली बस अड्डे व बिलासपुर बस अड्डे पर दुक.ानों में कालाबाजारी करने के लिए रखे गए छोटे - बड़े 72 सिलेंडर, वाहनों में गैस भरने वाली मोटरों सहित बरामद जब्त कर लिए। पुलिस ने मौके से आरिफ पुत्र पुत्तन, वकील पुत्र अब्दुल वाजिद निवासी कस्बा शीशगढ़ दो लोगों को हिरासत में लिया है।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में बजरंग दल ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में राष्ट्रीय बजरंग दल ने जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि निहत्ते लोगों को सरेआम मौत के घाट उताररने वाले आतंकवादियों के खिलाफ जल्द से जल्द कड़ा कदम उठाया जाये।

गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल से जुड़े लोग जुलूस की शक्ल में प्रदर्शन करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान वह आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए चल रहे थे। बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में बजरंग दल से जुड़े लोगों ने पहलगाम हमले के विरोध में प्रधानमन्त्री को सम्बोधित एक



ज्ञापन एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने हमला करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की मांग की। ज्ञापन देने वालो में विपिन गंगवार, सानू, सुनील, अवनीश आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या मामले की हो सीबीआई जांच

■ परिजनों को दी जाए पचास लाख आर्थिक सहायता

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** जनपद सीतापुर के तहसील क्षेत्र महोली से दैनिक जागरण के पत्रकार, किसान और ब्राह्मण भाई राघवेंद्र बाजपेई की बीते दिनों हेमपुर ओवरब्रिज पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एक माह से अधिक दिनों के बाद पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा किया। जिससे परिवारीजनों सहित संपूर्ण जनमानस हताश और अवाक रह गया। जैसा कि मृतक राघवेन्द्र की पत्नी ने भी वीडियो जारी कर इस खुलासे का विरोध किया है। ये बाते ऐप्जा के प्रदेश



कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी ने पत्रकारों की बैठक मे कही। मंगलवार को मीरगंज क्षेत्र के पत्रकारों की एक बैठक उनासी चौराहा स्थित एक होटल मे हुई। जिसमें सभी पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्याकांड में सीबीआई जांच कर साथ ही 50 लाख रुपए आर्थिक सहायता और नौकरी की मांग की।

ऐप्जा के प्रदेश कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी ने बताया कि ऐप्जा के चेयरमैन रविंद्र मिश्रा के नेतृत्व मे भगवान परशुराम जयंती 29 अप्रैल को सीतापुर कलेक्ट्रेट कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। जिसमे उन्होंने समस्त पत्रकारो से धरने को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर मीरगंज तहसील अध्यक्ष राजकुमार कश्यप के नेतृत्व में चार पत्रकार साथियों ने एप्जा पत्रकार संगठन की सदस्यता ग्रहण की मीटिंग में कोषाध्यक्ष प्रवीण मौर्य, तहसील प्रभारी डॉ करुणा शंकर तिवारी, जिला महासचिव सौरभ पाठक, कपिल यादव, शाकिर खां,केसी शर्मा, राघवेंद्र सिंह, केपी सिंह, इमरान अंसारी, सरफराज अंसारी, शंशाक गुप्ता उर्फ मोनू, सुंदर राजपूत, प्रवन पांडे आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## उपभोक्ताओं को मिली बिजली, ली राहत की सांस

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** मंगलवार की रात और बुधवार को सारे दिन बिजली न मिलने से जहां उपभोक्ताओं में हाहाकार मच गया था तो बुधवार की रात साढ़े नौ बजे आई बिजली से नागरिकों ने राहत की सांस लेकर विभाग का आभार व्यक्त किया।

पूरे 30 घंटों तक क्षेत्र के लोगों को विना विजली के ही अंधेरे में रहना पड़ा था। जिससे उपभोक्ताओं में हाहाकार मच गया था, उपभोक्ताओं द्वारा विजली ठप होने पर सोशल मीडिया पर सारे समय विभाग के साथ ही नेताओं पर तरह तरह के कमेंट किए जाते रहे। क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप होने और नव नियुक्त जिला अधिकारी द्वारा पदभार संभालने के साथ ही विद्युत आपूर्ति ठप होने का समाचार दैनिक समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित होने से विभाग में खलवली मच गई थी। इसके साथ ही सारे दिन सोशल मीडिया पर विभाग के साथ ही नेताओं को लेकर तरह तरह के कमेंट भी किए जाते रहे थे।

बुधवार की रात साढ़े नौ बजे जैसे ही लाइट कस्बे में आई उपभोक्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई और फिर जो अभी तक विभाग को कोसते नहीं तक रहे थे वह लाइट आते ही विभाग का आभार व्यक्त करने लगे थे। गुरुवार को रुक रुक कर सारे दिन बिजली आपूर्ति की जाती रही। उपभोक्ता विभाग द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट को लेकर भी सकते में हैं जिसमें उसने 27 अप्रैल तक लाइट आने की संभावना जताई थी। सपा नेता प्रो राशिद अंसारी, युवा अधिवक्ता राजीव गंगवार, शारिक खां, मो ताहिर अंसारी,अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के पूर्व सदर हाजी परवेज गुड्डू, सपा अल्प संख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव हाजी परवेज अंसारी, पूर्व सभासद मुराद अहमद अंसारी, मो हसन अंसारी, अंसार अहमद पिंडारी, व्यापारी नेता राजकुमार गुप्ता, सभासद आशीष गुप्ता आदि ने विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मियों को लाइट सुचारू करने के लिए उन्हें बधाई दी है।

## जम्मू-कश्मीर आतंकी हमले पर समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता मुहम्मद साजिद का कड़ा रुख

■ आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** जम्मू-कश्मीर के शांत वादियों को एक बार फिर आतंक की आग में झोंकने की नापाक कोशिश की गई है। हाल ही में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की जान चली जाना पूरे देश के लिए अत्यंत दुखद और निंदनीय घटना है। इस बर्बर और कायराना हमले की हर ओर तीखी आलोचना हो रही है। समा.जवादी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मुहम्मद साजिद ने इस घटना को लेकर गहरा दुख जताया है और एक सख्त बयान जारी किया है।

मुहम्मद साजिद ने अपने बयान में कहा, "जम्मू-कश्मीर में आतंकियों द्वारा किए गए हमले में बेगुनाह पर्यटकों की जान चली जाना अत्यंत दुखद और निंदनीय है। यह कायराना हमला है। हमले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। जिससे आगे कोई आतंकी देश की तरफ आंख उठाने की हिम्मत न कर सके।"

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं देश की एकता और अखंडता को चोट पहुंचाने की साजिश हैं, और इनका करारा जवाब देना समय की मांग है। सरकार को चाहिए कि वह न सिर्फ इस हमले के पीछे छिपे आतंकियों और उनके सरगनाओं को खोजकर सजा दिलाए, बल्कि जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक कदम उठाए। मुहम्मद साजिद ने यह भी कहा कि देश की जनता अब सिर्फ संवेदनाओं से नहीं, ठोस कार्रवाई से न्याय चाहती है। आतंकी घटनाओं पर कड़े संदेश देने और उनकी जड़ों तक पहुंचकर सफाया करने की जरूरत है, ताकि भविष्य में कोई भी आतंकी भारत की धरती की ओर देखने की हिम्मत न कर सके। इस बयान के माध्यम से समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता ने न केवल मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की, बल्कि देश की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करते हुए सरकार से तत्काल और प्रभावशाली कार्रवाई की मांग की है।

## नवागत डीएम अविनाश सिंह ने संभाला कार्यभार

■ कानून एवं शांति व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस की अपनायी जाएगी नीति



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** नवागत जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट कोषागार पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया।

जिलाधिकारी ने अपनी प्राथमिकताओ के बारे में बताते हुए कहा कि शासन की योजनाओं व नीतियों का बेहतर क्रियान्वयन कराया जाएगा। कानून एवं शांति व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम डैश बोर्ड में जनपद की स्थिति अच्छी है, राजस्व कार्यों पर और गति लायी जाएगी। आईजीआरएस में संतुष्टि फीडबैक लेवल बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

आम आदमी की समस्याओं का निस्तारण समय से हो इसके लिए जनपद के समस्त अधिकारी प्रत्येक दिवस सुबह 10 से 12 बजे तक अपने-अपने कार्यालय में बैठ कर जनसुनवाई करें और जन सामान्य की शिकायतों को सुनकर उनका त्वरित निस्तारण भी करें।

सभी अधिकारी सप्ताह में तीन दिन फील्ड विजिट करें, जिससे विकास कार्यों को बेहतर तरीके से धरातल पर लाया जा सके, और आम आदमी को अपनी समस्याओं को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। शिकायतों पर मात्र मार्क कर देने से समस्या का समाधान नहीं होगा, संबंधित शिकायतकर्ता से जानकारी भी ली जाये कि आपकी समस्या का समाधान हुआ या नहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के जीवन में रोजगार के माध्यम से परिवर्तन लाने का प्रयास किया जाए। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को प्राथमिकता पर रख उनकी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) संतोष बहादुर सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, मुख्य कोषाधिकारी शैलेश कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## समस्त संबंधित विभागों को रैंकिंग ए प्लस और ए के बीच में बनाए रखने के दिए गए निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास एवं निर्माण कार्यों पर सीएम डैशबोर्ड की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों से जानकारी ली कि अप्रैल माह की रैंकिंग में जनपद की रैंकिंग नीचे जाने के कोई कारण तो नहीं है। सभी को निर्देशित किया गया कि रैंकिंग ए प्लस और ए के बीच में बनाए रखें।

बैठक में बी, सी, डी व ई रैंक वाले विभागों, योजनाओं व निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की और कारणों को जान कर उनके निस्तारण के सम्बंध में निर्देश दिए गए।

बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि बेसिक शिक्षा में बी ग्रेड प्राप्त हुआ है जो कि एमडीएम और उपस्थिति के सापेक्ष मिली है। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जब चित्रकूट की सबसे अच्छी रैंक है तो आप भी उनसे बात करके अच्छा करें। माह के अंतिम दिन की फीडिंग पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। बैठक में कार्यदायी संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि थानों के बैरक निर्माण का कार्य पूर्ण है लेकिन कोर्ट का स्टे होने के कारण भवन की बाउंड्रीवाल व एप्रोच रोड एग्रीमेंट के आधार पर पूर्ण नहीं हो पा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी से बात करने के निर्देश दिए।

बैठक में अवगत कराया कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के बजट से जनपद में यूनानी अस्पताल का निर्माण कराया गया है, जिसकी डीपीआर में विद्युत संयोजन के लिए प्राविधान ना होने के कारण विद्युत संयोजन नहीं हो सका है और अस्पताल क्रियाशील नहीं है। जिसपर निर्देश दिए गए कि निर्धारित आदेश के अनुसार भवन हैण्डओवर किसे होना है उसे हैण्डओवर कराते हुए विद्युत संयोजन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 96 प्रतिशत कनेक्शन हो गए हैं, जिस पर उक्त कार्य को 98 प्रतिशत पर ले जाने के निर्देश दिए गए, जिससे रैंक प्रभावित न हो।

बैठक में अधिशासी अभियंता आरईडी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में पांच कस्तूरबा विद्यालयों का निर्माण कार्य मिला था लेकिन हमें भूमि सितम्बर 2024 को मिली लेकिन प्रारम्भ तिथि पहले की दिखायी गयी है यदि प्रारम्भ तिथि संशोधित हो जाए तो हम ए प्लस में आ जाएंगे।बैठक में बताया गया कि किसान कल्याण केन्द्र का निर्माण





कार्य सी रैंक में है, जिस पर अवगत कराया गया कि धनराशि न आने के कारण रैंक पिछड़ी थी अब चूंकि बजट आ गया है अत: कार्य शीघ्र पूर्ण कराते हुए रैंक में सुधार ले आया जाएगा।

बैठक में अवगत कराया कि जय प्रकाश नारायण विद्यालय का मनौना व गोपालपुर में कार्य चल रहा है जो कि डी रैंक में है। इसके साथ ही पर्यटन विभाग के 10 निर्माण कार्य हैं, जिनकी डी रैंक है, जिस पर अवगत कराया गया कि 10 में से 05 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 02 इस माह पूर्ण हो जाएंगे। बैठक में अवगत कराया कि बेसिक शिक्षा विभाग यूपीपीसीएल द्वारा कस्तूरबा विद्यालय की ई रैंक है, जिस पर अवगत कराया गया कि शेरगढ़ में हाई टेंशन लाइन की समस्या थी, जिसका दिसम्बर में निस्तारण होने के बाद कार्य में गति है।

बैठक में 50 लाख से अधिक की धनराशि के 14 कार्यों की भी समीक्षा की गयी, जिसके अन्तर्गत यूपी सिडको द्वारा मिनी बाईपास पर बस स्टेशन का निर्माण कार्य, ग्राम मुस्तिकला में पशु चिकित्सा संस्थान, जयप्रकाश सर्वोदय विद्यालय भोजीपुरा, रुहेलखण्ड नहर का डारमेट्री और हाल का निर्माण कार्य आदि की समीक्षा की गयी।बैठक में 50 करोड़ से अधिक लागत के 06 प्रोजेक्ट की समीक्षा के दौरान जानक.ारी दी गयी कि दो कार्य सेतु निगम के हैं जिनकी प्रगति लगभग 50 प्रतिशत है। पुरानी जिला जेल के कार्य की प्रगति 91 प्रतिशत है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भंडारी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### घर में सो रही महिला से छेड़छाड़ ,मुकदमा हुआ दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** बच्चों के साथ घर में सो रही महिला को बुरी नियत से पकड़ कर की छेड़छाड़ महिला के शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया महिला की तहरीर पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की वह अपने बच्चो के साथ घर में सो रही थी। आधी रात मे शराब के नशे में धुत्त गांव का ही अहमद नवी पुत्र रमजानी एक अज्ञात व्यक्ति के साथ घर में घुस आया और अश्लील हरकतें करने लगा मेरी चीख निकल पडी और मै घबरा कर उठी चीखने पर बच्चे भी घवरा कर उठ गये तभी अहमद नवी व अज्ञात व्यक्ति जान से मारने की धमकी देकर भाग गये।मैने 112 पर काल करके सूचना दी 112 पीआरवी मौके पर आई और जाँच पड़ताल की। महिला की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

### पूर्व प्रधान पर धोखाधड़ी और रगंदारी का मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव उनासी के पूर्व प्रधान ने कस्बे मे एक स्कूल किराय पर लेकर चलाते है स्कूल प्रबंधक ने उनके खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर स्कूल के कागजात ले जाने और मान्यता के नाम पर रूपये हड़पने और दस लाख रूपये की रंगदारी का आरोप लगाया है पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरु कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बा मे राजीव गोयल मैमोरियल स्कूल पुलिस चौकी के पास स्थित है जिसकी प्रबन्धक रजनी गोयल है उन्होंने अपना विघालय उनासी गांव के पूर्व प्रधान रवि जौहरी पुत्र चन्द्रसेन को वर्ष 2019 में किराये पर दिया था। रवि जोहरी ने रजनी गोयल से आठ लाख रूपये हाई स्कूल की मान्यता व पंजीकरण के लिये लिए थे। लेकिन रवि जो.हरी ने न तो हाईस्कूल की मान्यता ही कराई और न ही पंजीकरण कराया। न ही रूपये वापस किये। रजनी गोयल ने जिसकी थाने पर शिकायत की तो रवि जोहरी रूपये देने के वायदा कर कार्रवाई न करने को कहा ।पिछले हप्ते रवि जोहरी ने एक हप्ते मे रूपये देने का वायदा लिखित मे किया था। लेकिन रवि जौहरी ने वायदा से पहले अपने दो साथियो के साथ मेरे जेठ संजीव गोयल पर स्कूल के अन्दर तमन्चा टेक दिया और जान का भय दिखाकर रूपये 10 लाख की रंगदारी मांगी न देने पर मुझे और जेठ को जान से मारने की धमकी देते हुये स्कूल का एस आर रजिस्टर मोहरे स्कूल की पासबुके अलमारी की चाबी मान्यता की रिन्यूवल की कापी लेकर चला गया। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरु कर दी है।

### तीन बच्चों की मां को पड़ोसी से हुआ प्यार ,घर से हुई फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी तीन बच्चों की मां को अपने ही मोहल्ले में रहने वाले एक ब्यक्ति से प्यार हो गया। इसके बाद महिला प्रेमी के साथ फरार हो गई।कहते हैं प्यार इंसान को अंधा बना देता है उसे कुछ सही और गलत नहीं दिखता।ऐसा ही एक मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का है यहाँ की एक तीन बच्चों की मां को अपने ही पडोसी से प्यार हो गया। प्यार में डूबी महिला पति, बच्चों और परिवार को छोड़ कर प्रेमी के साथ फरार हो गई। महिला के गायब होने के बाद पति ने पुलिस से शिकायत कर बताया की मेरी पत्नी को मेरा पडोसी युवक लेकर चला गया है साथ मे अपने साथ घर के जेवर व रूपया भी ले गयी है।पुलिस ने युवक के विरुद्ध संबंधित धारा मे मुकदमा दर्ज किया है।

### ई-रिक्शा की टक्कर के बाद दो पक्ष आपस में भिड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**बहेड़ी।** फोरलेन बाईपास लोधीपुर चौराहे पर जिम के पास दो ई-रिक्शा चालक आपस में भिड़ गए। इसके बाद दोनों ई-रिक्शा वालों के बीच जमकर मारपीट हुई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचे गई, और एक रिक्शा चालक को पकड़ लिया, जबकि दूसरे ई-रिक्शा चालक के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। गुरुवार को लोधीपुर चौराहे पर दो ई-रिक्शा आपस में टच हो गए। इसके बाद दोनों ई-रिक्शा चालक आमाने सामने आ गए, और गाली गलौज के बाद उनमें जमकर मारपीट हुई। ई-रिक्शा चालक दयाशंकर गंगवार की शिकायत पर पुलिस ने दूसरे ई-रिक्शा चालक मुस्तफा को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे ई-रिक्शा चालक के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। एक पक्षीय कार्यवाही से रिक्शा चालकों में रोष है।

### दबंगों ने महिला से की छेड़छाड़, विरोध पर मारपीट कर झोपड़ी में लगाई आग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** घटना तीन दिन पहले की है, नजदीकी गांव यासीन नगर की एक महिला घर पर थी कि बस्ती के भूरा और असलम उसे गन्दी गंदी गालियां दे रहे थे कि उसने इसका विरोध किया तो दोनों उसके घर में घुस आए, और मारपीट करने लगे, इसी दौरान बस्ती का माहिर अली और हैदर भी घर में घुस आए और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगे, आरोप है कि माहिर अली ने बुरी नियत से उसका हाथ पकड़ लिया और सीने पर हाथ चलाया। इतना ही नहीं दबंगों ने उसकी झोपड़ी में भी आग लगा दी, जिससे वहां बंधे बकरे के दो बच्चे जल कर मर गए। आरोप है कि जब वह घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने महिला थाने गई तो उसे ललकार कर भगा दिया गया। महिला ने एसपी उत्तरी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की, जिसपर पुलिस ने एस पी उत्तरी के आदेशों पर सभी आरोपियों के खिलाफ घटना की रिपोर्ट दर्ज की है।

## तीस मई को होगा वार एसोशिएशन कार्यकारिणी का चुनाव

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** गुरुवार को हुई एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन की जनरल हाउस की बैठक में संगठन की नई कार्यकारिणी का चुनाव कराए जाने की घोषणा कर दी गई, कार्यकारिणी का चुनाव 30 मई को होगा। संगठन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी की अध्यक्षता में देर तक चली जनरल हाउस की इस बैठक में जहां सदस्यता शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल से 30 अप्रैल की गई है, वहीं चुनाव की तारीख का भी ऐलान कर दिया गया।अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन 15 मई को किया जाएगा, जिसपर 16 मई को 2 बजे तक इसपर आपत्ति ली जाएगी, 17 मई को दर्ज की गई आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। 20 मई को आखिरी मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। 21 और 22 मई को नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे, 23 मई को आपत्तियां और उनका निस्तारण किया जाएगा, और 30 मई को सुबह 10 बजे से 3 बजे तक मतदान किया जाएगा, उसके बाद मतगणना और चुनाव परिणाम की घोषणा की जाएगी।बैठक में एल्डर कमेटी का गठन करते हुए सुधाकर लाल रस्तोगी, अशोक कुमार राठौर, राजेश पाल गंगवार, हाजी माजिद हुसैन जैदी के साथ ही दुष्यन्त गंगवार को इसमें शामिल किया गया है। इसमें पूर्व अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, सुधाकर लाल रस्तोगी, आनन्द कुमार, हरि प्रसाद गंगवार, पुष्पेन्द्र गंगवार,ज्वाला प्रसाद श्रीवास्तव, अशर्फी लाल गंगवार, राजीव गंगवार, उमेश गंगवार, श्रीपाल गंगवार, विनोद कुमार, फूल कुमार शर्मा, मनोज शर्मा, अनिल मौर्य, महेन्द्र गंगवार, अनिल कुमार दिवाकर, गजेन्द्र राठौर, इश्तियाक अली, शराफत अली, मुकेश गंगवार आदि शामिल रहे। लम्बे समय से चुनाव का इंतजार कर रहे अधिवक्ताओं ने चुनाव की घोषणा होने पर खुशी का इजहार किया है।

## हिस्ट्रीशीटर ने घर में मचाया आतंक, मां-बेटी को पीटा, पुलिस तमाशबीन!

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** प्रेमनगर पुलिस एक बार फिर अपनी सुस्त कार्य शैली को लेकर कटघरे में है। प्रेमनगर थाना क्षेत्र में एक हिस्ट्रीशीटर ने अपने साथियों संग घर में घुसकर लूटपाट की, मां-बेटी को जमकर पीटा और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित के मुताबिक जब उसने रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की तो पुलिस ने उसे टालते हुए कोई कार्रवाई नहीं की।

थाना प्रेमनगर अदनान अली निवासी सुर्खा बानखाना, नीम की मठिया ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 16 अप्रैल की रात करीब 10 बजे बाबर अली निवासी अटरिया थाना सीबीग.ंज और फिरोज निवासी मोहल्ला मुराओ थाना सिरौली अपने अज्ञात साथियों संग अवैध असलहा लेकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने तमंचे की नोक पर मंगनी के जेवर, कुंडल, अंगूठी और 55 हजार रुपये लूट लिए, जो कि प्रार्थी की मां को कमेटी से प्राप्त हुए थे।

मां-बेटी को बेरहमी से पीटा, बहन को लगे 32 टांके

जब प्रार्थी की मां ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें बेरहमी से पीटा और धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। शोर सुनकर बचाव को आई बहन रुही पर धारदार हथियार से सिर पर ताबड़तोड़ वार किए गए, जिससे उसके सिर में गहरी चोटें आईं और डॉक्टरों ने 32 टांके लगाए। हमले में मां का हाथ भी टूट गया।

प्रार्थी ने बताया कि आरोपी बाबर अली पहले भी उसकी मां का हाथ तोड़ चुका है, जिसका ऑपरेशन हुआ था। इसके बावजूद पुलिस ने अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं की।

घटना के बाद प्रार्थी ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी, तब जाकर परिवार की जान बच सकी। आरोपियों ने जाते-जाते धमकी दी कि अगर पुलिस में शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे।

प्रार्थी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते हुए कहा है कि वह और उसका परिवार आरोपियों के आतंक से खौफजदा हैं। यदि समय रहते कार्रवाई न हुई तो आरोपी फिर किसी अनहोनी को अंजाम दे सकते हैं। बावजूद इसके, अब तक थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

## एशिया की सबसे बड़ी हाईटेक यूनिवर्सिटी की घोषणा पर उमड़ा जनसमर्थन

■ क्षेत्रीय विकास पार्टी के सद प्रयास को नागरिकों ने सराहा

शाहटाइम्स सवांददाता

**खतौली।** क्षेत्रीय विकास पार्टी द्वारा 16 अप्रैल को दिल्ली में शिक्षा सचिव को सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से खतौली में एशिया की सबसे बड़ी हाईटेक यूनिवर्सिटी स्थापित करने की घोषणा ने समूचे क्षेत्र में उत्साह और गर्व की लहर दौड़ा दी है। यह ऐतिहासिक कदम खतौली को शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने वाला साबित हो सकता है। इस महत्वपूर्ण घोषणा पर हमने समाज के विभिन्न वर्गों से बातचीत की। पेश हैं कुछ प्रमुख लोगों के विचारशिवानी सैनी का कहना था कि खतौली में हाईटेक यूनिवर्सिटी की स्थापना केवल एक शैक्षिक उपलब्धि नहीं बल्कि सामा.जिक और आर्थिक बदलाव की नींव भी है। इससे युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने ही क्षेत्र में मिल सकेगी।

कर्मवीर सिंह वर्मा का कहना है कि यह फैसला युवाओं के भविष्य को दिशा देने वाला है। हमें गर्व है कि हमारी मिटी से एक ऐसा सपना आकार ले रहा है जो पूरे एशिया को आकर्षित करेगा। शैक्षणिक विकास से साथ ही स्थानीय व्यवसाय को भी लाभ मिलेगा। छात्र, फैकल्टी और उनके परिवारों से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।ष्हमें अब बाहर जाकर पढ़ाई करने की जरूरत नहीं होगी। अपने शहर में ही ब्विस्तरीय शिक्षा पाना एक सपना जैसा है।यूनिवर्सिटी के आने से महिला शिक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। हम चाहते हैं कि इसमें महिलाओं के लिए विशेष तकनीकी और प्रबंधन पाठड्क्रम हों। सड़कों पर, चौपालों में, सोशल मीडिया पर हर जगह इस फैसले की सराहना हो रही है। लोगों का मानना है कि यह खतौली को एक नई पहचान देने वाला निर्णय है। युवाओं में जोश है, माता-पिता में उम्मीद, और पूरे शहर में एक सकारात्मक ऊर्जा महसूस की जा रही है। क्षेत्रीय विकास पार्टी की यह पहल खतौली को शिक्षा के मानचित्र पर नई ऊँचाइयों तक ले जा सकती है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार और संबंधित विभाग इस सपने को हकीकत में बदलने के लिए किस गति से कार्य करते हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfangngnewslive@gmail.com

# आतंकवाद से क्षुब्ध होकर भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस ने फूंका पाकिस्तान का पुतला



( सुहैल मियाँ )
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** गुरुवार को भावाधस कार्यकर्ता जलकर प्रांगण साप्ताहिक बाजार में एकत्र हुए और रामपुर रोड पर भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही के नेतृत्व में पकिस्तान आतंकवाद का पुतला फूंककर पकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद हिन्दुस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाए
इस मौके पर भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे 28 हिन्दू पर्यटकों से धर्म पूछकर उनकी हत्या कर कायरता की हरकत की जिसका भारत सरकार को मूंह तोड़ जवाब देना चाहिए कश्मीर हिन्दुस्तानियों का स्वर्ग है इसको नर्क बनाने वालें आतंकियों को चुन चुनकर मारना चाहिए क्योंकि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। इस मौके पर भावाधस के नगर अध्यक्ष महेन्द्र दीवान, सर्वेश चौधरी,सुनील वाल्मीकि, प्रदीप राजहंस, कपिल वाल्मीकि एडवोकेट, अजय कुमार, पवन प्रकाश, अनिल, कुंवर पाल, विनोद, पूरन, राजेन्द्र, शनि, सुधीर, आदि मौजूद रहे।





## जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदुओं की हत्या को लेकर भड़के भाजपाइयों ने जुलूस निकालकर पाकिस्तान का पुतला फूंका

( मो.फारूख अंसारी )
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हिंदुओं की नृशंस हत्या को लेकर लोगों में उबाल है पाकिस्तान के पुतले को लेकर जुलूस निकाला गया और पुतले को मुख्य चौराहे पर फूंक दिया गया। गुरुवार की देर शाम भाजपा के तमाम कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए और पाकिस्तान के आतंकवाद का पुतला तैयार कर पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए और पुतले को जगह-जगह घूमा कर मुख्य चौराहे पर ले आए और पाकिस्तान के खिलाफ तेज नारेबाजी की और पुतले को चप्पलों से पीट कर आग के हवाले कर दिया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। इस दौरान कुछ देर तक मार्ग पर यातायात अवरुद्ध हो गया पुतला फूंकने के बाद कार्यकरता गंतव्य को रवाना हो गए। वहीं बिजारखाता मे भी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मन्त्री संदीप सिंह के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ पाकिस्तान का पुतला फूंका।
इस दौरान पुतला फूंकने वालों में संजय कश्यप, विकास कुमार देवल, सभासद जितेंद्र कुमार चंद्र, सभासद भगवती प्रसाद देवल, धर्मेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार नरोत्तम सिंह फूल सिंह राजकुमार आदि शामिल रहे। उधर बिजारखाता में भी जुलूस निकालकर भाजपा की अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान का पुतला होगा और मुर्दाबाद के नारे लगाए इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री संदीप सिंह परविंदर कुमार अविनाश कुमार राजेश कुमार समेत तमाम कार्यकर्ता शामिल रहे।

## मझरा घाट गांव में पालतू कुत्ते के काटने से आठ वर्ष की बच्ची की हुई मौत



( मुफीद अहमद )
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मझराघाट निवासी नन्हे हाजी की बेटी शबाना की शादी लगभग 15 वर्ष पूर्व ग्राम मनोना तहसील आंवला जिला बरेली में हुई थी जिसमें काफी समय से हाजी के दामाद जान मोहम्मद और बेटी शबाना में कुछ अनबन चलने के कारण लगभग पांच छ: महीने से शबाना अपने बच्चों के साथ अपने पिता नन्हे हाजी के पास रह रही थी नन्हे हाजी ने बताया कि लगभग 20 दिन पूर्व उनकी बेटी शबाना की पुत्री इजमत 8 वर्ष अपने घर के सामने खेल रही थी तभी अचानक गांव निवासी रामौतार पुत्र गुलाब का पालतू कुत्ता बहा आ गया और इजमत के वाय हाथ में कोहनी के नीचे काट लिया जिसमें पीड़ित ने कुत्ते काटने की शिकायत कर कुत्ते काटे का इंजेक्शन लगवाने को कहा लेकिन उसने साफ इनकार कर दिया तभी पीड़ित बच्ची इजमत को लेकर एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे डॉक्टर ने जांच कर रेबीस का इंजेक्शन लगा दिया सबकुछ ठीक रहा लगभग तीन दिन पूर्व बह बच्ची बोराने लगी तभी पीड़ित ने कई जगह इलाज के लिए ले गए अंत में बरेली आलाहजरत व राममूर्ति हॉस्पिटल ले गए लेकिन बहा भी डॉक्टरों ने कोई संतुष्टि का जवाब नहीं दिया तब हम हारकर गुरुवार को घर ले आए जिसमें इजमत ने लगभग दोपहर दो बजे दम तोड दिया पीड़ित ने बताया कि थाने में नामजद तहरीर दी थी लेकिन पुलिस ने आवारा कुत्ता कहकर टाल दिया जिसमें पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है पीड़ित न्याय मांग रहा है जिसमें परिजनों ने बताया कि मृत इजमत का दफन शुक्रवार की सुबह मझरा घाट में ही किया जाएगा।

# आक्रोशित भाजपाइयों ने पाकिस्तान के पुतले को घसीटकर किया आग के हवाले

( विशाल जोशी )
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** पहलगाम में आतंकवादी हमले के विरोध में शाहाबाद में विश्व हिन्दू परिषद और भाजपा कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया। कार्यकर्ताओं ने घसीटकर पाकिस्तान के पुतले की शव यात्रा निकाली। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान का पुतले को आग के हवाले किया। भाजपा कार्यकर्ता पेट्रोल पंप पर इकट्ठा हुए और उसके बाद पैट्रोल पम्प से बिलारी चौराहे तक पुतले की शव यात्रा निकाली। कार्यकर्ताओ ने पाकिस्तान के पुतले की पहले घसीटते हुए शव यात्रा निकाली और उसके बाद जुलूस निकलते हुए कार्यकर्ताओं ने पुतले को आग के हवाले कर दिया, जिससे लोगों का आक्रोश खुलकर सामने आया है। कार्यकर्ताओं ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए



पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग भी की। इस मौके पर गन्ना समिति के चेयरमैन एडवोकेट विवेक पांडेय,भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महामंत्री राजकुमार शर्मा,भाजपा युवा मोर्चा जिला सोशल मिडिया प्रभारी विशाल जोशी,अनुभव शर्मा,शोभित गुप्ता, सतेंद्र सक्सेना अमित चन्दवंशी, शिवम् बजरंगी,भागीरथ बरनवाल, राजा चंद्रा, ऋषभ, गौरव,रामसेवक, ध्रुब बरनवाल, अभय वाल्मीकि, सचिन, वेद प्रकाश चंद्रवंशी, दीपक आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने चलाया सेफ्टी के अन्तर्गत जन जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पुलिस द्वारा मिशन रोड सेफ्टी के अन्तर्गत चलाया गया जन जागरूकता अभियान। सड़क सुरक्षा के लिए जन जागरूकता अभियान एवं डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में आज दिनांक 24.04.2025 को यातायात पुलिस जनपद रामपुर द्वारा जन जागरूकता अभियान हेतु थाना सिविल लाइन/कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत अभियान चलाकर व्यक्तियो को यातायात नियमो एवं रोड सेफ्टी के प्रति जागरूक किया गया एवं सोशल मीडिया सेल, रामपुर द्वारा भी विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डिजिटल रोड सेफ्टी के दृष्टिगत प्रचार-प्रसार/जागरूक किया गया

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर मनकरा में ग्राम पंचायत सदस्यों का सम्मान



( इमरान हुसैन )
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर जिलेभर की ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा और गोष्ठी का आयोजन किया गया। चमरौआ ब्लॉक की ग्राम पंचायत मनकरा में राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष काशिफ खां ने ग्राम पंचायत सदस्यों को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। ग्राम सभा में आए लोगों को बिहार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। उन्होंने स्थानीय स्वराज और ग्राम पंचायतों की भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम ने ग्रामीण विकास को नई दिशा दी। इससे उपस्थित लोगों को गांव के विकास में योगदान के लिए प्रेरणा मिली। ग्राम सभा में स्वच्छता, पेयजल और ओडीएफ प्लस को लेकर चर्चा हुई। इस मौके पर ग्राम प्रधान सना काशिफ, ग्राम पंचायत अधिकारी (वीडीओ) मोहम्मद उमर फारूक, पंचायत सहायक नेहा खां, सलीम अल्वी, शहजान खां, मुनीर अहमद, सरदार विक्रमजीत सिंह, बाबू खां, मुजफ्फर अली, नजाकत खां, इकाराम उल्ला खां, हाजी नबी हुसैन, सोनू कुमार, बूटा सिंह, जफील अहमद, मुस्तकीम, मौजूद रहे।

## आतंकी हमले की शिकार दिवंगत आत्माओं को भाकियू टिकैत ने दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद /रामपुर।** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के शाहाबाद स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर भारतीय किसान टिकैत के कार्यकर्ता ,पदाधिकारी और सदस्य इकट्ठा हुए उसके बाद पहलगाम में आतंकियों के द्वारा सैलानियों पर किए हमले की निंदा की गई। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की, इस दौरान पूर्व मंडल महासचिव प्रमोद यादव, गुड्डू खान, अर्जुन सिंह ,चन्ना खान, हरपाल सिंह मौर्य, पप्पू खान ,अर्जुन सिंह, नरेंद्र मौर्य ,सत्येंद्र यादव ,भूरा खान, सरफराज हुसैन आदि किसान एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शाहबाद पुलिस ने की सात पर शांति भंग में कार्रवाई





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/ रामपुर।** गुरुवार को शाहाबाद कोतवाली. उ.नि. मचल सिंह, उ.नि. अरविन्द दीक्षित, उ0नि0 राहुल यादव उ.नि. मनोज कुमार चौधरी ने अपने सहयोगी पुलिस कर्मियों हे.का. राहुल कुमार हे.का. इरफान अली ,हे.का. महेन्द्र सिंह, का. पिन्टू सिंह का. अवनीश कुमार के साथ कोतवाली क्षेत्र ग्राम चकरपुर कदीम थाना शाहाबाद के रहने वाले 30 वर्षीय पंकज पुत्र पूरन सिंह व चौधराना मंदिर निकट ग्राम करीमंगज थाना शाहबाद के रहने वाले 48 वर्षीय राजेश गिरी पुत्र सोमवीर गिरी, ग्राम गुजरेला थाना शाहाबाद जिला रामपुर के रहने वाले 25 वर्षीय बॉबी पुत्र डालचन्द, ग्राम नयागांव उर्फ अहमद नगर थाना शाहाबाद के रहने वाले 29 वर्षीय करनपाल पुत्र शिशुपाल ग्राम नरेन्द्रपुर थाना शाहाबाद जिला रामपुर के रहने वाले 26 वर्षीय प्रदीप पुत्र बाबूराम ,ग्राम नरेन्द्रपुर थाना शाहाबाद जिला रामपुर के रहने वाले 60 वर्षीय बाबूराम पुत्र आशेराम , ग्राम बन्दार थाना शाहाबाद जिला रामपुर के रहने वाले 48 वर्षीय हरस्वरूप पुत्र बदन सिंह को अलग-अलग मामले में शांति भंग करने आरोप में शाहाबाद पुलिस ने हिरासत में लिया और सभी पर शांति भंग के कार्यवाही करते हुए एसडीएम शाहाबाद के न्यायालय में पेश किया गया। 0

# स्वच्छ एवं सुजल संकल्प की दिलायी शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर विकास भवन सभागार में अध्यक्ष, जिला पंचायत ख्याली राम लोधी की उपस्थिति में प्रधानमंत्री जी द्वारा मधुबनी, बिहार से संबोधित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभार्थीपरक योजनाओं जैसे आवास निर्माण, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, पेंशन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, स्वयं सहायता समूह आदि के पात्र लाभार्थियों तक निरंतर तथा तत्परता से योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा जनपद की सबसे बड़ी 06 ग्राम पंचायतों में शासन से प्राप्त वाद्य यंत्र ढोलक, मंजीरा तथा हारमोनियम ग्राम प्रधानों को वितरित किये गये तथा उपस्थित ग्राम प्रधानों एव अधिकारियों को स्वच्छ एवं सुजल संकल्प की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डी.एन.तिवारी, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, पंचायती राज विभाग के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।



## आतंकवादियों के खात्मे की मांग के साथ निर्दोष लोगों के मारे जाने पर दी गई श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे जाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए मां ललिता शक्ति पीठ की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. प्रियंका शुक्ला के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने सड़क पर उतरकर हाथों में कैंडल लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पहुंची और इस घटना का विरोध करते हुए आतंकी हमले में करने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। आज शाम करीब 6:00 बजे मां ललिता शक्तिपीठ की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ प्रियंका शुक्ला के नेतृत्व में कई दर्जन महिलाएं एकत्र हुई और बापू की समाधि पर पहुंचकर उन्होंने पहलगाम आतंकी हत्याकांड का विरोध करते हुए बापू की समाधि की परिक्रमा करते हुए इस घटना की निंदा की साथ ही इस




आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस मौके पर मां ललिता शक्तिपीठ की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ प्रियंका शुक्ला ने कहा कि इन आतंकियों का मोदी सरकार कुत्ते से बस्तर हल करें ताकि भविष्य में इस तरह की घटना को अंजाम न दे पाए उन्होंने कहा कि मैं मोदी सरकार से मांग करती हूं कि इस घटना को गंभीरता से लेते हुए जिस तरह से कल पांच फैसले लिए गए हैं इसमें एक फैसला और लिया जाए भारतीय सेवा को आदेश देकर पाकिस्तान पर हमला किया जाए भारत सरकार के साथ पूरा देश खड़ा है मोदी सरकार जो भी देश हित में फैसला लेगी उसे पर पूरे देश की जनता की सहमति होगी उन्होंने कहा कि भारत सरकार को तत्काल पाकिस्तान पर हमला करते हुए इन आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए जिससे पहलगाम आतंकी हमले में मरने वालों को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सके।

# डीएम व एसपी की उपस्थिति में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरूवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी व सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह भ्रमणशील रहकर नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान यदि कोई अध्यापक बिना अवकाश स्वीकृत कराये अनुपस्थित पाया जाता है तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए।

उन्होंने बेसिक शिक्षा कार्यालय की कार्यशैली में सुधार लाते हुए और अधिक बेहतर करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कराये जा रहे डॉरमेट्री व कंप्यूटर लैब के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में लक्ष्य के सापेक्ष नामांकन अप्रैल माह के अंत तक शत प्रतिशत करायें। जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में कराये जा रहे सौंदर्यकरण के कार्य जैसे बाउण्ड्रीवॉल, शौचालय, टाइलीकरण, रंगाई-पुताई आदि यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों के लिए खरीदी गई सामग्री का विवरण तैयार करने के लिए एक स्टॉक रजिस्टर बनाएं।



जिलाधिकारी ने बीएसए को निर्देशित किया कि 45 दिन बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले छात्रों को अभियान चलाकर चिन्हित करें और उनकी सूची तैयार करें। उन्होंने कहा कि जनपद में दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर समर्थ ऐप पर उनकी फीडिंग का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करायें।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने स्कूल चलो अभियान, ऑपरेशन कायाकल्प, फर्नीचर आपूर्ति तथा अन्य बिंदुओं की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बीएसए को निर्देशित किया कि बाउंड्रीवॉल व टाईलीकरण के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र जायसवाल, डायट प्राचार्य नीलम रानी टम्टा सहित समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिलक की युवती की हल्द्वानी मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** क्षेत्र की एक युवती की हल्द्वानी के एक अस्पताल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई सूचना पाकर परिजन अस्पताल पहुंच गए फरवरी माह में गांव का ही एक लड़का वहला फुसला कर लें गया था जिसका कोई सुराग नहीं मिल पाया था। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अशोक पुर के एक ग्रामीण की 15 वर्षीय पुती की हल्द्वानी के एक अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि हमारे गांव के ही एक लड़का हमारी लड़की को फरवरी माह में वहला फुसलाकर कर अपने साथ कहीं ले गया था काफी जगह खोजबीन की लेकिन कोई भी सुराग नहीं मिला 22 अप्रैल 2025 को सूचना मिली कि आपकी लड़की की हल्द्वानी के अस्पताल में मौत हो गई है। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे जहां पर बताया गया कि लड़की को नशीला पदार्थ दिया गया है जिस वजह से मौत हुई है। सूचना पर हल्द्वानी पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामभर पीएम के लिए भेज दिया इस संबंध में परिजनों ने एक प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक रामपुर को दिया गया प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह बताया कि पीएम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम की सख्ती: नगर पालिका बिलासपुर के पूर्व चेयरमैन व ईओ ने जमा किए 30.62 लाख रुपये

**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह की सख्ती के बाद नगर पालिका परिषद बिलासपुर के तत्कालीन चेयरमैन मोहम्मद हसन, अधिशासी अधिकारी राजेश कुमार राणा और कार्यदाई संस्था ने जमा कराए 30.62 लाख रुपए। जीआईएस सर्वे पूर्ण कराए बगैर ही मिलीभगत करके 30.62 लाख का किया गया था भुगतान। डीएम ने सभी दोषियों को जेल भेजने के दिए थे निर्देश, दोषियों ने कार्यवाही से बचने के लिए 02 दिवस में ही जमा कराई धनराशि। वर्ष 2019 में जीआईएस सर्वे के लिए टेंडर प्रक्रिया में मिलीभगत करके अवैध तरीके से कार्यदाई संस्था को पूरी धनराशि का भुगतान करने के प्रकरण में नगर पालिका परिषद बिलासपुर के तत्कालीन चेयरमैन मोहम्मद हसन, अधिशासी अधिकारी राजेश कुमार राणा और कार्यदाई संस्था के विरुद्ध जिलाधिकारी श्री जोगिंदर सिंह द्वारा सख्त रवैया अपनाए जाने के परिणाम स्वरूप तीनों ने मिलकर अवैध तरीके से निकाली गई पूरी धनराशि नगर पालिका परिषद के खाते में जमा कर दिया है।

पूरा मामला 3 अगस्त 2019 का है जब नगर पालिका परिषद बिलासपुर क्षेत्र में जीआईएस सर्वे कराए जाने के लिए टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई थी और लखनऊ की विशनटेक कंसलटेंसी का टेंडर स्वीकृत किया गया था।

कार्यदाई संस्था द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुरूप जीआईएस सर्वे का कार्य पूर्ण नहीं कराया गया इसके बावजूद भी तत्कालीन चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी द्वारा मिलीभगत करके कार्यदाई संस्था को टेंडर की पूरी धनराशि 30.62 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया था। जिलाधिकारी के संज्ञान में जब पूरा प्रकरण आया तो उन्होंने तत्काल सभी दोषियों के विरुद्ध वित्तीय अनियमित. ताओं के दृष्टिगत गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराते हुए तत्काल जेल भेजने की कार्यवाही कराने के लिए निर्देशित किया था। जिलाधिकारी का सख्त रवैया और कठोरतम कार्रवाई से बचने के लिए 02 दिवस के भीतर ही तत्कालीन चेयरमैन, अधिशासी अधिकारी और कार्यदाई संस्था ने टेंडर की पूरी धनरा. शि 30.62 रुपए नगर पालिका परिषद के खाते में जमा करा दिए हैं।

## परीक्षा पास कर पहली बार मिलक पहुंचने पर अरुण कुमार का हुआ भव्य स्वागत

### अरुण कुमार ने यूपीएससी परीक्षा में बिना कोचिंग के 911 वी रैंक प्राप्त की पहली बार में बन गये आई.ए.एस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के रठौङा गांव के मझरा निवासी किसान ब्रजकिशोर का पुत्र अरुण कुमार ने यूपीएससी की परीक्षा में पहली बार में 911 वी रैंक प्राप्त की पहले ही बार में बिना कोचिंग के ही अरुण कुमार ने सफलता हासिल की। अरुण के द्वारा यूपीएससी की परीक्षा पास की सूचना पर घर तथा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई 24 अप्रैल 2025 को दिल्ली से अपने गांव रठौङा के मजरा को जाने से पहले रौरा बाईपास पर पहुंचने पर लोगों के द्वारा ढोल भांगड़े और माला पहनाकर का स्वागत किया गया। अरुण कुमार अपने पिता ब्रजकिशोर माता देवकी के साथ नगर के अंबेडकर पार्क पर पहुंचे और अंबेडकर साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया अरुण कुमार के घर पर लोगों का बधाई देने के लिए तातां लगा रहा। इस अवसर पर मा. सतपाल सिंह सागर, राहुल गौतम, संजीव सागर, परमानंद श्रीवास्तव, अवनीश श्रीवास्तव, दुर्गेश गौतम, जागीरदार फौजी, राजा बाबू, डॉ विजय कोहली, हरनंदन सागर, सुखनंदन, एड. वसंत कुमार, मख्खन लाल सहित नाते रिश्तेदार मेल प्रेमी आदि मौजूद रहे।

## तीन को गिरफ्तार कर शांतिभंग में किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन कराए जाने के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी शाहाबाद के कुशल नेतृत्व में गुरुवार को थाना सैफनी पुलिस द्वारा शांतिभंग में तीन अभियुक्त अरुण उर्फ नन्हे पुत्र वीरसिंह निवासी बाजार बाला मोहल्ला ग्राम खरसौल थाना सैफनी जनपद रामपुर , करन उर्फ भूरा पुत्र वीरसिंह निवासी बाजार बाला मोहल्ला ग्राम खरसौल थाना सैफनी जनपद रामपुर , अंगद उर्फ अमन पुत्र नरेश निवासी बाजार बाला मोहल्ला ग्राम खरसौल थाना सैफनी जनपद रामपुर को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर मा. न्यायालय उपजिला मजिस्ट्रेट शाहाबाद जनपद रामपुर भेज दिया।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरूवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, ले. कर्नल पंकज नैथानी ने जिलाधिकारी एवं उपस्थित लगभग 50 पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों का स्वागत किया।

बैठक में भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को जिलाधिकारी ने गंभीरता से सुना व उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्यवाही व निस्तारण के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि किसी भी सैनिक की कोई भी समस्या है, तो व्यक्तिगत रूप से जिलाधिकारी कार्यालय में आकर मिल सकते हैं। समस्याओं का निवारण करने हेतु तुरन्त कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय से संबंधित कोई प्रार्थना पत्र जो किसी भी विभाग से सम्बन्धित हो, को श्प्रावरण पत्र( कवर लेटर) का रंग यदि रंगीन पेपर में दिया जायेगा, तो उस प्रार्थना पत्र को प्राथमिकता दी जायेगी।




जिलाधिकारी महोदय ने भूतपूर्व सैनिकों को जनकल्याण व सेवाभाव के प्रति प्रोत्साहित भी किया। बैठक में जनपद के उपस्थित पूर्व सैनिकों ने अपनी विभिन्न व्यक्तिगत समस्याओं को प्रार्थना पत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया एवं अन्य पूर्व सैनिकों के द्वारा पूर्व सैनिकों/आश्रितों के कल्याणार्थ विभिन्न विषयों पर उच्च अधिकारियों से चर्चा की गयी।

बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण एव पुनर्वास अधिकारी, ले. कर्नल पंकज नैथानी, अ.म. के द्वारा किया गया।

बैठक में जनपद स्तर पर इन्सपेक्टर अमरेश चन्द, ले. कर्नल एस.पी. जोशी, ओआईसीईसीएचएस, रामपुर एम.एम. प्रसाद, एलडीएम, जिला लीड बैंक, सीएमओ डा. एसपी सिंह, प्रभारी एटीओ ब्रिजेश कुमार, मुख्य कोषाधिकारी, तथा सत्यपाल, अनुदेशक, जिला सेवायोजन कार्यालय मौजूद रहे।

### उत्तराखंड के निवेशक ने 29 करोड़ रुपये के एमओयू पर किया हस्ताक्षर

## तहसील बिलासपुर में आधुनिक तकनीक आधारित इंडिविजुअली क्विक फ्रोजन प्रसंस्करण इकाई की होगी स्थापना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** डीएम जोगिंदर सिंह के अथक प्रयासों से जनपद रामपुर निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है।

जल्द ही जनपद रामपुर प्रमुख इंडस्ट्रियल हब के रूप में उभरकर सामने आयेगा। इससे न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, बल्कि हजारों लोगों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। उपायुक्त उद्योग मनीष पाठक ने बताया कि विगत वित्तीय वर्ष में कई नवीन बहुउद्देशीय परियोजनाओं के प्रस्ताव जनपद को प्राप्त हुए हैं, जिन पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग 500 करोड़ के नए प्रोजेक्ट जनपद में जमीन पर उतारने का कार्य चल रहा है। उ.प्र. सरकार की औद्योगिक नीतियों और जनपद के औद्योगिक विकास से प्रभावित होकर 22 अप्रैल 2025 को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्य के जिला उधम सिंह नगर के राजेश कुमार जैन की कंपनी एएसआरके इंटरनेशनल के बीच 29 करोड रुपए का एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया।

जिसके अंतर्गत तहसील बिलासपुर में एक आधुनिक तकनीक आधारित इंडिविजुअली क्विक फ्रोजन प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की जाएगी। यह इकाई क्षेत्रीय कृषि उत्पादों जैसे फल एवं सब्जियों के संरक्षण और मूल्य संवर्धन में सहायक होगी। इसके साथ ही यह परियोजना स्थानीय किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित करेगी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण, सशक्त बुनियादी ढाँचा, सरल और पारदर्शी नीतियाँ प्रदान की जा रही हैं, जिससे राज्य आज देश के अग्रणी निवेश गंतव्यों में शामिल हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण विकास, औद्योग. ीकरण और किसानों के कल्याण हेतु निरंतर प्रयासरत है।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सीनियर डिविजन ) महोदय, जिला-रामपुर।**

विविध वाद सख्या :- 28 सन् 2025
मो. आलिम उम्र करीब 46 साल पुत्र स्व. श्री बब्बन निवासी ग्राम बगी, डाकखाना पुरानागंज, तहसील सदर, जिला-रामपुर।
बनाम ..... प्रार्थी
1- आरिफ उम्र करीब 37 साल पुत्र बब्बन,
2- श्रीमती मोनिश उम्र करीब 35 साल,
3- श्रीमती आसिया उम्र 29 साल,
4- कु. जैनब उम्र करीब 22 साल पुत्रीगण स्व. श्री बब्बन निवासी ग्राम बगी, डाकखाना -पुरानागंज, तहसील सदर, जिला-रामपुर।
5- आम जनता। विपक्षीगण

**सुचना बनाम आम जनता**

सर्वसाधारण को इस इश्तेहार के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि मृतक आसिफ पुत्र श्री बब्बन साकिन ग्राम बगी, तहसील सदर जिला-रामपुर की मृत्यु दिनांक-31.10-2024 को हो चुकी है मृतक आसिफ का प्रथमा यू.पी. ग्रामीण बैंक शाखा बिलासपुर गेट के खाता संख्या-संख्या-87550197076918 में 7,54,298/- रुपये व प्रधान मन्त्री जीवन ज्योति बीमा स्कीम के 2,00,000/- रुपये को प्राप्त करने हेतू उत्तराधिकार वाद सख्या-28/2025 दायर किया है।

अत: यह इश्तेहार निकाला जाता है कि उपरोक्त प्रार्थना-पत्र में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति न्यायालय में दिनाँक 29.04.2025 को प्रात: 10:00 बजे प्रस्तुत करे। तारीख गुजरने के बाद फिर किसी की आपत्ति सुनी नहीं जायेगी और न्यायालय का आदेश अन्तिम माना जायेगा। आज दिनॉक-24.04.2025 को न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**सिविल जज**
**( सीनियर डिवीजन ) रामुपर**

## खनन अधिकारी ने ग्राम ढकिया नवाबनगर में स्थित ईट भट्टों का किया स्थलीय निरीक्षण




**( ज़हीर खान )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढकिया/रामपुर।** जिला खनन अधिकारी अमित रंजन व खनन निरीक्षक अजय कुमार ने तहसील शाहबाद के ग्राम ढकिया नवाबनगर में स्थित ईट भट्टो का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 03 ईट भट्टे ग्राम ढकिया नवाबनगर के केजीएन ईंट उद्योग, गौतम ब्रिक वर्क्स, विक्रम ईट उद्योग की जांच की गयी, जिसमें पाया गया कि इन सभी भट्टा स्वामियों द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 का विनियमन शुल्क जमा नहीं किया गया है और ईंट भट्टा स्वामी द्वारा बिना विनियमन शुल्क जमा कराये ही ईंट भट्टो का संचालन किया जा रहा है। खान अधिकारी द्वारा ईट भट्टों में पथायी की गयी और ईंटों को नष्ट कराया गया व चिमनी में पानी डाकलर फुकाई का कार्य बन्द कराया गया। उन्होंने भट्टा स्वामियों को सख्त निर्देशित किया कि बिना विनियमन शुल्क जमा कराये ईंट भट्टा का संचालन किसी भी दशा में न किया जाये।

## पहलगाम आतंकी हमले में हुआ इंसानियत का कत्ल : मुस्तफा हुसैन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 28 निर्दोष पर्यटकों की हत्या हो जाने पर चमरौआ विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रह चुके एवं वर्तमान में रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में इंसानियत का कत्ल हुआ है, आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने कहा कि 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने जिस तरह बेकसूर लोगों की हत्या की, उस घटना ने जमीर को झकझोर कर रख दिया है। ऐसे जालिमों को दुनिया मे रहने का कोई हक नही है। उस घटना को धर्म से जोड़ कर नहीं देखना चाहिए, बल्कि धर्म से ऊपर उठ कर सब लोगों को एकजुट होकर सरकार के साथ खड़ा होना चाहिए।

## सांसद व विधायक निधि में भ्रष्टाचार का आरोप, आरोपी को ही सौंप दी जांच

**मुजफ्फरनगर।** सांसद और विधायक निधि में भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास से शिकायत की गई है। बघरा निवासी शिकायतकर्ता समाज सेवक राजव. ीर सिंह ने डीआरडीए के परियोजना निदेशक और लेखाकार पर भी गंभीर आरोप लगाए गए है। तत्कालीन सीडीओ संदीप भागिया ने इस मामले की जांच करने के निर्देश डीडीओ मत्स्यनाथ त्रिवेदी को दिए है। जबकि इन पर ही डीआरडीए परियोजना निदेशक का चार्ज है। जिसके खिलाफ शिकायत है उसकी को ही जांच अधिकारी बना दिया गया है। बघरा निवासी राजवीर सिंह ने ग्राम्य विकास प्रमुख सचिव को शिकायत करते हुए बताया कि डीआरडीए विभाग में सांसद और विधायक निधि को लेकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिसमें डीआरडीए परियोजना निद. ेशक और लेखाकार दोनों शामिल है। इनके द्वारा ठेकेदारों से कमीशन मांगा जाता है।

यदि कोई ठेकेदार कमीशन नहीं देता है तो निर्माण कार्यों की स्वीकृति को रोक दिया जाता है। वहीं निधि की द्वितीय किश्त भी जारी नहीं की जाती है। शासन स्तर से इस मामले में जांच के आदेश आए है। तत्कालीन सीडीओ संदीप भागिया के द्वारा इस मामले की जांच डीडीओ मत्स्यनाथ त्रिवेदी को दी गई है। जबकि मत्स्यनाथ त्रिवेदी पर ही डीआरडीए परियोजना निद. ेशक का चार्ज है।

## संत निरंकारी मिशन ने रक्तदान शिविर में 244 श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान

**मुजफ्फरनगर।** रक्तदान महादान की भावना को साकार करते हुए संत निरंकारी मिशन ने गुरुवार को रूड़की रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 244 श्रद्धालु भक्त भाई-बहनों ने नि:स्वार्थ भाव से रक्तदान किया। रक्तदान न केवल मरीजों की जान बचाने में मदद करता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। नियमित रक्तदान से रक्तदाता के शरीर में आयरन की मात्रा नियंत्रित रहती है, जिससे हृदय रोग और कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है। संत निरंकारी मिशन के इस रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले रक्तदाताओं ने मानवता की भावना को प्रदर्शित किया। देहरादून से आए राजीव बिजलवान ने कहा कि यह महाअभियान केवल रक्तदान नहीं, बल्कि सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की करुणा, सेवा और एकत्व के संदेश को जीवन में उतारने का सजीव माध्यम है। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में जनपद के संयोजक हरीश कुमार, सुशील अंश, सेवादल संचालक नवीन कुमार, दीपक त्यागी आदि का विशेष योगदान रहा। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक की टीम ने रक्तसंग्रह किया।संत निरंकारी मिशन सेवा और समर्पण के पथ पर निरंतर मानवता का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

## प्रधानाचार्य, हिंदी प्रवक्ता व परिचारक के सेवानिवृत होने पर दी विदाई



**भोपा।** जनता इंटर कालेज में विदाई सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य राकेश कुमार, हिंदी प्रवक्ता रामपाल मृदुल एवं परिच. ारक जोगिंद्र कुमार को सेवानिवृत होने पर भावभीनी विदाई दी गई। शिक्षक साथियों ने उन्हें रामायण, छतरी, स्मृति चिंह, घड़ी, अटैची व अभिनंदन पत्र भेंट किए। समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रबंधक धर्मपाल सिंह राठी ने कहा कि शिक्षकों को गुरु शिष्य की परंपरा को कायम रखते हुए शिक्षण कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अध्यापक कभी सेवानिवृत नहीं होता। समाज उनसे दिशा देने की अपेक्षा रखता है। कमेटी के अध्यक्ष संदीप राठी ने कहा कि शिक्षक एक प्रकाश पुंज भी है और प्रकाश का केंद्र भी। समारोह में प्रबंधक देवेंद्र शिवाच एडवोकेट ने कहा कि शिक्षक का समाज में सबसे ऊंचा स्थान होता है इसलिए शिक्षकों अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व इमानदारी के साथ करना चाहिए। शिक्षक ही बच्चे के भविष्य निर्माता होते है। संचालन प्रधानाचार्य संजय कुमार ने किया। एनसीसी के मेजर अरविंद शिवाच ने भावुक होते हुए अभिनंदन पत्र पढ़कर सौंपा। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक शिव कुमार यादव, प्रहलाद सिंह, कैप्टन प्रवीण चौधरी, कुसुम लता, सारिका जैन, ज्योति बाला, पूजा, डा. विनोद कुमार, फूलचंद्र , ऋषिपाल सिंह, डा. विनीत चौहान, राजेन्द्र सिंह, योगेंद्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह राठी, जवाहर सिंह, तेजपाल सिंह, विजय कुमार, अनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# भारत-पाक के खिलाफ द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेलेगा: राजीव शुक्ला



**भारत-पाक ने 2012-13 के बाद द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली, भारत आखिरी बार 2008 में पाक गया था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत पाकिस्तान के खिलाफ कोई द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेलेगा।

भारत और पाकिस्तान ने 2012-13 के बाद से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है। भारत आखिरी बार 2008 में पाकिस्तान गया था। दोनों टीमें केवल एक दूसरे का सामना आईसीसी या फिर एसीसी टूर्नामेंट्स के दौरान ही करती हैं। पाकिस्तान पिछली बार वनडे विश्व कप 2023 के लिए भारत आया था। हालांकि, भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इन्कार कर दिया था और टीम इंडिया के सभी मैच दुबई में आयोजित किए गए थे।

राजीव शुक्ला ने स्पोर्ट्स तक से कहा कि हम पीड़ितों के साथ हैं और हम इसकी निंदा करते हैं। हमारी सरकार जो कहेगी हम करेंगे। हम सरकार के रुख के कारण पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलते हैं। हम आगे भी पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय मैचों में नहीं खेलेंगे। लेकिन जब आईसीसी प्रतियोगिता की बात आती है तो हम आईसीसी की व्यस्तताओं के कारण खेलते हैं। जो हो रहा वो आईसीसी को भी पता है और उम्मीद है वह भी साथ देंगे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया था। उन्होंने कहा कि क्रिकेट समुदाय पहलगाम में भयावह आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की दुखद मौत से बहुत स्तब्ध और दुखी है। बीसीसीआई इस वीभत्स और कायराना कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करता है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना करता हूं। उनके दुख और दर्द को साझा करने के लिए हम दुख की इस घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच आईपीएल मैच नंबर 41 के दौरान पहलगाम में आतंकी हमले में मरने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी थी। इस आतंकी हमले में दो विदेशी नागरिक समते 26 लोगों की मौत हुई थी।

मैच शुरू होने से पहले 60 सेकेंड का मौन रखा गया था। दर्शकों को इस मौन में साथ देने के लिए कहा गया था। टॉस के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों ने अपनी संवेदना व्यक्त की और इस जघन्य कृत्य की कड़ी निंदा की। पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों, मैच अधिकारियों, कमेंटेटर और सहयोगी स्टाफ ने बांह पर काली पट्टी बांधी थी। बीसीसीआई ने भी बिना किसी धूमधाम के मैच आयोजित करने का फैसला किया था। किसी चीयरलीडर ने मैच के दौरान प्रदर्शन नहीं किया। साथ ही जश्न के लिए आतिशबाजी का भी प्रयोग नहीं हुआ। संगीत या डीजे की भी व्यवस्था नहीं की गई थी।




# रोहित टी-20 में 12 हजार रन बनाने वाले दूसरे भारतीय

**मुंबई के लिए हाईएस्ट सिक्स भी लगाए, काली पट्टी बांधकर उतरे प्लेयर्स**

**हैदराबाद।** आईपीएल-18 के 41वें मैच में मुंबई इंडियंस (एमआई) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 7 विकेट से हराया। हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में रोचक लम्हे और रिकाड्र्स देखने को मिले। पहलगाम में हुए आतंकी अटैक को लेकर प्लेयर्स काली पट्टी बांधकर उतरे। हेनरिक क्लासन ने 107 मीटर लंबा सिक्स लगाया।

रोहित शर्मा 12 हजार टी-20 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बने। उन्होंने मुंबई के लिए सबसे ज्यादा सिक्स भी लगाए। जसप्रीत बुमराह ने मुंबई के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में लसिथ मलिंगा की बराबरी की। उन्होंने टी-20 क्रिकेट में अपने 300 विकेट भी पूरे किए। हैदराबाद-मुंबई मैच में कश्मीर के पहलगाम में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दोनों टीमों के कप्तान, प्लेयर्स और अंपायर्स काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरे। मंगलवार 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने 26 टूरिस्ट की जान ले ली थी। शोक व्यक्त करने के लिए मैदान में पटाखों और चीयरलीडर्स का सेलि. ब्रेशन भी नहीं हुआ। राजीव गांधी स्टेडियम में मैच शुरू होने से पहले सभी खिलाड़ियों और दर्शकों ने 2 मिनट का मौन रखा। यह मौन पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति श्रद्धांजलि देने के लिए रखा गया। तीसरे ओवर की पहली बाल पर ईशान किशन विकेटकीपर रायन रिकेलटन को कैच देकर आउट हो गए। दीपक चाहर ने लेग स्टंप की तरफ लेंथ डिलीवरी फेंकी, विकेटकीपर ने गेंद को पकड़ा और अपील नहीं की। लेकिन तभी अंपायर का हाथ आधा उठा हुआ दिखाई दिया, और एमआई के खिलाड़ियों ने हलकी-सी अपील की। फिर अंपायर ने पूरी तरह उंगली उठा दी, और ईशान किशन भी बिना रिव्यू के पवेलियन लौट गए।

यहां कप्तान हार्दिक पांड्या ने बस अपील की थी, विकेटकीपर और गेंदबाज की तरफ से कोई अपील नहीं की गई थी। हालांकि अल्ट्राऐज में पता चला की बाल, बैट के किसी भी भाग को बिना छुए विकेटकीपर के पास गई थी। यहां किशन डीआरएस लेते तो वे बच जाते।

## खेल विशेष


### हॉकी इंडिया ने की राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 54 सदस्यीय दल की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु के साई केन्द्र में 25 अप्रैल से शुरु होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शि. विर के लिए संभावित 54 सदस्यीय दल की घोषणा कर दी हैं। उत्तर प्रदेश के झांसी में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद हॉकी इंडिया ने आगामी राष्ट्रीय शिविर के लिए 54 खिलाड़ियों के एक कोर समूह का चयन किया है। यह शिविर 25 से 30 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान समूह का मूल्यांकन कर खिलाड़ियों की संख्या 40 तक सीमित कर दी जायेगी। चयनित 40 खिलाड़ी एक से 25 मई तक निर्धारित शिविर के अगले चरण में प्रशिक्षण जारी रखेंगे।

### खालसा बनाम एलुमनी कि यामा प्रसाद मुखर्जी बनाम इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट के बीच होगा हॉकी सेमीफाइनल

**नई दिल्ली, वार्ता।** पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में एसजीटीबी खालसा कॉलेज बनाम एसजीटीबी खालसा कॉलेज एलुमनी तथा श्याम लाल कॉलेज बनाम इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुक. शन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज के बीच सेमीफाइनल मुकाबले होंगे। इससे पहले हॉकी में पुरुष वर्ग के अंतिम लीग मैच में और एसजीटीबी खालसा कॉलेज एलुमनी ने हंसराज कॉलेज को 2-1 से हराया। खालसा कॉलेज एलुमनी की ओर से सूरज ने दो और हंसराज कॉलेज से एकमात्र गोल सागर ने किया। प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड हंसराज कॉलेज के खिलाड़ी सागर को मिला। इसके साथ ही टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग के हॉकी सेमीफाइनल मुकाबले तय हो गए।

# पाक ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट जेवलिन थ्रोअर अरशद नदीम भारत नहीं आएंगे




**नीरज चोपड़ा का इनविटेशन ठुकराया, बेंगलुरु में 24 मई को है एनसी क्लासिक टूर्नामेंट**

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तानी ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट जेवलिन थ्रोअर अरशद नदीम बेंगलुरु में 24 मई को होने वाले एनसी क्लासिक भाला फेंक टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगे।

उन्होंने दो बार के ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा के निमंत्रण को ठुकरा दिया है। कुछ दिन पहले नीरज चोपड़ा ने बेंगलुरु में हो रहे एनसी क्लासिक भाला फेंक की जानकारी देते हुए कहा था कि 2024 पेरिस ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट पाकिस्तान के अरशद नदीम को भी उन्होंने इसमें भाग लेने के लिए बुलाया है। उनसे बात हुई है, वह अपने कोच से बातचीत कर अपना जवाब देंगे। अरशद बोले- एशियाई चैंपियनशिप के लिए कोरिया में रहेंगे अरशद ने न्यूज एजेंसी से कहा कि एनसी क्लासिक इवेंट 24 मई को है, जबकि मैं 22 मई को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए कोरिया रवाना हो जाऊंगा। उन्होंने कहा कि वह 27 से 31 मई तक कोरिया में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं। अरशद का यह बयान पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आया है। नदीम ने पेरिस ओलिंपिक में 92.97 मीटर थ्रो कर जीता था गोल्ड मेडल नदीम ने पेरिस ओलिंपिक 2024 में 92.97 मीटर का रिकार्ड थ्रो फेंककर गोल्ड मेडल जीता था, जबकि नीरज चोपड़ा ने 89.45 मीटर के थ्रो के साथ सिल्वर मेडल जीहता। पेरिस ओलिंपिक में नीरज चोपड़ा ने सिल्वर और नदीम ने गोल्ड मेडल जीता था। दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स सहित कई जेवलिन थ्रोअर ले रहे हैं भाग बेंगलुरू में हो रहे पहली नीरज चोपड़ा भाला फेंक प्रतियोगिता में ग्रेनेडा के दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स, रियो 2016 ओ. लिंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले जर्मनी के थामस रोहलर, सिल्वर मेडल जीतने वाले और 2015 वर्ल्ड चैंपियन केन्या के जूलियस येगो, और अमेरिका के करंट वर्ल्ड लीडर कर्टिस थाम्पसन हिस्सा ले रहे हैं। टूर्नामेंट में एएफआई और वर्ल्ड एथलेटिक्स मिल कर करवा रहे है छब क्लासिक इवेंट नीरज चोपड़ा, श्रैं स्पोर्ट्स, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) और वर्ल्ड एथलेटिक्स मिल कर करवा रहे है। यह बेंगलुरु के कांतीरावा स्टेडियम में होगा। पहले यह हरियाणा के पंचकूला में होना था, लेकिन वहां लाइट्स की समस्या के कारण स्थान बदला गया। यह इवेंट ॅ। की '।' कैटेगरी या कान्टिनेंटल टूर गोल्ड लेवल में आता है, जो अब तक भारत में होने वाला सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स इवेंट होगा।

# रॉयल रेंजर्स, ड्रीम एफसी और एमिटी की रोमांचक जीत

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनीता की शानदार हैट्रिक की मदद से रॉयल रेंजर्स ने सिटी एफसी को 3-0 से हरा कर डीएसए महिला प्रीमियर लीग में शानदार जीत दर्ज की। नेहरू स्टेडियम में खेले गए दिन के पहले मैच में हंस कैपिटल फुटबाल क्लब ने ईव्स स्पोर्ट्स क्लब पर 4-2 की जीत दर्ज की। विजेता के लिए दो शानदार गोल करने वाली सृष्टि कुमार को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। वी चिंग और पायल ने एक-एक गोल बांटे। वहीं ईव्स के लिए नैंसी और नेहा ने एक-एक गोल किए। पुरुषों की ए डिवीजन के एक मैच में आशुतोष के दो दर्शनीय गोलों से द ड्रीम टीम ने उत्तराखंड फुटबाल क्लब को 2-0 से पराजित किया। विजेता टीम ने अधिकांश समय दबदबा बनाया लेकिन कई आसान मौके गंवाए। वरना जीत का अंतर बघ हो सकता था। अम्बेडकर स्टेडियम में खेले गए सीनियर डिवीजन लीग के मैच में एमिटी इंडियन नेशनल फुटबाल क्लब ने अहबाब एफसी को 5-3 से हराया। रोमांचक मुकाबले में विजेता टीम के लिए विकास दलाल और विनय ने दो दो तथा तनिश ने एक गोल किया। अहबाब के टी मिसाओ, मंगते और एल बेंजमीन ने एक-एक गोल दागे।

# डा. मनसुख मांडविया ने किए डिजीलॉकर से खेल प्रमाण पत्र जारी




**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को एथलीटों के लिए डिजीलॉकर के जरिए खेल प्रमाण पत्र दिए जाने की सुविधा आरंभ की।

डॉ. मांडविया ने आज यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित एक समारोह में एथलीटों के लिए डिजीलॉकर के जरिए खेल प्रमाण पत्र दिए जाने की सुविधा शुरु की। इस अवसर पर देशभर से आये विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधियों और अधिकारियों से डॉ. मांडविया ने कहा कि वे जिला और राज्य स्तर पर के प्रमाण पत्रों के लिए नोडल अधिकारी के जरिए खिलाड़ियों को प्रमाण पत्रों की इस सुविधा का लाभ दे। इसके साथ उन्होंने कहा कि खेल संघों को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम और इंदिरा गांधी स्टेडियम में ऑफिस की सुविधा दी जायेगी और प्रत्येक खेल संघ को एक उद्योग घरानों से जोड़ा जायेगा। इस दौरान खेल संघों के प्रतिनिधियों ने एथलीटों के लिए खेल प्रमाणपत्रों को डिजीलॉकर की सुविधा से जोड़ने के खेल मंत्रालय इस कदम का स्वागत किया। खेल संघों के प्रतिनिधियों कॉलेज, जिला और राज्य स्तर पर इस डिजीलॉकर प्रमाणपत्रों को लेकर केन्द्रीय खेलमंत्री के साथ अपने-अपने अनुभव साझा किए और डिजीलॉकर के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सवाल रखे।

# मुंबई सिटी एफसी ने चेन्नइयिन एफसी को रौंदा

**भुवनेश्वर, वार्ता।** लल्लियनुआलां छांगते के दो गोल के शानदार गोल के दम पर मुंबई सिटी एफसी ने कलिंगा सुपर कप के राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में चेन्नईयिन एफसी को 4-0 से हरा दिया।

कलिंगा स्टेडियम में बुधवार रात खेले गए मुक. ाबला का पहला हाफ 1-0 से बराबरी पर समाप्त हुआ।

मुंबई सिटी एफसी की ओर से निकोलाओस करेलिस ने (43वें) मिनट पहला गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद लल्लियनजुआला छांगते ने (64वें, 86वें) मिनट में दो गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया। इसके बाद सब्सटीट्यूट बिपिन लसह ने (90वें) में गोलकर मुकाबला 4-0से जीत लिया। लल्लियनुआला छांगते को उनके शानदार खेल के लिए कलिंगा प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार से नवाजा गया।

# पाक क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने अपने ही पीएम पर दागे सवाल

**पाक राजनायिक या क्रिकेटर की ओर से नहीं हुई हमले की निदां**

**कराची, वार्ता।** पहलगाम में आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई। इनमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल थे। इस हमले की दुनियाभर में निंदा हो रही है। हालांकि, पाकिस्तानी राजनायिक या पाकिस्तानी क्रिकेटर की ओर से इस हमले की निंदा को लेकर कोई पोस्ट नहीं आया है।

इसी कड़ी में पाकिस्तान के पूर्व लेग स्पिनर दानिश कनेरिया ने अपने ही प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर सवाल दागे हैं। उन्होंने कहा है कि अगर पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ नहीं है तो शहबाज ने अब तक इसकी निंदा क्यों नहीं की है। दानिश कनेरिया पाकिस्तान टीम में शामिल चुनिंदा हिंदू खिलाड़ियों में से एक रहे। उन्होंने हिंदू होने की वजह से टीम में भेदभाव और धमकियों के बारे में खुलकर बात की थी। अब उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कई ट्वीट किए हैं। 22 अप्रैल को अपने ट्वीट में कनेरिया ने कहा था कि पहलगाम में एक और क्रूर हमला। बांग्लादेश से लेकर बंगाल और कश्मीर तक, एक ही मानसिकता हिंदुओं को निशाना बनाती है। लेकिन 'धर्मनिरपेक्ष' और न्यायपालिका इस बात पर जोर देते हैं कि हमलावर 'उत्पीड़ितअल्पसंख्यक' हैं। पीड़ितों को न्याय मिलना चाहिए।श इसके बाद किसी देवान सचल नाम के एक्स यूजर के पोस्ट पर उन्होंने जवाब दिया था। सचल ने लिखा था कि भारत पाकिस्तान के बलूचिस्तान में आतंकवाद को प्रायोजित करता है.... शायद भारतीय टॉ टीम कर्मा से सीख ले सकती है।श इसके जवाब में कनेरिया ने लिखा कि बलूच लोगों की पीड़ा के लिए जिम्मेदार लोगों के साथ खड़े होने के लिए आपको शर्म आनी चाहिए। भारत के खिलाफ झूठे आरोप फैलाने के लिए आपको शर्म आनी चाहिए। आप हमारे समुदाय के मूल्यों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।



# बेंगलुरु ने राजस्थान को 206 रनों का टारगेट दिया

**विराट कोहली और पडिक्कल ने फिफ्टी लगाई, रॉयल्स से संदीप शर्मा ने दो विकेट लिए**



**बेंगलुरु, वार्ता।** आईपीएल के 42वें मैच में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने राजस्थान रायल्स (आरआर) को 206 रन का टारगेट दिया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में राजस्थान ने बालिंग चुनी। बेंगलुरु ने 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। विराट कोहली ने 70 और देवदत्त पडिक्कल ने 50 रन बनाए। रायल्स से संदीप शर्मा ने 2 विकेट लिए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। टीम 20वें ओवर में जोफ्रा आर्चर के खिलाफ 8 ही रन बना सकी। टिम डेविड ने 15 गेंद पर 23 और जितेश शर्मा ने 10 गेंद पर 20 रन बनाए। आरसीबी ने राजस्थान के खिलाफ अपना बेस्ट स्कोर भी बनाया। इससे पहले 2015 में टीम ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में ही 7 विकेट खोकर 200 रन बनाए थे। 17वें ओवर में आरसीबी ने चौथा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की पांचवीं बाल संदीप शर्मा ने ऑफ स्टंप के बाहर शार्ट ऑफ गुड लेंथ पर पर फेंकी।

रजत पाटीदार कट शाट खेलने गए, लेकिन काट बिहाइंड हो गए। वे 1 ही रन बना सके। 17वें ओवर में आरसीबी ने तीसरा विकेट गंवाया। ओवर की पहली बाल संदीप शर्मा ने गुड लेंथ पर ऑफ स्टंप के बाहर फेंकी। देवदत्त पडिक्कल बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन कवर्स पोजिशन पर नीतीश राणा के हाथों कैच हो गए। पडिक्कल ने 50 रन बनाए। आरसीबी ने 16वें ओवर में दूसरा विकेट गंवाया। ओवर की पहली बाल जोफ्रा आर्चर ने शार्ट ऑफ गुड लेंथ पर स्लोअर फेंकी। विराट कोहली बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन कवर्स पोजिशन पर नीतीश राणा के हाथों कैच हो गए। कोहली ने 70 रन बनाए। 16वें ओवर में देवदत्त पडिक्कल ने भी फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने ओवर की आखिरी गेंद पर तुषार देशपांडे के खिलाफ छक्का लगाया और 26 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। विराट कोहली ने 12वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने संदीप शर्मा के ओवर में तीसरी और चौथी गेंद पर चौका लगाकर 32 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने फिल साल्ट के साथ 61 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप भी की थी। अगले ही ओवर में कोहली ने देवदत्त पडिक्कल के साथ भी फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। आरसीबी ने 7वें ओवर में पहला विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बाल वनिंदू हसरंगा ने फुलर लेंथ फेंकी। फिल साल्ट बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन डीप मिड विकेट पर कैच हो गए। साल्ट ने 26 रन बनाए। पावरप्ले के 6 ओवरों में बेंगलुरु ने बगैर नुकसान के 59 रन बनाए। विराट कोहली और फिल साल्ट ने 5वें ओवर में टीम की फिफ्टी पूरी करा दी थी। पांचवें ओवर में आरसीबी ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली।


# सम्पादकीय

शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

## एकजुट भारत

केंद्र सरकार की तरफ से गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। यह बैठक पहलगाम आतंकी हमले से किस तरह निपटा जाए। इस पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी। बैठक में मौजूद तमाम नेताओं ने एक स्वर में राजनीति को परे रखते हुए देश हित में सरकार जो भी कदम उठाएगी। उसके साथ रहने की बात कही है। यह बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई जो लगभग दो घंटे तक चली। इस बैठक के बादकांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सभी दलों ने घटना की निंदा की और कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी यह कहते नजर आए कि सरकार के किसी भी एक्शन का समर्थन करेंगे। इस बैठक में अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और लोकसभा विपक्ष के नेता राहुल गांधी रामगोपाल यादव, सुप्रीया सुले, श्रीकांत शिंदे, प्रफुल्ल पटेल मिथुन रेड्डी आदि विपक्ष के नेता थे। सर्वदलीय बैठक में जिस तरह का नजारा था उससे साफ है भले ही हमारी राजनीतिक विचारधारा एक-दूसरे से कितनी भी अलग हो लेकिन जब देश के ऊपर किसी संकट की बात आती है तो फिर आपसी राजनीतिक अदावत का कोई मतलब नहीं रह जाता। निश्चित रूप से इस समय दक्षिण एशिया के दो देशों में भारत व पाकिस्तान के बीच जबरदस्त तनाव है जोकि स्वभाविक भी है कोई भी संप्रभुता सम्पन देश यह किसी भी सुरत में स्वीकार नहीं कर सकता कि उसके निर्दोष निहत्ते नागरिकों को इस तरह मार दिया जाए जिस तरह पुलवामा में पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने 28 भारतीयों की जान ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो टूक कह चुके है कि निर्दोष भारतीयों की मौतों को ऐसे जाने नहीं दिया जाएगा। जिन आतंकवादियों ने इस घटना को अंजाम दिया है उन्हे तो उनके अंजाम तक पहुंचाया ही जाएगा। साथ ही उन लोगों को भी कठघरे में खड़ा किया जाएगा जो इन आतंकवादियों के पीछे काम कर रहे है। भारत ने जिस तरह के अब तक कदम उठाए है वह बेहद महत्वपूर्ण है और बिलकुल उपयुक्त है। भारत में पाकिस्तान के तमाम नागरिकों को तुरंत भारत छोड़ने के लिए कहा है अटारी बॉर्डर बंद कर दिया गया है। पाकिस्तान से तमाम व्यापारिक रिश्ते खत्म कर दिए है इसके साथ-साथ भारत में सैन्य विकल्प भी खुला छोड़ा है। जाहिर है भारत के इस कड़े रुख से पाकिस्तान में खलबली है। वहां की सेना भी अलर्ट पर है। पाकिस्तान ने भी पलटवार करते हुए ठीक ऐसे ही कदम उठाए है, लेकिन यह कदम पलटवार कम उसके डर जाने का अधिक संकेत दे रहे है। जाहिर है पाक अंदर से घबराया हुआ है। उसे भय है कि जिस तरह भारत के नेता कड़ा रुख दिखा रहे है। उससे वह पाकिस्तान के खिलाफ कुछ बड़ा कर सकता है। पीएम मोदी ने कहा भी है कि भारत इस तरह की कार्रवाई करेगा जो दुनिया के लिए भी एक मिसाल होगी। इस समय भारत एकजुट है ही साथ ही जिस तरह उसे विश्व समुदाय का समर्थन मिल रहा है उससे भी पता चलता है कि भारत के स्टैंड को दुनिया स्वीकार कर रही है।

## आतंकियों व उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादियों और उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें इस जघन्य कृत्य की कठोर सजा जल्द मिलेगी, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर कायम है और पहलगाम में वीभत्स, कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों, उनके आकाओं और साजिशकर्ताओं को उनके अंजाम तक जल्द पहुंचाएगी, पहलगाम की घटना दर्शाती है कि आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है, बहन-बेटियों के सामने उनका सुहाग उजाड़ने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके इस कृत्य की सजा मिलेगी।

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उप्र**

# सवाल करती हुई कलम की मौत





**पवन सिंह**

**21 अप्रैल 2025 को कश्मीर में जो दुखद घटना हुई उसकी जिस तरह से नोएडा मीडिया द्वारा कवरेज हुई वह तमाम सवालों को छोड़कर सीधे-सीधे इस विषय पर केन्द्रित थी कि कौन कितना जहर समाज में सप्लाई कर सकता है**

समय को थोड़ा सा पीछे सरकाते हैं और 1980-90 के दशक पर ठहरते हैं। उस दौर की पत्रकारिता में गजब की ठसक और सवालों से भरे इतने तरकश होते थे कि बड़े से बड़ा सियासतदां भी पनाह मांग जाता था। अब पत्रकारिता से चाटुकारिता के इस लिज.लिजे दौर में न वो तेवर हैं, न हिम्मत है, न धार है और सवाल तो है ही नहीं। मौजूदा पत्रकारिता का यह सबसे छिछला और सड़ांध भरा व बदबूदार दौर है। जहां लाइट-कैमरा-एक्शन पर मेकअप आर्टिस्ट द्वारा पुते पूर्व निर्देशित कठपुतलियां हैं, जो अब सवाल नहीं करती हैं। एक वक्त था तब भी आंतकवादी घटनाएं और दंगे होते थे और अगली सुबह का अखबार जब हाथों में होता था तो फर्स्ट लीड भले ही दंगों/आतंकी घटनाओं पर हो लेकिन उस समय ऐसे लोगों को भी भरपूर जगह मिलती थी जो लोगों की जान बचाने के लिए अपनी जान दांव पर लगा देते थे।

ख़बरें बैलेंस थीं। पैनिक क्रियेट नहीं करती थीं। हम लोगों से कहा जाता था कि पाज़िटिव न्यूज भी खोजो। दंगों/आंतकवादी घटनाओं के साथ लोगों के सामाजिक-धार्मिक सरोकारों से जुड़ी ख़बरें तपिश को कम करती थीं। 21 अप्रैल 2025 को कश्मीर में जो दुखद घटना हुई उसकी जिस तरह से नोएडा मीडिया द्वारा कवरेज हुई वह तमाम सवालों को छोड़कर सीधे-सीधे इस विषय पर केन्द्रित थी कि कौन कितना जहर समाज में सप्लाई कर सकता है। नोएडा मीडिया 'बदबूदार पत्रकारिता' का झंडा-डंडा लेकर ग्राउंड जीरो से लेकर अपने दड़बे यानी स्टूडियो तक केवल 'सड़ांध चर्चा' करता रहा। कहां गए वो सवाल जो सत्ता की आंख में आंख डाल कर पूछे जाने चाहिए थे? वो लोग क्यों एक सिरे से खारिज कर दिए गए जो अपने टट्टुओं की पीठ पर या अपनी पीठ पर लाद कर लोगों की जान बचा रहे थे? काश्मीर की टैक्सी एसोसिएशन के वह सैकड़ों लोग जिन्होंने तय किया कि वे बिना पैसा लिए पर्यटकों को उनके गंतव्य तक पहुंचायेंगे, ये सब 'लश्कर ए नोएडा मीडिया' की खबरों से गायब क्यों? उन सैकड़ों काश्मीरियों को क्यों नहीं दिखाया गया जो अस्पतालों में खून देने के लिए लाइन लगाए हुए थे? क्या ये खबर का हिस्सा नहीं थे? किसके कहने से खबरों से ये पक्ष 'लश्कर ए नोएडा मीडिया' चबा गया? कौन था वो शख्स जो नहीं चाहता था कि ये सब भी खबरों का हिस्सा बने? लेफ्टीनेंट नरवाने कि बहन रो-रोकर कह रही है कि डेढ़ घंटे तक घटना स्थल पर कोई सुरक्षाकर्मी नहीं पहुंचा यह वीडियो खबरों से क्यों गायब रहा? इस बार भी कुंभ की तरह जन पत्रकारिता हुई, और लोगों ने अपने-अपने मोबाइल निकाले। वीडियो सोशल मीडिया पर डाले। ऐसे वीडियो जब तक एक के बाद एक, आना शुरू हुए तब तक चंपूछाप रिमोट कंट्रोल मीडिया पूरे देश में, खासकर गोबरपट्टी में अपने एजेंडा का सीवेज फैला चुका था। 30-32 सालों के इतिहास में पहली बार पूरा काश्मीर बंद रहा। पहली बार लोग आंतकवाद के खिलाफ सड़कों पर तिरंगा लेकर निकले। यह एहसास अगर उनको मूल धारा से जोड़ती है तो इसे खबरों में जगह क्यों नहीं दी गई? क्या ये खबर, खबर का हिस्सा नहीं थी? अब सवाल ये बनते हैं कि क्या खुफिया एजेंसियों के हमले के इनपुट्स थे, तो इसकी जवाबदेही किसकी बनती है? जब सरकार को पता है कि 'टयूरिज्म का सीजन' आरंभ हो चुका है और पहलगाम तक यात्री जाते हैं तो इतनी बड़ी चूक हुई तो हुई कैसे? सबसे चौंकाने वाली बात यह है की खुफ़िया एजेंसियों को इस तरह के हमलों की संभावनाओं के बारे में पहले से ही इनपुट मिले थे। अप्रैल, 2025 की शुरुआत में ही खुफिया सूत्रों ने चेता.वनी दी थी की आतंकी संगठन पहलगाम जैसे पर्यटन स्थलों को निशाना बनाने की योजना बना रहे हैं। इनपुट्स में यहां तक इंगित किया गया था की आतंकियों ने रेकी कर ली है और कोई बड़ा हमला हो सकता है। विगत 10 मार्च को केंद्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने जम्मू में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक भी की इसके बाद विगत 6 अप्रैल, 2025 को अमित शाह श्रीनगर में इंटीग्रेटेड कमान की बैठक की अध्यक्षता करते हैं। इसके बावजूद 21 अप्रैल, 2025 को आंतकवादी अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देकर निकल जाते हैं और इसके बाद जब भारतीय मीडिया की देश को सबसे ज्यादा जरूरत थी वो सुलगती आग को पेट्रोल से सींच रहा था।

घटना को आधे घंटे के भीतर ही भारतीय मीडिया ने एक बड़ी वारदात को हिन्दू-मुस्लिम का रंग दे दिया। ग्राफिक्स का इस्तेमाल करके पोस्टर जारी हो गए? लेकिन यह सवाल छिपा लिया गया कि चंद रोज पहले ही संघ के मुखपत्र 'पांचजन्य' में काश्मीर को लेकर क्या टिप्पणी की गई थी? प्रधानमंत्री का दौरा रद्द हो जाना। हालांकि, जब सोशल मीडिया पर सवाल उठे तो कहा गया कि मौसम खराब होने की सूचना के कारण ऐसा किया गया। आज भी पुलवामा का सच सामने नहीं आया? ये सवाल आज भी वहीं खड़े हैं कि लंबी छुट्टी से डयूटी पर लौट रहे निहत्थे सीआरपीएफ के जवानों को 'एअर लिफ्ट' क्यों नहीं किया गया? जब यह प्रोटोकॉल है कि अगर कानवाय (सेना का काफिला) चलेगा तो सिविलियन ट्राफि़क बंद रहेगा, क्यों ऐसा नहीं हुआ? भारी-भरकम आरडीएक्स लेकर कार में आतंकी आराम से घूमते रहे? देवेन्द्र सिंह क्यों छोड़ा गया? उसकी कार में कौन लोग थे? सीआरपीएफ के तत्कालीन डीजी अभय प्रताप सिंह का वह खत (पुलवामा हमले से पहले का) आखिर अचानक कहां गायब हो गया।

किसी दल के आईटी सेल के प्रवाह में बह जाना सबसे आसान बहाव है, लेकिन पाकिस्तानी आर्मी चीफ के दो दिन पूर्व के एक धमकी भरे बयान के बाद यह घटना हुई, लेकिन मीडिया ने यह सब कुछ क्यों दबा दिया। यह खबर 'सीवरेज बहस' का हिस्सा क्यों नहीं बनी? जब-जब कोई अमेरिकी राजनयिक भारत आता है अक्सर इस तरह की आतंकी घटनाएं होती हैं? फिर भी सतर्कता क्यों नहीं बरती गई? सवाल यह भी है कि क्या पाकिस्तान ने बलोच की ट्रेन किडनैपिंग का बदला लिया है? क्योंकि इस घटना पर हमारे बहादुर आईटी सेल ने अपनी मूर्खतापूर्ण बहादुरी दिखाई थी, और इस घटना को 'गंध तरीके से' भारत के दो नेताओं के 'सिर का ताज' बनाया था कि 'वो हैं' तो मुमकिन है? अगर ट्रेन के कब्जे पर कुछ किया भी गया था तो इस तरह की घटना का श्रेय कौन सा बेवकूफ देश लेता है? अगर किया भी था तो चिल्लाने की जरूरत क्या थी। ये सवाल भी बनता है कि सेना में दो लाख से अधिक जवानों की कमी क्यों।


बहुत से प्वाइंट है जिस पर मीडिया को बात करनी थी लेकिन बात और विषय घुमा दिए गए। नोट बंदी के बाद आतंकवाद की कमर ही टूट गई थी, का झंडा लहराने वालों से यह सवाल क्यों नहीं कि फिर भी लगातार आतंकवादी घटनाएं क्यों हो रही हैं? क्या चैनलों और अखबारों को यह टैग लाइन/पंच लाइन दी गई थी कि 'नाम पूछ कर मारा' यही 'फ्रेम' रहेगा और क्या यह सवाल मना थे कि सुरक्षा में चूक कहां और क्यों हुई? मीडिया टैग लाइन/पंचलाइन ओढ़ कर वो सारे सवाल चबा गया जो हमारे-आपके सवाल थे? क्या अगली किसी दुखद घटना के इंतजार में क्योंकि टैग लाइन/पंचलाइन के चक्कर में मीडिया फिर से मूल विषय खा गया।

**(ये लेखक के निजी विचार है)**

# सिंधु जल संधि टूटने का खामियाजा...



**अक्षत सरोत्री**



**कई वर्षों की बातचीत के बाद सितम्बर 1960 में हस्ताक्षरित इस संधि का उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच साझा नदियों के जल का प्रबंधन करना था, दोनों देश कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के कारण सिंचाई और कृषि के लिए नदियों पर बहुत अधिक निर्भर हैं, संधि के अनुसार भारत को सिंधु प्रणाली की 'पूर्वी नदियों'-सतलुज, व्यास और रावी के सभी पानी का अप्रतिबंधित उपयोग करने की अनुमति है**

पाकिस्तान प्यास से (**Indus Water**) मर जाएगा। इस गर्मी में पाकिस्तान को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ेगा। 'पाकिस्तान को अकेला छोड़ दिया जाएगा-जब भारत ने पहलगाम हमले के बाद 1960 की सिंधु जल संधि पर रोक लगाने का फैसला किया, तो इस पर ढेरों पोस्ट लिखे गए कि इसका पाकिस्तान पर क्या असर होगा। हालांकि लंबे समय में पाकिस्तान के लिए इसके बहुत बड़े परिणाम होंगे, लेकिन अभी यह मनोवैज्ञानिक दबाव की रणनीति है।

### सिंधु जल संधि को समझिए

कई वर्षों की बातचीत के बाद सितम्बर 1960 में हस्ताक्षरित इस संधि का उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच साझा नदियों के जल का प्रबंधन करना था। दोनों देश कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के कारण सिंचाई और कृषि के लिए नदियों पर बहुत अधिक निर्भर हैं। संधि के अनुसार, भारत को सिंधु प्रणाली की 'पूर्वी नदियों'-सतलुज, व्यास और रावी के सभी पानी का अप्रतिबंधित उपयोग करने की अनुमति है।

वहीं, पाकिस्तान को 'पश्चिमी नदियों'-सिंधु, झेलम और चिनाब से पानी प्राप्त करने की अनुमति दी गई है। अब, पाकिस्तान, जो कि निचले तटवर्ती देश है, क्योंकि नदियां नीचे की ओर बहती हैं, नुकसान में है। ऊपरी तटवर्ती क्षेत्र वह स्थान है जहां नदी का उद्गम होता है और निचला तटवर्ती क्षेत्र वह स्थान है जहां यह समाप्त होती है। इस प्रकार, चूंकि सिंधु, झेलम और चिनाब नदियां पाकिस्तान से नहीं निकलती हैं, इसलिए देश इस संधि पर बहुत अधिक निर्भर है, क्योंकि उसे इन नदियों से कुल जल प्रवाह का लगभग 80 प्रतिशत प्राप्त होता है। यह पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांतों में कृषि और सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण है। वास्तव में, पंजाब प्रांत देश के 85 प्रतिशत खाद्यान्न का उत्पादन करता है। इसके अलावा, कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के कारण, कृषि क्षेत्र पाकिस्तान के खजाने में लगभग 25 प्रतिशत का योगदान देता है तथा इसकी 70 प्रतिशत ग्रामीण आबादी की आय का एकमात्र स्रोत है।

पाकिस्तान पहले से ही भूजल की कमी का सामना कर रहा है और कराची जैसे शहर निजी जल टैंकरों पर निर्भर हैं, सिंधु नदियों से जल प्रवाह में किसी भी प्रकार की बाधा से फसल की पैदावार प्रभावित होगी, जिससे खाद्यान्न की कमी और आर्थिक अस्थिरता की संभावना पैदा होगी।

### पाक पर इसका असर तुरंत क्यों नहीं पड़ेगा?

हालांकि, इसका प्रभाव तुरंत महसूस नहीं किया जाएगा, क्योंकि संधि को स्थगित रखने के भारत के फैसले का मतलब यह नहीं है कि पाकिस्तान को मिलने वाला पानी तुरंत बंद हो जाएगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत के पास अभी सिंधु नदी से पाकिस्तान में पानी के बहाव को रोकने या उसे अपने इस्तेमाल के लिए मोड़ने के लिए बुनियादी ढांचा नहीं है। भारत जूयादा से ज्यादा पानी के बहाव को 5-10 प्रतिशत तक कम कर सकता है।

संधि भारत को सिंधु, झेलम और चेनाब पर जलाशय बांध बनाने से रोकती है। हालांकि, भारत जलविद्युत 'रन-ऑफ-द-रिवर' परियोजनाएं विक.सित कर सकता है। इसका मतलब है कि परियोजनाएं पानी के प्रवाह को बदल नहीं सकती हैं या इसे बाधित नहीं कर सकती हैं। संधि को निलंबित करने का मतलब है कि भारत इन प्रतिबंधों का पालन नहीं कर सकता है, और जल प्रवाह को रोकने के लिए जलाशय बांधों का निर्माण शुरू कर सकता है। हालांकि, इन नदियों पर बड़े जलाशयों का निर्माण करने में कई साल या एक दशक लग सकते हैं। पारिस्थितिकी प्रभाव को देखते हुए इस तरह की चीज को सफल बनाने के लिए व्यापक सर्वेक्षण और धन की आवश्यकता होगी। इस प्रकार, इस समय, भारत का कदम पाकिस्तान पर आतंकी समूहों पर लगाम लगाने और घुसपैठ को रो.कने के लिए दबाव बनाने की रणनीति है। एक्स पर एक उपयोगकर्ता ने स्थिति को पूरी तरह से अभिव्यक्त किया। यह कल पानी बंद करने के बारे में नहीं है। नल अभी भी खुला है। लेकिन इसके पीछे का संयम हटा दिया गया है कि उपयोगकर्ता ने ट्वीट किया।

# हंगामा है क्यों बरपा?



**रजनीश कपूर**



**हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा भारतीय न्यायपालिका, विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ की गई तीखी टिप्पणियों ने देश में एक नई संवैधानिक बहस को जन्म दिया है**

भारत के संविधान में न्यायपालिका और विधायिका को विशेष अधिकार और शक्तियां प्रदान की गई हैं, जो उनके बीच संतुलन और नियंत्रण बनाए रखने के ज़रूरी हैं। ये दोनों संस्थाएं संविधान के तहत अपने-अपने क्षेत्र में स्वतंत्र और समान रूप से कार्य करती हैं, लेकिन साथ ही एक-दूसरे की शक्तियों पर भी नियंत्रण रखती हैं। हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा भारतीय न्यायपालिका, विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ की गई तीखी टिप्पणियों ने देश में एक नई संवैधानिक बहस को जन्म दिया है। दुबे ने न्यायपालिका पर 'अराजकता' और 'धार्मिक युद्ध' भड़काने का आरोप लगाया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट अपनी संवैधानिक सीमाओं से आगे बढ़ रहा है, जिससे संसद और विधानसभाओं की भूमिका गौण हो गई है। दुबे की इन टिप्पणियों पर विपक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और अवमानना की कार्यवाही की मांग की है।

वहीं भाजपा ने खुद को इन टिप्पणियों से दूर कर लिया है। विपक्षी दलों की नज़र में मौजूदा विवाद एक सोची-समझी रणनीति के तहत जनता का ध्यान वक्फ़ विधेयक से उत्पन्न असहज परिस्थिति से भटकाने के लिए किया गया है। इस विवाद ने न्यायपालिका और विधायिका के बीच शक्तियों के संतुलन, संविधान में उनके अधिकारों और सीमाओं पर पुरानी बहस को फिर से प्रासंगिक बना दिया है।

भारतीय न्यायपालिका एक एकीकृत प्रणाली है, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय शीर्ष पर है, उसके नीचे उच्च न्यायालय और फिर जिला एवं सत्र न्यायालय आते हैं। सर्वोच्च न्यायालय संविधान का संरक्षक है और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का 'गारंटर' भी है। सर्वोच्च न्यायालय के पास मूल अधिकार क्षेत्र होता है, जिसमें वह केंद्र और राज्यों के बीच विवादों का निपटारा करता है। इसके अलावा, यह अपीलीय और सलाहकार अधिकार भी रखता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सर्वोच्च न्यायालय को मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए व्यापक अधिकार प्राप्त हैं। यह संविधान के सर्वोच्च कानून के रूप में पालन को सुनिश्चित करता है। यदि कार्यपालिका व विधायिका संविधान का उल्लंघन करते हैं तो उनके कार्यों को असंवैधानिक घोषित भी कर सकता है। न्यायपालिका विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों की समीक्षा करती है और अनुच्छेद 13 के तहत असंवैधानिक पाए गए कानूनों को अमान्य भी कर सकती है। यह विधायिका की शक्तियों पर एक महत्वपूर्ण नियंत्रण है।

न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है, लेकिन यह 'कॉलेजियम' प्रणाली के माध्यम से होती है, जो न्यायिक स्वतंत्रता को सुनिश्चित करती है। इसके अलावा, न्यायाधीशों पर महाभियोग लगाकर उन्हें हटाने का प्रावधान भी है, जिससे न्यायपालिका की जवाबदेही बनी रहती है। अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च न्यायालय 'पूर्ण न्याय' के लिए आदेश जारी कर सकता है, जिससे उसे कुछ कार्यकारी कार्यों को संचालित करने की अनुम.ति मिलती है, खासकर जब कार्यपालिका विफल होती है। वहीं विधायिका का मुख्य कार्य कानून बनाना है। यह संसद (लोकसभा और राज्यसभा) और राज्य विधानसभाओं के रूप में कार्य करती है। विधायिका के पास कानून बनाने, संशोधित करने और रद्द करने का अधिकार है। यदि न्यायपालिका किसी कानून को असंवैधानिक घोषित कर देती है, तो विधायिका उस कानून को संविधान के अनुरूप संशोधित कर पुन: वैध बना सकती है। विधायिका के सदस्यों को भाषण और मतदान की स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) के तहत प्राप्त है, जो उन्हें न्यायालयों के हस्तक्षेप से बचाता है। विधायिका के पास राष्ट्रपति या न्यायाधीशों के खिलाफ महाभियोग चलाने का अधिक.ार भी है, जो संवैधानिक उल्लंघनों के लिए एक नियंत्रण तंत्र है। विधायिका कार्यपालिका को सलाह देती है और उसके कार्यों की निगरानी करती है। कार्यपालिका के पास अध्यादेश जारी करने का अधिकार होता है, जिससे आपातकालीन स्थितियों में विधायिका को दरकिनार किया जा सकता है। भारतीय संविधान में स्पष्ट रूप से शक्ति विभाजन का उल्लेख नहीं है, लेकिन कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के बीच कार्यों का स्पष्ट विभाजन है। अनुच्छेद 50 के तहत न्यायपालिका को कार्यपालिका से अलग करने के लिए कदम उठाए गए हैं। अनुच्छेद 121 और 211 विधायिका को न्यायाधीशों के आचरण पर चर्चा करने से रोकते हैं, और अनुच्छेद 122 और 212 न्यायपालिका को विधायिका की कार्यवाही पर निर्णय लेने से रोकते हैं। इससे दोनों के बीच संतुलन बना रहता है। यदि विधायिका संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करती है, तो न्यायपालिका उसे निरस्त कर सकती है, जैसा कि 'केशवानंद भारती' मामले में स्थापित किया गया था। इस प्रकार न्यायपालिका संविधान की सर्वोच्चता सुनिश्चित करती है। संविधान के अनुसार न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में स्वतंत्रता के साथ कार्य करना चाहिए और एक-दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। यह संतुलन लो.कतंत्र के स्वस्थ संचालन के लिए आवश्यक है। सांसद निशिकांत दुबे की टिप्पणियां न्यायपालिका की भूमिका और शक्तियों को चुनौती देने वाली हैं जो भारतीय संविधान में शक्तियों के विभाजन और 'चेक्स एंड बैलेंस' की व्यवस्था पर ग़लत असर डालती हैं। यह सही है कि न्यायपालिका का कार्य केवल कानून की व्याख्या और संविधान की रक्षा करना है, न कि विधायिका की भूमिका का अतिक्रमण करना। पर मौजूदा विवाद में सर्वोच्च न्यायालय ने इस तरह कोई अतिक्रमण नहीं किया है। किसी भी नए क़ानून की व्याख्या करना और उसकी संवैधानिक स्वीकारिता को परखना अदालत का दायित्व है, जो उसने वक्फ़ क़ानून के मामले में या पहले भी अनेक बार किया है। इसलिए निशिकांत दुबे के बयान ने एक संवैधानिक संकट खड़ा कर दिया है।

# बूढ़ी स्किन को जवां बनाने के लिए ऐसे इस्तेमाल करें मेथीदाना

हर भारतीय किचन में तमाम तरह के मसाले मिल जाते हैं। खाना बनाने के दौरान मेथीदाने का भी इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन मेथीदाना का इस्तेमाल सिर्फ खाने तक ही सीमित नहीं है। बल्कि यह बालों और स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद मानी जाती है। बढ़ती उम्र के साथ ही हमारे चेहरे पर झुर्रियां आदि नजर आती हैं। ऐसे में आज मेथीदाने को अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बना सकती हैं। दरअसल, मेथीदाना में एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन और स्किन टाइटनिंग गुण पाए जाते हैं। यह आपकी त्वचा को यूथफुल, स्मूथ और ब्राइटन बनाए रखने में मदद करता है। मेथीदाना के इस्तेमाल से झुर्रियों से लेकर फाइन लाइन्स तक को कम करने में सहायता मिलती है। मेथीदाना को आप स्किन केयर के तौर पर कई तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं।

### सामग्री...

एक कप पानी
मुट्ठी भर मेथीदाना

### ऐसे बनाएं

सबसे पहले एक कप पानी में मुट्ठी भर मेथी के बीजों को करीब 10 मिनट तक उबालें।
फिर जब यह ठंडा हो जाए तो छान लें।
इस तरह से आपका टोनर बनकर तैयार हो गया है।
इसमें कॉटन पैड भिगोएं और हर रास इससे अपना चेहरा पोंछें।

### सामग्री...

मेथी पाउडर- 1 चम्मच
एलोवेरा जेल- 2 चम्मच

### ऐसे करें उपयोग

इसके लिए मेथी पाउडर को एलोवेरा जेल के साथ मिलाएं।
अब रात में सोने से पहले स्किन को साथ करें और इसकी हल्की लेयर लगाएं।
रात भर इसको लगा रहने दें और सुबह चेहरा धो लें।
मेथीदाना और गुलाब जल से बनाएं फेस मिस्ट
बता दें कि यह फेस मिस्ट न सिर्फ स्किन हाइड्रेशन का ख्याल रखता है। बल्कि स्किन को टाइटन भी करता है।

# MANY EDUCATIONAL INSTITUTIONS OF NAINITAL IN THE TOP 10 SCHOOLS IN THE COUNTRY

## एकोर्न स्कूल बना नन्हे मुन्ने बच्चों की पहली पसंद



कक्षा पांचवी तक अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर में नन्हे मुन्ने बच्चों की पहली पसंद बन गया है। स्कूल का वातावरण बच्चों को खूब भाता है। पढ़ाई का स्तर उच्च स्तरीय है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारारिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य आशा आर्या कहती हैं कि उनका जीवन बच्चों का भविष्य संवारने के लिए समर्पित है।


Acorn
By Oakwood School
English Medium Day Cum Residential School
Class Pre-Nursery to V
ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26
The best school in the town with loving and caring atmosphere

Visit:
HH Apartments, Belvdre Compound, Mallital, Nainital, Uttarakhand
Call to find out more:
+91- 8865928856, +91 9837066353
E-mail:
acornoakwood565@gmail.com



MOHAN LAL SAH BAL VIDYA MANDIR
SR. SECONDARY SCHOOL (Affiliated to CBSE) Delhi
Day-Cum-Boarding School with excellent boarding facilities for Girls

Admission Open for Nursery, LKG, UKG (Boys too) and Class V upwards (Girls Only).
All three streams are available for Class XI (Science, Commerce & Humanities).
Well known for academic excellence and all round development.
For further details please log on to website.
www.mlsbalvidyamandir.com
ADMISSION OPEN 2025-26
Peter's Field, Mallital, Nainital
Phone No. 05942-236189
STRIVE FOR EXCELLENCE

PRINCIPAL
MANAGER



## प्रगति के पथ पर मदर हार्ट स्कूल



नगर के प्रमुख पब्लिक स्कूलों में सुमार मदर हार्ट पब्लिक स्कूल निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय पूर्णरूप से शिक्षा के मापदंडों के साथ बच्चों के चहुमुखी विकास करते आ रहा है। अनुभवी शिक्षकों द्वारा पठन पाठन कार्य संचालित किया जाता है। साथ ही बच्चों की प्रतिभाओं को उभारने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसके चलते यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नगमा परवेज कहती हैं कि उनका जीवन शिक्षा के प्रति समर्पित है। जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।


THE MOTHSER'S HEART SCHOOL
NAINITAL
GOVERNMENT RECOGNISED
A Co-ed English Medium Day/ Residential School
• A reputed school from nursery to V
• Teaching with audio visul play way method
• Preparing children for prestigious Schools in Nainital
• Excellent result since 1999.
Provides day boarding facility also
Shanti Niketan, Near Rikshaw Stand, Mallital, Nainital
Ph.: 9837347989, E-mail: themothersheart123@gamil.com


## छात्राओं के लिये खोले लौंगव्यू पब्लिक स्कूल ने द्वार



लौंगव्यू पब्लिक स्कूल वर्तमान में छात्रों के साथ छात्राओं को भी उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान कर रहा है। निःसंदेह इस स्कूल ने अल्प समय में सफलता की सीढ़ियां तय कर शिक्षा की दिशा में नवीन आयाम स्थापित करने का सफल प्रयास किया है। जिसका प्रतिफल है कि विद्यालय में दी जा रही उत्कृष्ठ शिक्षा व कुशल संचालन को लेकर देश की कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। जिसके परिणामस्वरूप यह विद्यालय नगर व राज्य में अपना प्रमुख स्थान हासिल करने में कामयाब हुआ है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित लौंगव्यू पब्लिक स्कूल दसवीं कक्षा तक विद्यालय का संचालन कर रहा है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के साथ भावी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए पठन पाठन कार्य किया जाता है। प्रधानाचार्य बीसी त्रिपाठी कहते हैं कि वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। जिसका लाभ विद्यार्थियों को मिलता है। जिसके बल पर विद्यालय प्रगति की ओर निरन्तर अग्रसर है।

# वैश्विक स्तर की शिक्षा दे रहा नैनीताल

समय के साथ शैक्षणिक परिवेश में वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक बदलाव पिछले कुछ वर्षों में देखने को मिला है। जिसमें सबसे बड़ी भूमिका इंटरनेट की रही है। नैनीताल के शिक्षण संस्थानों (स्कूलों) की बात की जाय तो वह पहले भी वैश्विक स्तर की थी और वर्तमान में भी देश में सर्वोपरि स्थान रखते हैं।


इसका उदाहरण आवासीय विद्यालय हैं, जहां शायद ही देश का कोई प्रान्त हो और विद्यार्थी यहां शिक्षा ग्रहण न कर रहा हो। इसके अलावा विदेशों के भी विद्यार्थी इन स्कूलों में अध्ययनरत हैं। नैनीताल की उत्कृष्ट शिक्षा का यह प्रत्यक्ष प्रमाण है। सर्वविदित है, नैनीताल का स्कूलों का अतीत डेढ़ सौ से भी अधिक वर्ष पुराना है। इन वर्षों में यहां के कई स्कूलों की रैंकिंग राष्ट्रीय स्तर पर टॉप टेन में सामिल रही है, जो वर्तमान में भी बरकरार है। यहां शिक्षा का पैर्टन अंतराष्ट्रीय स्तर का है, देश में चुनिंदा विद्यालय हैं, जो अंतराष्ट्रीय स्तर पर संचालित होते हों। यही वजह है कि यहां से शिक्षित विद्यार्थी हजारों की संख्या में दुनिया के देशों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अपना व अपने परिवार के अलावा विद्यालय व नैनीताल का नाम रोशन कर रहे हैं। आईसीएसई व सीबीएसई समेत कई अन्य बोर्ड से सम्बद्ध नगर के कई अन्य विद्यालय बच्चों का भविष्य संवार रहे हैं। अधिकांश विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित किए जाते हैं और आवासीय विद्यालयों का रहन–सहन उच्च कोटि का है, जबकि शैक्षणिक वातावरण दुनिया के सीमित क्षेत्रों में अपनी जगह बनाता है। यही वजह है, दुनिया के अनेक देशों के विद्यार्थी स्कूलिंग के लिए नैनीताल को प्राथमिकता देते हैं। इस नगर से शिक्षा प्राप्त कर देश विदेश में दौलत व शौहरत हासिल करने वाले सख्शियतों की लंबी फेहरिश्त है, जिनका जिक्र इस आलेख में संभव नही है। सिने जगत में विख्यात दर्जनों नामी अभिनेताओं ने नैनीताल से शिक्षा हासिल की है, जबकि सेना के तीनों अंगों में सेवा देने वाले अधिकारियों के दर्जनों विख्यात नाम हैं। आईएएस व पीसीएस अधिकारियों में अपना नाम सुमार करने वालों की बड़ी संख्या है।

राजनैतिक , सामाजिक व व्यापार समेत कई अन्य वर्गों में नाम कमाने वाले अनेकों व्यक्तित्व इसी नगर की देन हैं। यही वजह है कि इस नगर को गुरुकुल के नाम से जोड़ा जाता है।

**अफजल हुसैन फौजी**

### नगर व प्रमुख शिक्षण संस्थान

शेरवुड कॉलेज, ऑल सेंटस कॉलेज, सेंट मेरी कॉलेज, सेंट जोजफ कॉलेज, बिड़ला विद्या मंदिर, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर, लौंगव्यु पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल, सनवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डॉन बास्को गर्ल्स व बॉयस पब्लिक स्कूल, पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार, नैंसी कान्वेंट, सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, पाइन क्रस्ट एलिमेंटरी स्कूल, वृंदावन पब्लिक स्कूल, सेंट जॉन्स स्कूल, रामा मोंटेसरी, एकोर्न पब्लिक स्कूल, वसंत वैली पब्लिक स्कूल, मदर्स हार्ट, अमेरिकन किड्स, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, चेतराम साह ठुलघरिया, राजकीय इंटर कॉलेज, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर व एसडेल कॉलेज के नाम शामिल हैं।




## शेरवुड कालेज की देश में अलग पहचान



शेरवुड कालेज शिक्षा के क्षेत्र में नाम देश के नामचिन विद्यालयों में शामिल है। यह विद्यालय बच्चों का भविष्य संवारता हुआ आ रहा है। विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है जिसमें बच्चों के भोजन व रहने तथा अन्य समस्त सुविधायें विद्यालय में मौजूद है।

पठन–पाठन कार्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा किया जाता है। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह सभी सुविधायें विद्यालय में मौजूद है जो वर्तमान में जरूरत के हिसाब से आवश्यक होती है। अंग्रेजी माध्यम से यह विद्यालय कक्षा 3 से लेकर कक्षा 12वीं तक संचालित किया जाता है। वर्तमान में प्रधनाचार्य अमनदीप संधू विद्यालय का संचालन कर रहे है। वह कहते हैं कि विद्यालय का गौरव बनाये रखने का प्रयास रहेगा।


Estd. 1869
SHERWOOD COLLEGE
NAINITAL
Co-ed from Class 3 to 12

Affiliated to CISCE, New Delhi & IGCSE, AS & A Level Cambridge London U.K.
Amandeep Sandhu
Principal
Mob.: 9456316655, Ph.: 05942-236361
E-mail: adimissions@sherwood.edu.in, Web.: www.sherwood.edu.in


## छात्राओं का भविष्य संवार रहा एमएल साह बाल विद्या मंदिर



अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर के विद्यालयों में खास स्थान रखता है। देश के विभिन्न प्रांतों की छात्राएं इस विद्यालय में शिक्षारत हैं। यह विद्यालय आवासीय के साथ दिवसीय है, जो शिक्षा के तमाम मापदंडों की पूर्ति करता है और कई दशकों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व निभा रहा है। हजारों छात्राए इस विद्यालय से अध्ययन कर अपना भविष्य संवार चुकी है। यह विद्यालय तमाम सुख सुविधाओं से सुसज्जित है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारारिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट देता आ रहा है। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य अनुपमा साह कहती हैं कि यह विद्यालय भविष्य में भी अपना दायित्व बखूबी निभाता रहेगा। प्रबंधक विनय साह के निर्देशन में विद्यालय निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है।


BIRLA VIDYA MANDIR, NAINITAL
(Sarala Birla Group of Schools) (Estd. 1947)
A Fully Residential English Medium Public School for Boys
Ranked amongst Top - 10 Boys Boarding Schools in India, as per Education World 2024 ranking
Website: birlavidvamandir.com
Phone: 05942 - 238993, 238729, +91 9410338207
Key Features:
- A legacy boarding school campus, founded in 1870.
- 70-acre campus with the greenest environs amongst Indian boarding schools.
- The only school in Nainital with a central heating facility.
- Distinguished old boys include Jim Corbett (Oak Openings High School), Anil Sadgopal (Jamnalal Bajaj awardee), Lt. General J. S. Ahluwalia (PVSM), Dr. Anand Mishra (Professor & Head, Endocrine Surgery, KGMU, Lucknow) and Danny Denzongpa.
- Excellent Board results over the decades, backed by a learning environment which is augmented by an experienced faculty, modern teaching pedagogy, personalised care and well-equipped science, robotics and IT labs.
- A judicious mix of co-scholastic activities through a variety of clubs, societies and hobby centres. Hosts Annual National Inter-School Literary and Sports Conclave, with a wide participation of schools.
Distinguished Knowledge Affiliates





## देश के अग्रणी स्कूलों में सुमार बिड़ला विद्या मंदिर




देश में बिड़ला विद्या मंदिर अग्रणी पब्लिक स्कूलों में अपना अलग नाम व मुकाम हासिल किया है। जिसके फलस्वरूप यह विद्यालय अपना एक अलग स्थान कायम किए हुए है। सीबीएसई से संबंद्ध यह विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के सर्वाधिक ऊंचाई वाले नैसर्गिक वातावरण में स्थित है। बिड़ला विद्या मंदिर देश के अग्रणी सीबीएसई बोर्ड विद्यालयों में शामिल है। यह विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल शर्मा के कुशल नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। देश–विदेश के कई हिस्सों से सैकड़ों की संख्या में छात्र वर्तमान में अध्ययनरत हैं। श्री शर्मा कहते हैं कि वर्तमान परिवेश को ध्यान में रखकर बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने के साथ उन्हें एक अच्छा इंसान बनाने का प्रयास रहता है। जिसे ध्यान में रखकर विद्यालय में अनिवार्य विषयों के अलावा तमाम प्रतिस्पधाओं में भी छात्रों को निपूर्ण बनाया जाता है। विद्यालय का इतिहास है कि बोर्ड परिक्षाफल शत–प्रतिशत रहा है। जिसे भविष्य में भी कायम रखा जायेगा।

## नगर का अग्रणी स्कूल सनवाल



उत्कृष्ट शिक्षा व कुशल प्रबंधन के चलते यह विद्यालय कक्षा 12वीं तक जा पहुचा है। वर्ष 1952 में सनवाल स्कूल की स्थापना एंजेलिना ग्रेस सनवाल द्वारा की गई थी। लिहाजा सनवाल स्कूल अपने उद्देश्य की पूर्ति करता हुआ 73 साल का सफर तय करने में न केवल कामयाब हुआ है, बल्कि हजारों बच्चों का भविष्य संवारने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। सीबीएससी बोर्ड से संबद्ध सनवाल स्कूल अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में प्रबंध निदेशक गौरव सनवाल विद्यालय का कुशल प्रबंधन का दायित्व निभा रहे हैं, जबकि ए इमेन्युअल प्रधानाचार्य के पद पर बेहतर शिक्षण कार्य रही हैं। वह कहती हैं कि विद्यालय को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आधुनिक शिक्षा के साथ बच्चों का भविष्य संवारने हेतु दायित्व निभा रही हैं।


SANWAL SCHOOL
(A Senior Secondary Co-Education School)
Affiliated to CBSE, New Delhi
ADMISSION OPEN For Session 2025-26
From 1 to 9 & 11 And KINDERGARTEN


Gaurav Sanwal
Managing Director
A. Emmanuel
Principal
Offered Streams For Class 11&12: • Science • Commerce
Contact Us: E-mail: sanwal_school@rediffmail.com, Ph.No.: 05942-235747 Mob.: 7579207575
Address: MALLITAL, NAINITAL-263001 UTTARAKHAND